* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 279


बैडमिंटन खेलते दिखे लालू यादव, तेजस्वी यादव ने वीडियो शेयर कर लिखा- डरना नहीं सीखा, झुकना नहीं सीखा..लड़ा है... लड़ेंगे








# रतन टाटा को मिलेगा महाराष्ट्र का पहला 'उद्योग रत्न' पुरस्कार

- बिजनेस, एजुकेशन जैसे क्षेत्रों में योगदान देनेवाले युवा भी सम्मानित होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन टाटा को पहला 'उद्योग रत्न' पुरस्कार देने का फैसला किया है। इसकी जानकारी राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने दी। सामंत ने राज्य विधानसभा में सत्र के दौरान बताया कि युवा उद्यमी, महिला उद्यमी और मराठी उद्यमी के लिए भी ये पुरस्कार दिये जायेंगे।

सामंत ने कहा कि महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार की तरह विशिष्ट व्यक्तियों को दिये जाने वाले इस सम्मान को रतन टाटा को देने का फैसला एक बैठक लिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उद्योग मंत्री शामिल थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र उद्योग रत्न पुरस्कारों का उद्देश्य उन व्यक्तियों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देना है, जिन्होंने महाराष्ट्र में व्यवसाय, उद्योग, शिक्षा, रियल एस्टेट, पर्यटन, वित्तीय सेवाओं, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि, बैंकिंग, खाद्य सामग्री और स्वास्थ्य क्षेत्र में जबरदस्त योगदान दिया है।

**पद्म विभूषण और पद्म भूषण से हो चुके सम्मानित :** रतन टाटा को कई अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें भारत के दो सबसे बड़े नागरिक पुरस्कारों, 2008 में पद्म विभूषण और 2000 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया है। हाल ही में रतन टाटा को ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' से सम्मानित किया गया था।

### रतन टाटा को मिले पुरस्कार

- पद्म विभूषण-2008
- पद्म भूषण-2000
- सीएनएएन-आइबीएन इंडियन ऑफ द इयर इन बिजनेस- 2006
- आइएसीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड - 2020
- असम का सर्वोच्च सम्मान - 2022
- ऑस्ट्रेलिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान - 2023



## मुहर्रम के जुलूस के दौरान 11 हजार वोल्ट के तार से झुलसे 11 युवक

**गोपालगंज (आजाद सिपाही)।** गोपालगंज में शुक्रवार सुबह नौ बजे मुहर्रम के जुलूस के दौरान हाइटेंशन वायर के संपर्क में आने से 11 युवक झुलस गये। सभी को गोपालगंज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। वहां से सात युवकों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया, जबकि चार अभी भी सदर अस्पताल में भर्ती हैं। घटना धर्मचक और हरपुर गांव के बीच की है। घायलों में जियाउल अली, नौशाद अली, अल्ताफ मियां, आशिक अली, इकबाल अली, मेंहदी आलम, सैफ अली, सुहैल अली, लक्की अली, तौकीर अली और एक अन्य शामिल हैं।

## न्यूज रील्स

### 'सेमीकॉन इंडिया इवेंट' का पीएम नरेंद्र मोदी ने इनॉगरेशन किया

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के गांधीनगर में सेमीकॉन इंडिया इवेंट का इनॉगरेशन किया। मोदी ने कहा कि पिछले साल सेमीकॉन इंडिया के पहले एडिशन में सवाल पूछा जा रहा था 'वाय इन्वेस्ट'। अब सवाल बदल गया है। कहा जा रहा है 'वाय नॉट इन्वेस्ट'। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत का शेयर बढ़ चुका है।

### विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव पर तुरंत चर्चा के लिए अड़ा

नयी दिल्ली। लोकसभा और राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे को लेकर गतिरोध जारी है। मानसून सत्र के सातवें दिन शुक्रवार को भी दोनों सदनों में जम कर हंगामा हुआ। लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही नारेबाजी शुरू हो गयी। विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने अविश्वास प्रस्ताव पर तुरंत चर्चा की मांग की। हंगामे के बीच सरकार ने माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) अमेंडमेंट बिल सदन से पास करा लिया।

### बिहार में बच्ची की गैंगरेप के बाद हत्या

बेगूसराय। बेगूसराय में 10 साल की बच्ची का शव पड़ोसी के बेसमेंट से मिला है। शव को 10 फीट गड्ढा खोद कर दफनाया गया था। परिवार का आरोप है कि बच्ची के साथ गैंगरेप किया गया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही रेप की पुष्टि की जा सकती है। बच्ची 24 जुलाई से गायब थी। घटना से गुस्साये लोगों ने आरोपी के घर में आग लगा दी और तोड़फोड़ की है।

### इंडिगो पर 30 लाख रुपये का लगा जुर्माना

नयी दिल्ली। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने शुक्रवार को इंडिगो पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। एयरलाइन पर यह जुर्माना उन गलतियों के लिए लगाया गया है, जिसके कारण छह महीने के भीतर उसके एयरबस ए321 विमान 4 टेल स्ट्राइक के शिकार हुए। डीजीसीएचीफ विक्रम देव दत्त ने स्पेशल ऑडिट का आदेश दिया था। स्पेशल ऑडिट में एयरलाइन के ऑपरेशन, ट्रेनिंग, इंजीनियरिंग आदि को खंगाला गया। इसमें कमियां सामने आयीं।

## मुख्यमंत्री 74वें वन महोत्सव में हुए शामिल

# राज्य में पर्यावरण संरक्षण पर गंभीरता से हो रहा काम: हेमंत

- हाथी विचरण निगरानी प्रणाली ऐप, वन विभाग की वेबसाइट, राष्ट्रीय ट्रांजिट पास प्रणाली का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन वर्तमान समय में महत्वपूर्ण विषय है। राज्य सरकार पर्यावरण और प्रकृति के संतुलन को बनाये रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग इस निमित्त कई नयी कड़ियों को जोड़ने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को नामकुम के ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित '74वें वन महोत्सव' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मोबाइल एप्लीकेशन आधारित हाथी विचरण निगरानी प्रणाली ऐप, वन विभागीय वेबसाइट, राष्ट्रीय ट्रांजिट पास प्रणाली का उद्घाटन तथा जलवायु परिवर्तन अनुकूलन से संबंधित बुकलेट का विमोचन किया।

**क्लाइमेट चेंज को लेकर पूरी दुनिया चिंतित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि क्लाइमेट चेंज को लेकर पूरी दुनिया चिंतित है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों में भागीदारी का संदेश नयी पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। झारखंड नाम से ही यह समझ सकते हैं कि हमारा राज्य जंगल-झाड़ से भरा प्रदेश है। झारखंड प्रदेश देश में सबसे अलग और कहा जाये कि बहुत ही महत्वपूर्ण राज्यों में से एक है। इस राज्य को जल, जंगल, जमीन के लिए जाना जाता है, क्योंकि यहां के आदिवासी-मूलवासी जल, जंगल, जमीन से ही प्रेम करते हैं।

**पूर्वजों ने जंगल को जीवन का अभिन्न अंग समझा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भौतिकवादी युग में कई ऐसी विकास की कड़ियां जुड़ रही हैं, जो मानव जीवन और सभ्यता के लिए चुनौती बन रहा है। पूरे विश्व में क्लाइमेट चेंज को लेकर आज चिंतन और मंथन किया जा रहा है। आज वृक्षों को, जंगलों को कैसे बचाया जाये, इस पर सरकार के साथ-साथ कई संस्थाएं काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हमारे पूर्वज क्लाइमेट चेंज पर चर्चा नहीं करते थे। वे वृक्ष बचाने की मुहिम नहीं चलाते थे। हमारे पूर्वज बहुत ज्यादा पढ़े-लिखे भी नहीं हुआ करते थे, लेकिन उन्होंने पूरी शिद्दत और ईमानदारी के साथ जंगल को जीवन का अभिन्न अंग समझा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गतिशील मानव को ऐसी जगह खड़ा होना पड़ा, जहां मानव जीवन पर्यावरण संरक्षण के लिए जूझ रहा है।

**खनिज संपदा का लाभ नहीं मिला :** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड प्रदेश को देश के अन्य राज्यों के लोग खनिज संपदा के लिए प्रेम करते हैं। प्रकृति ने देश की 40 प्रतिशत खनिज संपदा से इस राज्य को नवाजा है। इस राज्य में लगभग सभी खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में पायी जाती है। यहां तक कि परमाणु ऊर्जा बनाने वाला खनिज भी इस राज्य में मौजूद है, परंतु विडंबना है कि इन खनिज संपदाओं का लाभ राज्यवासियों को आज तक नहीं मिल पाया, बल्कि यहां के लोगों को विस्थापन का दर्द जरूर मिला है।

**सरकार वृक्षों के संरक्षण के लिए कृतसंकल्पित :** हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार वृक्षों के संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। इस वर्ष राज्य में दो करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में 50 हजार एकड़ भूमि पर बिरसा हरित ग्राम योजना चलायी जा रही है। मुख्यमंत्री वनधन योजना के तहत पेड़ लगाने पर 75 फीसदी अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का विचरण समय-समय पर होता है, क्योंकि जानवर भी गतिशील प्राणी होते हैं। हाथी का भी संरक्षण और मानव जीवन का भी संरक्षण हम सभी की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों द्वारा घरों को क्षतिग्रस्त किया जाता है, नुकसान पहुंचाये गये घरों की क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा राशि में भी वृद्धि की गयी है। आम लोगों के भागीदारी से ही हाथियों को भी संरक्षित करने में सफलता मिल सकेगी।



### रांची पहले समर कैपिटल के रूप में जाना जाता था

मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची कभी समर कैपिटल के रूप में जाना जाता था। एकीकृत बिहार के समय गर्मी के महीनों में रांची में ही विधानसभा सत्र का आयोजन किया जाता था। रांची के इर्द-गिर्द क्षेत्रों में आज भी सर्दी के महीनों में बर्फ जमती है। रांची के आसपास कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां वे पेड़ मिलते हैं, जो बर्फीले पहाड़ों में पाये जाते हैं। इस प्रदेश में एक समय था, जब चाय के बागान हुआ करते थे, लेकिन ये सभी चीजें धीरे-धीरे लुप्त होती गयीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्या ऊपर से नहीं आयी, बल्कि हमने खुद से समस्याओं को खड़ा किया है। इन समस्याओं का समाधान हमें स्वयं ढूंढ़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति को इस बात के लिए संकल्पित होना होगा कि आज किसी भी कीमत पर अपने घर-आंगन को हरा-भरा, राज्य को हरा-भरा रखने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि आज वन महोत्सव के दिन आप सभी लोग एक-एक पेड़ जरूर लगायें और उस पेड़ को जरूर बचायें।

# इरफान, कोंगाड़ी और कच्छप का पार्टी से निलंबन वापस

- कांग्रेस ने तीनों विधायकों को कैश कांड के बाद किया था निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप का पार्टी से निलंबन वापस हो गया। कांग्रेस ने बीते साल कैश कांड के बाद तीनों विधायकों को पार्टी से निलंबित कर दिया था। विधानसभा परिसर में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने तीनों विधायकों के निलंबन वापसी का एलान किया।

राजेश ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल्लकार्जुन खड़गे ने तीनों विधायकों को निलंबन मुक्त करने की सहमति प्रदान की है। तत्काल प्रभाव से तीनों का निलंबन वापस लिया जा रहा है। इस मामले में जब मीडिया ने पूछा कि आप लोगों ने थाने में एफआइआर दर्ज करायी थी, उन्होंने कहा कि एफआइआर का मतलब जो पहली सूचना मिली थी, उस आधार पर कार्रवाई हुई थी। इन्होंने सार्वजनिक रूप से और पार्टी के सामने अपनी बात रखी है। अब पार्टी ने निलंबन मुक्त करने का फैसला लिया है।

गौरतलब है कि कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप बीते साल जुलाई में पश्चिम बंगाल में 49 लाख कैश के साथ पकड़े गये थे। इस मामले में विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में भी जीरो एफआइआर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। घटना के बाद कांग्रेस ने 31 जुलाई 2022 को तीनों विधायकों को पार्टी से निलंबित कर दिया था। इसके बाद तीनों निलंबन वापसी को लेकर प्रयासरत थे। इस वर्ष तीनों विधायक तीन अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से दिल्ली में मिले थे। विधायक डॉ इरफान अंसारी ने केसी वेणुगोपाल को पूरे मामले से अवगत कराया था। इसके बाद से ही संकेत मिल रहे थे कि तीनों का निलंबन वापस होगा। उधर, फिलहाल पुलिस कैश कांड मामले की जांच कर रही है। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने भी मामले को अपने हाथ में लिया है। तीनों विधायकों इरफान, कोंगाड़ी और कच्छप के अलावा अनूप सिंह से इडी इस मामले में पूछताछ कर चुकी है।

# पलामू : विदाई समारोह में डीसी ए डोड्डे ने अनुसेवक के पैर छुए

- डोड्डे ने कहा कि मेरे पिता भी थे प्यून
- नये डीसी शशि रंजन ने पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** पलामू डीसी ए डोड्डे का पिछले दिनों तबादला किया गया। नये डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उपायुक्त कार्यालय में नये डीसी के स्वागत और पुराने डीसी की विदाई पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान एक चौंकाने वाला वाकया सामने आया। विदाई समारोह में आइएएस अधिकारी ए डोड्डे ने अपने कार्यालय में कार्यरत अनुसेवक नंदलाल प्रसाद का पैर छू लिया। यह वाकया सभी को अचंभित कर गया। साथ ही लोगों को भावुक भी कर गया।



**अनुसेवकों को किया सम्मानित :** डोड्डे ने समारोह में कार्यालय में कार्यरत तीनों अनुसेवकों को सम्मानित किया। इसी क्रम में उन्होंने अनुसेवक नंदलाल प्रसाद का पैर छुआ। डोड्डे ने बताया कि उनके पिता भी अनुसेवक थे। उनके आशीर्वाद से ही वह यहां तक पहुंचे हैं। नंदलाल से उन्होंने आशीर्वाद लिया।

**योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचायेंगे :** पलामू के नये डीसी शशि रंजन ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की योजना का लाभ जनता को दिलाने के लिए जिला में कार्य जारी रहेगा। गरीबों के कल्याण को लेकर तत्पर रहेंगे।

# रांची में 50 जमीन कारोबारियों को थाना लाया गया, बांड भरवा कर छोड़ा गया

- जिले के 17 थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई कार्रवाई, जांच के लिए मोबाइल जब्त, शपथ पत्र में पूरी जानकारी दर्ज करायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के 17 थाना क्षेत्र के 50 जमीन कारोबारियों से पूछताछ की गयी है। रांची जोनल आइजी पंकज कंबोज के निर्देश पर गुरुवार की आधी रात यह अभियान शुरू हुआ। इस अभियान के दौरान 50 जमीन कारोबारियों को उठा कर थाने लाया गया।

रांची के 17 थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई इस कार्रवाई से जमीन कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। थाना लाये गये सभी जमीन कारोबारियों पर उनके थाना क्षेत्रों में 3 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना लाये गये अधिकांश जमीन कारोबारी जमानत पर हैं। छापेमारी में कुछ वारंटी जमीन माफिया भी पकड़े गये हैं, जिन्हें पुलिस ने जेल भेज दिया है।

**किन थानों से कितने भू माफियाओं को लाया गया थाना :** रांची के एयरपोर्ट थाने से 05, पुंदाग से 05, बीआइटी मेसरा से 01, पंडरा से 04, तुपुदाना से 03, कांके से 03, टाटीसिलवे से 05, खलारी से 05, नगड़ी से 03, ओरमांझी से 03, रातू से 03, जगन्नाथपुर से 04 और मांडर-चान्हो से 04 जमीन कारोबारियों को थाने लाया गया।

### जमीन कारोबारियों ने दो गवाहों के साथ हस्ताक्षर किये

रांची पुलिस द्वारा तैयार किये गये शपथ पत्र पर सभी जमीन कारोबारियों ने दो गवाहों के साथ हस्ताक्षर किये। शपथ पत्र में जमीन कारोबारियों का नाम, पिता का नाम, एड्रेस, सभी परिवार वालों के मोबाइल नंबर, पैन नंबर, आधार नंबर, सभी परिवार वालों के अकाउंट नंबर, पूरे परिवार और रिश्तेदारों की चल- अचल संपत्ति का ब्योरा, इनकम टैक्स फाइल करने की स्थिति, अगर शहर या शहर से बाहर उनकी कोई कंपनी है, तो उसकी जानकारी भरवायी गयी। पुलिस द्वारा थाने लाये गये सभी जमीन कारोबारियों के मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। टेक्निकल सेल की जांच के बाद ही उन्हें मोबाइल वापस किया जायेगा।


ॐ

## शोक संदेश

यदा सत्ये प्रबुद्धे तु प्रलयं याति देहमृत्।
तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते।।

आपका स्नेहिल सरल व्यवहार, अथक परिश्रम, धार्मिक-रचनात्मक प्रवृत्ति अपनी जिम्मेदारियां निःस्वार्थ भावों से जीवन मूल्यों एवं जिंदा दिल व्यक्तित्व हमें हमेशा प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।



स्व. श्रीमती राजकुमारी शारदा

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है कि हमारी माताजी का स्वर्गवास दिनांक 26.07.2023 को हो गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दिनांक 30.07.2023 (रविवार) को बैठक रखी गयी है।

समय : प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक । स्थान : शारदा ग्लोबल स्कूल, बुकरू, रांची

द्वादश एवं टीका रस्म
दिनांक : 6.08.2023 (रविवार)
निवास स्थान : बड़ा जामदा पश्चिम सिंहभूम (झारखंड)

शोकाकुल
संजय कुमार शारदा
एवं समस्त शारदा परिवार






# राजस्थान में गहलोत सरकार के लिए मुसीबत बन गयी है 'लाल डायरी'

## ■ राजेंद्र गुढ़ा के आरोपों से बदलने लगी है राजस्थान की सियासी हवा

## ■ 'लाल डायरी' के पन्नों के चक्रव्यूह में लगातार घिरती जा रही है कांग्रेस

## ■ पीएम मोदी ने भी यह मामला उठा कर सियासी हलचल पैदा कर दी है

**आजाद सिपाही विशेष**

राजस्थान की सियासत में पिछले कुछ दिनों से अचानक एक उफान सा आ गया है। सीएम अशोक गहलोत ने अपनी पार्टी के भीतर सचिन पायलट की चुनौती को भले ही खत्म कर दिया, लेकिन इस नये उफान ने उनके राजनीतिक भविष्य पर ही सवालिया निशान लगा दिया है। यह सियासी उफान पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की 'लाल डायरी' के कारण पैदा हुआ है और राजनीति इस कारण से गरमायी हुई है। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा करनेवाले राजेंद्र गुढ़ा की बर्खास्तगी के बाद गहलोत अपनी राह को निष्कंटक मान रहे थे, लेकिन अब उसी पूर्व मंत्री ने एक 'लाल डायरी' का जिक्र करते हुए दावा किया है कि उन्होंने कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौर के खिलाफ इडी और आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'लाल डायरी' को सुरक्षित रखा था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कहने पर उन्होंने डायरी सुरक्षित रख ली थी, लेकिन उस डायरी में क्या है, इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने सीएम गहलोत से पूछा है कि आखिर उस डायरी में क्या है। गुढ़ा के आरोप के बाद सीएम गहलोत और कांग्रेस पार्टी भले ही सफाई दे रही है, लेकिन हर सफाई के साथ 'लाल डायरी' का फंदा कसता जा रहा है। अब तो एक सर्वेक्षण से संकेत मिल रहा है कि इस मामले के कारण राजस्थान की सियासी हवा का रुख बदलने लगा है। कांग्रेस भले ही इस मुद्दे से पीछा छुड़ाने की जुगत कर रही है, पीएम मोदी ने यह मुद्दा उठा कर भाजपा को नया हथियार मुहैया करा दिया है। क्या है 'लाल डायरी' की कहानी और इसका राजनीतिक असर क्या होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है और वहां की सियासी गतिविधियां स्वाभाविक रूप से तेज हैं। पिछले कुछ दिनों से राज्य की राजनीति में राजेंद्र गुढ़ा और 'लाल डायरी' जैसे मुद्दों ने ऐसा तेजाब डाला है कि पूरा माहौल उबल पड़ा है। अब तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा ने इस चुनावी राज्य में सियासी हलचल तेज कर दी है। पीएम मोदी ने सार्वजनिक मंच से कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार और विपक्ष के गठबंधन पर जम कर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने एक 'लाल डायरी' का जिक्र किया। कहा जा रहा है कि इस बार का राजस्थान विधानसभा चुनाव इस 'लाल डायरी' के इर्द-गिर्द ही घूमने वाला है।

### 'लाल डायरी' पर पीएम मोदी ने क्या कहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर सिर्फ लूट की दुकान चलायी है और झूठ का बाजार चलाया है। झूठ की दुकान का सबसे ताजा प्रोडक्ट है, राजस्थान की 'लाल डायरी'। कहते हैं इस 'लाल डायरी' में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। लोग कह रहे हैं कि 'लाल डायरी' के पन्ने खुले, तो अच्छे-अच्छे निपट जायेंगे। कांग्रेस के बड़े से बड़े नेताओं की इस 'लाल डायरी' का नाम सुनते ही बोलती बंद हो रही है। ये लोग भले ही मुंह पर ताला लगा लें, लेकिन ये 'लाल डायरी' इस चुनाव में कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही है।

### कहां से आया लाल डायरी का जिक्र

पिछले शुक्रवार को राजस्थान सरकार के मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने विधानसभा में अपनी ही सरकार को घेरना शुरू कर दिया। राजस्थान में न्यूनतम आय गारंटी विधेयक 2023 पर चर्चा हो रही थी। इस बीच कांग्रेस के विधायक भाजपा पर निशाना साधते हुए मणिपुर हिंसा की तख्तियां लहराने लगे। मंत्री राजेंद्र गुढ़ा भी सदन में मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने अपनी ही सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि हम महिलाओं की सुरक्षा में असफल हो गये और राजस्थान में जिस तरह से महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं, ऐसे में हमें मणिपुर की बजाय अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

गुढ़ा के तीखे हमलों से राजस्थान कांग्रेस की सरकार असहज हो गयी। आनन-फानन में अशोक गहलोत ने गुढ़ा को मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया। मंत्री पद से हटाये जाने के बाद गुढ़ा रोते हुए मीडिया के सामने आये। उन्होंने कहा कि उन्हें सच बोलने की सजा मिली है। महिलाओं के खिलाफ अपराध में राजस्थान नंबर वन है। मैंने क्या गलत कहा? जनता मेरे साथ रहेगी और मैं उनके लिए काम करता रहूंगा। चाहे वह (अशोक गहलोत) मुझे कैबिनेट से हटायें या जेल भेज दें। मैं जब तक जिंदा रहूंगा, बोलता रहूंगा। मैं अशोक गहलोत से इस मुद्दे पर कुछ कहना चाहता था। राज्य में पुलिस भ्रष्ट है। वह लोगों से रिश्वत लेने में व्यस्त है। इसके बाद सोमवार को जब फिर विधानसभा में राजेंद्र गुढ़ा पहुंचे, तो जम कर हंगामा हुआ। पहले उन्हें विधानसभा में घुसने नहीं दिया गया। बाद में किसी तरह अंदर पहुंचे, तो स्पीकर के सामने उन्होंने लाल रंग की एक डायरी लहरानी शुरू कर दी। इसके बाद स्पीकर सीपी जोशी ने मार्शलों को बुला कर उन्हें बाहर करवा दिया।



### 'लाल डायरी' में क्या है

राजेंद्र गुढ़ा ने मीडिया से इसके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने दावा किया कि इस डायरी में कांग्रेस के नेताओं के काले कारनामों की पूरी जानकारी है। किस तरह से कौन सा नेता अपने ऊपर फिल्में बनवा रहा है, राज्यसभा में कांग्रेस ने विधायकों को क्या-क्या और कैसे दिया, क्रिकेट के चुनाव में अशोक गहलोत ने किस-किसको पैसे दिये, कहां-कहां से वसूली होती है, ये तमाम जानकारियां इस 'लाल डायरी' में दर्ज हैं। गुढ़ा के मुताबिक, डायरी का एक हिस्सा कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों ने सदन के अंदर छीन लिया। हालांकि दूसरा हिस्सा अभी भी उनके पास है।

### भाजपा और कांग्रेस ने क्या-क्या कहा

इसके बाद तो 'लाल डायरी' का मुद्दा राज्य की सियासत के केंद्र में आ गया। एक तरफ इसने कांग्रेस और गहलोत सरकार को असहज कर दिया, तो दूसरी तरफ उस पर सियासी हमले तेज हो गये। भाजपा की तरफ से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से पूछना चाहता हूं कि यह 'लाल डायरी' क्या है। इसे लेकर सरकार में बेचैनी क्यों है।

### कांग्रेस का पलटवार

असहज कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सफाई दी, लेकिन हर सफाई के साथ यह मुद्दा उसके गले की फांस बनने लगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम को 'लाल डायरी' की बजाय लाल टमाटर और लाल सिलेंडर पर बात करनी चाहिए। 'लाल डायरी' जैसा कुछ भी नहीं है। आने वाले समय में उनको 'लाल डायरी' दिखा दी जायेगी। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट का कहना है कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। वह केंद्र के साथ-साथ राज्य स्तर पर भी विफल रही है। अब उसके पास कहने के लिए कुछ नहीं बचा है। वह आपसी झगड़ों में फंसी हुई है। आने वाले समय में देश के चार राज्यों, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्यप्रदेश में चुनाव होने जा रहे हैं। इन चारों ही राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

### कौन हैं राजेंद्र सिंह गुढ़ा

राजनीति में राजेंद्र सिंह गुढ़ा की शुरुआत 2008 में हुई थी। बसपा के टिकट पर गुढ़ा ने 2008 में कांग्रेस के विजेंद्र सिंह और भाजपा के मदनलाल सैनी के खिलाफ चुनाव लड़ा। इसमें उन्होंने करीब आठ हजार वोटों से जीत हासिल की। 2008 में बसपा से चुनाव जीतने के बाद गुढ़ा ने बसपा छोड़ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। इसके बाद 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने गुढ़ा को उनकी सीट उदयपुर वाटी से चुनावी मैदान में उतार दिया, लेकिन उस वक्त गुढ़ा चुनाव हार गये। इस कारण 2018 में कांग्रेस ने उनका टिकट काट दिया। इसके बाद फिर से गुढ़ा ने बसपा का दामन थाम लिया। बसपा ने इस बार गुढ़ा को उदयपुर वाटी सीट से टिकट दिया। इस बार इनका मुकाबला भाजपा के उम्मीदवार शुभकरण चौधरी और कांग्रेस के भगवान राम सैनी से था। इस त्रिकोणीय चुनाव में गुढ़ा ने जीत हासिल की। चुनाव जीतने के बाद मंत्री पद के लिए गुढ़ा फिर से बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गये। गहलोत सरकार में उन्हें राज्यमंत्री बना दिया गया, लेकिन गहलोत-पायलट विवाद में उन्होंने जमकर पायलट गुट का साथ दिया, जिसके कारण वह गहलोत के विरोधी बनते चले गये।

अब इस 'लाल डायरी' विवाद ने अशोक गहलोत और कांग्रेस की वापसी पर ही सवाल पैदा कर दिया है। हाल ही में आये एक सर्वे का नतीजा बताता है कि 'लाल डायरी' के कारण कांग्रेस को कम से कम 40 सीटों का नुकसान हो सकता है, जिससे राज्य की सत्ता में उसकी वापसी मुश्किल हो सकती है। इस सर्वे ने भाजपा को उत्साहित कर दिया है। इसलिए उसने कांग्रेस पर हमले तेज कर दिये हैं।

---

# पाकुड़ मिशन स्कूल की छात्रा के शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे के ट्वीट करने के बाद प्रशासन ने पोस्टमार्टम कराने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा स्थित लबदा घाटी मिशन स्कूल की छात्रा की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को पुलिस ने मजिस्ट्रेट की निगरानी में नाबालिग मनीषा के शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका मेडिकल कॉलेज भेजा गया।



लबदा घाटी मिशन स्कूल में पढ़नेवाली तीन नाबालिग लड़कियां मनीषा मालतो, सेविका मालतो और रेबिका मालतो की 22 जुलाई को स्कूल में ही तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में बच्चियों को बरहेट थाना क्षेत्र के ज्योति मिशन अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मनीषा मालतो (12 ) की मौत हो गयी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने शव को उसके पिता मैसा पहाड़िया को सौंप दिया, जिसका उनके परिजन ने अपने गांव में अंतिम संस्कार कर दिया।

यह मुद्दा तब गरमाया, जब भाजपा के बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे ने ट्वीट किया। इसके बाद प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम कराने का निर्देश दिया। मृतक मनीषा के पिता ने आरोप लगाया कि जब उनकी बेटी का इलाज चल रहा था, तब उसे मिलने नहीं दिया गया और 23 जुलाई को बेटी का शव सौंप दिया गया। पिता मैसा पहाड़िया सरकार से मामले में उचित जांच और मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

---

# अमन साव को भगाने के मामले में चार्जशीटेड दारोगा का तबादला

**स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट के बाद पुलिस मुख्यालय ने की कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट के बाद पुलिस मुख्यालय ने अपराधी अमन साव को भगाने के मामले में चार्जशीटेड दारोगा का तबादला कर दिया है। चार्जशीटेड दारोगा मुकेश यादव को हजारीबाग जिला बल से तबादला करते हुए जंगल वारफेयर नेतरहाट कर दिया गया है। इसको लेकर पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी किया गया है।

### प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया तबादला

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बीते 15 सितंबर 2019 को गिरफ्तार अभियुक्त अमन साव को थाना हाजत में ना बंद कर अभियुक्त को भागने का मौका देने के लिए थाना प्रभारी कक्ष से सटे गेस्ट हाउस में रखा गया। आरोप की पुष्टि के आधार पर मुकेश कुमार के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित किये जाने का उल्लेख है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से मुकेश कुमार को हजारीबाग जिला बल से स्थानांतरित करते हुए जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में पदस्थापित किया जाता है।

अमन साव के हिरासत में रहते हुए थाना के अतिथि कक्ष से भगाने के मामले में बड़कागांव के तत्कालीन थाना प्रभारी सह दारोगा मुकेश कुमार के खिलाफ सीआइडी ने चार्जशीट किया था। इन्हें इस साल मई महीने में हजारीबाग के गोरहर थाना का प्रभारी बनाने का आदेश जारी किया गया था। वह झारखंड पुलिस एसोसिएशन के हजारीबाग शाखा के सचिव भी हैं। अमन साव को 27 सितंबर 2019 की रात बड़कागांव थाना के अतिथि कक्ष से भगाया गया था। इस मामले में तत्कालीन डीआइजी एवी होमकर ने मुकेश कुमार को बर्खास्त कर दिया था। बाद में तत्कालीन प्रभारी डीजीपी एमवी राव ने मुकेश कुमार की सेवा बहाल कर दी थी। इसके बाद इनका तबादला गुमला कर दिया गया था। लेकिन पुलिस एसोसिएशन का सचिव होने के कारण इनका तबादला वापस हजारीबाग जिला में कर दिया गया था।

---

# जमशेदपुर के कांवरिया की बासुकीनाथ में हत्या

**नंदी चौक के पास गोलियों से भूना, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** जरमुंडी थाना क्षेत्र से महज 100 मीटर की दूरी पर बासुकीनाथ धाम स्थित नंदी चौक पर गुरुवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने कांवरिया अमरनाथ कुमार (40) की गोली मार कर हत्या कर दी। अमरनाथ कुमार सिंह जमशेदपुर के मानगो इलाके का रहनेवाला था। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

बताया जाता है कि घटना के वक्त अमरनाथ सिंह पूजा अर्चना करने के बाद अपने गांव के भतीजा मनीष कुमार के साथ था, जबकि अमरनाथ की पत्नी नेहा सिंह, चार बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य बाजार में आस-पास ही थे। इस दौरान कांवरिया वेश में आये अज्ञात अपराधियों ने झोला से हथियार निकाल कर कनपटी से सटा कर करीब छह-सात राउंड फायरिंग कर निकल भागे।

फायरिंग की आवाज सुन कर आस-पास बड़ी संख्या में मौजूद पुलिस पदाधिकारी, स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक उमाकांत मेहरा ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

अमरनाथ कुमार सिंह जमशेदपुर इलाके में अपना गिरोह चलाता था। रात जमशेदपुर के घाटशिला थाना क्षेत्र के कापगोडा में अमरनाथ गिरोह के गुर्गों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें अमरनाथ गिरोह के फरार अपराधी साजन मिश्रा के पैर में गोली लगी। मुठभेड़ के दो घंटे बाद ही बासुकीनाथ मंदिर के बाहर तीन अपराधियों ने गोली मार कर अमरनाथ की हत्या कर दी।

---

# सभी के सहयोग से करेंगे काम: एसपी

सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के 37वें एसपी के रूप में दीपक कुमार शर्मा ने शुक्रवार को निवर्तमान एसपी अमित रेनु से प्रभार ग्रहण किया। वहीं डीएसपी संजय राणा, एसडीपीओ अनिल सिंह, मनोज महतो, नौशाद आलम के अलावे नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी, मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान और मेजर राकेश रंजन ने पुष्प गुच्छ देकर नये एसपी दीपक कुमार शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर संबध कायम कर अपराध को कम करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.4 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.34 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.18 बजे |



## झारखंड विधानसभा: सत्र के पहले दिन सदन के बाहर हुआ प्रदर्शन, कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित

# भाजपा विधायकों का विधि व्यवस्था के सवाल पर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सुभाष मुंडा हत्याकांड का मुद्दा गर्म रहा। झारखंड की विधि व्यवस्था को लेकर भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। धरना दे रहे विधायकों ने सरकार से सुभाष मुंडा हत्याकांड की जांच सीबीआइ से कराये जाने की मांग की।

विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सुभाष मुंडा की हत्या की सीबीआइ जांच हो। आज झारखंड की विधि व्यवस्था चरमरायी हुई है। एक तरफ लोग डर के साये में जी रहे हैं, दूसरी तरफ अपराधी अपराध कर बड़ी आसानी से निकल जा रहे हैं। सुभाष मुंडा की हत्या सरेआम उनके घर के कार्यालय में होने से राज्य की राजधानी की विधि व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। दूसरी तरफ, धनबाद और चंदनकियारी जैसी जगहों पर भी अपराधियों का बोलबाला लगातार बढ़ रहा है। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई औचित्य नहीं है, मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।






### राज्य की विधि व्यवस्था हो गयी है चौपट: जेपी भाई पटेल

प्रदर्शन के दौरान मांडू से भाजपा विधायक जेपी भाई पटेल ने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था सभी देख रहे हैं। राजधानी रांची जैसे शहर में दिनदहाड़े हत्या, लूटपाट, गोलीबारी हो रही है। मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि गृहकारा विभाग के मंत्री मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद है, लेकिन ऐसे हालात में भी राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गयी है। ऐसे में मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र दे देना चाहिए।

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया पलटवार

**राज्य सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करने पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा के बयानों का पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि अपराध हुआ है, लेकिन मणिपुर में क्या हो रहा है यह भी भाजपा के लोग देखें। उन्होंने कहा कि देश के दूसरे राज्यों के मुकाबले हमारे राज्य में अपराध का ग्राफ नीचा है और कानून व्यवस्था भी अच्छी है।**

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पीकर का पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में शुक्रवार को पंचम झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र प्रारंभ होने से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री को संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा सैयद जावेद हैदर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA
PHONE : 0671-2367768-783, FAX : 0671-2367663, e-mail : crrictc@nic.in

विज्ञापन संख्या 18/जेआरएफ/2023-24

भाकृ अनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में " ट्राइकोडर्मा द्वारा उत्सर्जित विभिन्न वाष्पशील पदार्थों की पहचान और मात्रा का निर्धारण तथा पौधों के विकास को बढ़ावा देने एवं मिट्टी जनित रोगज़नक़ प्रबंधन के लिए पहचाने गए वियुक्तों / वाष्पशील पदार्थों का उपयोग" (ईएपी-406) परियोजना के लिए एक (01) जूनियर रिर्सच फेलो (जेआरएफ) के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक 16.08.2023 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in. पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on **16.08.2023** for selection of **one (01) Junior Research Fellow (JRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Identification and quantification of different volatiles emitted by *Trichoderma* and utilization of identified isolates/volatiles for plant growth promotion and soil borne pathogen management" (EAP-406).** The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

### बोले इरफान, संभल जाओ भाजपा वालों

**रांची।** कैश कांड में आरोपी कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी का निलंबन वापस हो गया है।

जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि एक गलतफहमी के कारण एक साल का निलंबन झेलना पड़ा. इरफान ने आगे कहा कि एक साल तक विधानसभा में भाजपा को इरफान अंसारी का प्रहार नहीं झेलना पड़ा, लेकिन अब भाजपा संभल जाए, क्योंकि इरफान अंसारी वापस आ चुका है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। |
| वृष | प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है। |
| सिंह | रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। |
| कन्या | बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| वृश्चिक | जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। |
| धनु | शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

## सदन में शोक प्रकाश के जरिये श्रद्धांजलि दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन के अंदर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश की। एटीआर में विधानसभा के बजट सत्र में सरकार की ओर से विधायकों को दिये आश्वासनों पर अभी तक सरकार की ओर से जो कार्रवाई की गयी है, उसका लेखा-जोखा है। बजट सत्र से मानसून सत्र के बीच जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उन्हें भी सदन में शोक प्रकाश के जरिए श्रद्धांजलि दी गयी।

सदन में झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, डेविड मुर्मू, प्रकाश सिंह बादल, ओमान चांडी, हरिहर नारायण प्रभाकर, पुत्कर हेंब्रम, डॉ करमा उरांव, गायत्री देवी, शोभाकांत मंडल, विनोद कुमार चौधरी सहित कई विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके अलावा 20 अप्रैल को जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में बलिदान हुए पांच जवानों, बालासोर रेल हादसे में मारे गये लोगों और मणिपुर हिंसा में मारे गये लोगों के प्रति भी संवेदना जतायी गयी।

सदन के अंदर स्पीकर रविंद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भाजपा के सचेतक बिरंची नारायण, मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, सरयू राय और अमित यादव ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। इसके बाद स्पीकर ने सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया।

मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए विधायक प्रदीप यादव ने वहां जान गंवानेवालों के प्रति शोक व्यक्त किया। आजसू विधायक सुदेश महतो ने भी पिछले सत्र से अब तक जो लोग नहीं र, उनके प्रति संवेदना प्रकट की। भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने शोक व्यक्त किया। एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने श्रद्धांजलि दी।

## स्थानीय और नियोजन नीति पर राजनीति कर रही हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

**राज्य के बेरोजगार युवाओं के दुख-दर्द से राज्य सरकार को कुछ भी लेना-देना नहीं**

**राज्य सरकार आखिर किस आधार पर 26 हजार शिक्षकों की बहाली करेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने स्थानीय और नियोजन नीति के मुद्दे पर हेमंत सरकार को फिर एक बार कटघरे में खड़ा किया है। विधानसभा मानसून सत्र के पहले दिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की झामुमो, कांग्रेस और राजद की ठगबंधन सरकार जनता को बार-बार ठग रही है। श्री मरांडी ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति के मुद्दे पर राज्य सरकार केवल राजनीति कर रही है। राज्य के लाखों बेरोजगार, प्रशिक्षित युवाओं के दुख-दर्द से सरकार को कुछ भी लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पांच लाख लोगों को रोजगार की बात करनेवाली सरकार आज न नियोजन नीति स्पष्ट कर रही न स्थानीय नीति। जबकि यह विषय पूरी तरह से राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। लेकिन राज्य सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में लाखों पद खाली हैं लेकिन सरकार 26001 शिक्षकों की वैकेंसी निकालकर अपने खिलाफ बढ़ते आक्रोश को दबाना चाहती है। सरकार को पहले स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर राज्य की स्थानीय और नियोजन नीति क्या है? राज्य सरकार आखिर किस आधार पर बहाली करेगी।

### बाबूलाल मरांडी दो दिवसीय प्रवास पर आज जायेंगे देवघर

**रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बाबा बैजनाथ की नगरी देवघर जायेंगे। श्री मरांडी 29 जुलाई को सड़क मार्ग द्वारा रांची से चलकर 3 बजे अपराह्न देवघर पहुंचेंगे। स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर रात्रि विश्राम देवघर परिषदन में करेंगे। 30 जुलाई को देवघर से सड़क मार्ग द्वारा चलकर शाम में रांची पहुंचेंगे।**

## कानून व्यवस्था पर सदन में चर्चा करानी चाहिए: सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन राज्य में आपराधिक घटनाओं में हुई वृद्धि का मामला गरमाया रहा। आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में सबसे ज्यादा घटना झारखंड में हो रही है।

ऐसे में हेमंत सरकार को सदन में चर्चा करानी चाहिए। इस सरकार के आने के बाद से हम लगातार यह कह रहे हैं कि आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है, जो बेहद ही चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि अपराधी बेलगाम घूम रहे हैं और घटना को अंजाम दे रहे हैं। सारे रिकॉर्ड सरकार के पास हैं। आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। सुदेश महतो ने कहा कि सरकार संगठित अपराध को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा पा रही है, ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है।



### स्थानीय नीति पर सरकार की मंशा सही नहीं

**सरकार द्वारा 1932 आधारित स्थानीय नीति संबंधी विधेयक एक बार फिर लाये जाने की तैयारी पर सवाल खड़ा करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि सरकार की मंशा ही नहीं है कि स्थानीय नीति लागू की जाये। जब राज्यपाल ने त्रुटियों को दूर करने के लिए इस बिल को वापस किया था, तो उसी वक्त सरकार ने क्यों नहीं पहल की। सरकार चाहती नहीं है कि यहां के लोगों को लाभ मिले। इस वजह से यहां के बेरोजगार युवाओं को भारी क्षति उठानी पड़ रही है, एक बार फिर इसकी तैयारी की जा रही है। मगर सरकार के रुख से नहीं लगता है कि स्थानीय और नियोजन नीति बन पायेगी।**

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com



## मंत्री के एस्कॉर्ट वाहन के सायरन से हड़बड़ा कर महिला अधिवक्ता स्कूटी समेत गिरी, घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट की एडवोकेट रेणुका त्रिवेदी और उनकी एक सहयोगी अधिवक्ता शुक्रवार को घायल हो गयीं। दोनों अपनी स्कूटी से हाइकोर्ट जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से एक मंत्री का एस्कॉर्ट वाहन सायरन बजाते हुए क्रॉस किया, जिसके बाद वह अधिवक्ता हड़बड़ी में पारस हॉस्पिटल के पास डिवाइडर से टकरा गयीं, जिससे दोनों अधिवक्ताओं को चोट लगी। वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने कहा कि ऐसी घटनाओं से अधिवक्ता समुदाय चुप नहीं बैठेगा। विधानसभा और हाइकोर्ट परिसर आसपास है। ऐसे में सरकार के मंत्रियों को अधिवक्ताओं की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा।

**वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने कहा कि ऐसी घटनाओं से अधिवक्ता समुदाय चुप नहीं बैठेगा**

**सरकार के मंत्रियों को अधिवक्ताओं की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा**

### अडाणी कंपनी के विरोध में अंबा का धरना, कहा

## कंपनी ग्रामीणों पर करा रही फर्जी मुकदमे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अडाणी कंपनी को कोल ब्लॉक आवंटित करने के बाद से ही हजारीबाग के गोंदलपुरा में ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। बड़कागांव (हजारीबाग) से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद अडाणी वापस जाओ के नारे के साथ पोस्टर लेकर विधानसभा के बाहर बैठी थी। कांग्रेस विधायक ने कहा, बड़कागांव प्रखंड में गोंदलपुरा एक पंचायत है, जिसमें




**जबरन खनन करना चाहती है कंपनी**

अडाणी कंपनी कैसे भी प्रवेश करना चाहती है। ग्रामीण लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण नहीं चाहते कि अडाणी कंपनी यहां आये, फिर जबरन नहीं होना चाहिए। अडाणी कंपनी फर्जी मुकदमे कर रही है इलाके में फूट डालो और राज करो की नीति पर काम कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने पर्यटन स्थलों के विकास और स्टेडियम का निर्माण जल्द कराने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्य के पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास और खेल स्टेडियम के निर्माण को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इससे संबंधित परियोजनाओं को जल्द पूरा करने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों इस निमित्त उपायुक्त रांची को वन क्षेत्रों में आनेवाले पर्यटनस्थलों के विकास का प्रस्ताव और प्राक्कलन संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी से प्राप्त कर उपलब्ध कराने, डीपीआर तैयार करने में भवन निर्माण विभाग द्वारा सूचीबद्ध परामर्शी की सेवा लेने और इको टूरिज्म के मानकों का ध्यान रखते हुए प्राकृतिक सौंदर्य से मेल रखनेवाली संरचनाओं की प्रधानता रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने गेतलसूद डैम के पास पर्यटन विकास के लिए उपयुक्त भूमि चिह्नित कर भूमि प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

**सीएम ने राज्य के पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास और खेल स्टेडियम के निर्माण को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया**

रांची के गेतलसूद में चिह्नित भूमि पर रिसोर्ट बनाने के लिए डीपीआर और आगे की आवश्यक कार्रवाई जल्द पूरी करने का निर्देश मिला है। इसको लेकर उपायुक्त रांची द्वारा भूमि चिह्नित कर उसके हस्तांतरण की प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी है।



### इनके निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**मुख्यमंत्री ने पलामू के जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर स्टेडियम पुनर्स्थापना, गोड्डा के पोड़ैयाहाट में इंडोर स्टेडियम निर्माण, मसलिया प्रखंड स्तरीय स्टेडियम, दुमका स्थित ए टीम ग्राउंड में स्टेडियम निर्माण, डुमरिया प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण, पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया प्रखंड के माइदाबांध, जमशेदपुर के सरजामदा और पटमदा के लावा में फुटबॉल स्टेडियम निर्माण, साहेबगंज में सिदो -कान्हू स्टेडियम के गैलरी विस्तार एवं अन्य कार्य तथा राजमहल में आउटडोर स्टेडियम निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश खेल विभाग को दिया है।**

मुख्यमंत्री ने उपायुक्त रामगढ़ को रजरप्पा में पर्यटकों की सुविधा के लिए आवश्यक सुविधाओं और जरूरतों का आकलन तथा उसके लिए भूमि चिह्नित कर आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने रजरप्पा पर्यटन क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के लिए विशेष तंत्र विकसित करते हुए क्षेत्र को स्वच्छ रखने को प्राथमिकता देने की बात कही है। इस कार्य हेतु आवश्यकतानुसार कंसल्टेंट की सहायता लेने का निर्देश दिया है।

### धार्मिक और इको टूरिज्म पर जोर

मुख्यमंत्री ने उपायुक्त चतरा को ऐतिहासिक इटखोरी और कौलेश्वरी में पर्यटकों की सुविधा हेतु आवश्यक कार्यों का आकलन तथा कार्यों के लिए भूमि चिह्नित कर आवश्यक अनापत्ति प्राप्त कर विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा है। वहीं, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम को सारंडा, थलकोबाद और किरीबुरू में इको टूरिज्म विकास हेतु संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी से प्रस्ताव प्राप्त कर भूमि विवरणी तथा आवश्यक अनापत्ति के साथ विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने गुमला के डुमरी स्थित सिरा-सीता धाम पर्यटन स्थल का सौंदर्यीकरण और विकास, आंजनधाम, नवरत्नगढ़ और टांगीनाथ पर्यटकीय विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन जल्द करने का आदेश दिया है।

### खेल स्टेडियम का निर्माण मानकों के अनुरूप हो

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तो को कहा है कि वैसे प्रखंड जहां पूर्व से स्टेडियम स्वीकृत नहीं है, वहां स्टेडियम निर्माण के लिए प्रस्ताव विभागीय निर्देशों के अनुरूप प्रेषित करें। स्थल का निरीक्षण करते हुए स्टेडियम निर्माण के सभी मानकों के अनुरूप प्राक्कलन तैयार कराया जाये। प्रेषित प्रस्ताव में स्टेडियम निर्माण के औचित्य-आवश्यकता, भूमि विवरणी, गूगल मैप आदि समाहित हो। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्थल का चयन करते समय इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाये कि चयनित स्थल महाविद्यालय-विद्यालय से निकट हो, ताकि स्टेडियम का पूर्ण रूप से उपयोग हो सके।

## बाइक से गिरकर व्यक्ति हुआ घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात कोलगरमा में बाइक से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बिरजू साव (उम्र 31 वर्ष, पिता प्रसादी साव ग्राम कोलगरमा) के रूप में हुई है। घटना के बाद घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बिरजू साव गुरुवार की देर रात अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान घर के समीप बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसमें उसे गंभीर रूप से चोटे आयी है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया।

## गिट्टी, बालू की कीमत ने निर्माण कार्य की रफ्तार को रोक दिया: उमेश यादव



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार, जिला प्रशासन के रवैया से जयनगर, चंदवारा प्रखंड में गैर सरकारी आवास गिट्टी, बालू के धरपकड़ और अधिक मूल्य के कारण निर्माण कार्य रुक गया है। इसके लिए जिला प्रशासन गिट्टी, बालू के दामों को नियंत्रित कर बन रहे आवास को चालू किया जा सकता है। अगर जिला प्रशासन का रवैया यही रहा तो बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ता जायेगा। इसकी जवाबदेही सरकार और जिला प्रशासन पर होगी। जन अधिकार संघर्ष मोर्चा के नेता उमेश यादव ने बताया कि हमारे क्षेत्र में बहुत ऐसे भवन का काम गिट्टी और बालू नहीं मिलने के कारण रोकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा गिट्टी बालू सिर्फ मेरा मुसीबत नहीं है दर्जनों ऐसे लोग हैं जो अपने आवासीय कार्य को गिट्टी, बालू के दाम के चलते रोकना पड़ेगा। वर्तमान में 8-9 हजार रुपये प्रति सीएफटी गिट्टी बिक रहा है। मांग अधिक और उत्पादन कम होने के कारण बाजार में गिट्टी मिलना मुश्किल हो गया है। वहीं बालू घाटों की नीलामी नहीं होने और एनजीटी द्वारा रोक, प्रशासन के सख्ती का असर बालू की कीमतों पर भी पड़ रहा है। झारखंड सरकार और जिला प्रशासन को गिट्टी, बालू के दामों को नियंत्रित करते हुए उपभोक्ताओं को उचित दामों में उपलब्ध कराने में सहयोग करना चाहिए।

## मकान की छत से गिर कर मिस्त्री की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के विद्यापुरी गली में गुरुवार की देर रात करीब 12:30 बजे एक निर्माणाधीन मकान के खिड़की पर से गिरकर एक बढ़ई मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान हजारीबाग जिले के बड़कनगंगो निवासी दिलीप कुमार (उम्र 27 वर्ष, पिता रामेश्वर महतो) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दिलीप निर्माणाधीन मकान में फर्नीचर से जुड़ा काम कर रहा था। गुरुवार की देर रात मोबाइल से बातचीत के क्रम में वह मकान की छत से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद मकान में मौजूद अन्य लोगों के द्वारा उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सूर्यकुंड धाम परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम परिसर में जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया और श्रीकांत मैथमेटिक्स के संस्थापक सीके पांडेय के द्वारा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त डीजीपी सह जलगुरु महेंद्र मोदी, बीएसएफ उप कमांडेंट मेरु एवके पाठक, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, सेंट्रल कोल माइंस के सेवानिवृत्त निदेशक गुणाधर पांडेय, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, कुमकुम देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद चलकुशा जिप सदस्य सबिता सिंह जयनगर जिप सदस्य महादेव राम उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में चार सौ विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। मौके पर श्रीकांत पांडेय, तुलसी पांडेय, गोरहर मुखिया प्रेमिका देवी, उपमुखिया शिला देवी, शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी, सेवानिवृत्त शिक्षक बासुदेव यादव, बीरबल मेहता, केदार साव, सुनील पांडेय, सिद्धार्थ योगी, शिवशंकर मोदी, इंद्रजीत प्रसाद, छोटेलाल मेहता, खलील अंसारी, अनिल पासवान, अर्जुन राणा, राजकुमार गिरी, आनंद पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## वाहन पर लदे कैन बियर समेत दो व्यक्ति गिरफ्तार

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** सतगावां थाना पुलिस ने शुक्रवार को ग्राम बजानिया से अल्टो वाहन पर लादे केन बिहार समेत दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने बताया कि नासरगंज चेकपोस्ट बैरियर के समीप से चकमा देकर तेज रफ्तार अल्टो वाहन जे यच 01 क्यू 3492 भाग रहा था जहां पीछा करते हुए ग्राम बजानिया के समीप वाहन को जप्त किया गया। वाहन के तलाशी के दौरान 42 पीस गॉडफादर कैन बियर बरामद किया गया तथा वाहन पर सवार दो व्यक्ति अखिलेश कुमार (25 वर्ष, पिता मिथिलेश प्रसाद यादव ग्राम भसूधा थाना वारसलीगंज जिला नवादा) तथा कौशल कुमार (19 वर्ष, पिता महेंद्र प्रसाद यादव, ग्राम कुंज थाना रोड जिला नवादा बिहार) को गिरफ्तार किया गया है। वहीं जप्त शराब समेत वाहन को थाने लाया गया जहां कार्रवाई करते हुए शराब समेत वाहन और दोनों व्यक्तियों को उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

## बुढ़वा महादेव के प्रांगण में चलाया सफाई अभियान



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** वसुधा कल्याण हजारीबाग के तत्वावधान में बुढ़वा महादेव के प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य थीम पेड़ लगायें पर्यावरण बचायें, प्लास्टिक कचरा इधर उधर ना फेंके, कूड़ेदान का प्रयोग करें विषय के तहत वसुधा कल्याण ने पृथ्वी के साथ-साथ प्राकृतिक को भी स्वच्छ करने के लिए सफाई अभियान चला रखी है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सदियों से मनुष्यों ने पृथ्वी के संसाधनों को अपने लाभ के लिए उपयोग किया है और इसी लाभ के तहत पृथ्वी को इतनी लापरवाही और कठोरता से उपयोग करने का परिणाम पृथ्वी क्षतिग्रस्त हो रही है। इसलिए हमारे संस्थान वसुधा कल्याण ने छोटे-छोटे कदम से पृथ्वी को बचाने की कोशिश शुरू की है। हमारे संस्थान का उद्देश्य है कि अपनी पृथ्वी मां यानी अपने प्रकृति का ख्याल करते हुए साफ, स्वच्छ और हरा-भरा करके रखें। इस अभियान के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाना है कि कचरा इधर-उधर ना फेंके इससे हमारे ही पर्यावरण को हानि पहुंचती है। प्रकृति हमारी ईश्वर है और यह हमारा फर्ज है कि हम अपने ईश्वर को साफ सुथरा बनाए रखें। सफाई अभियान में प्रो. अंजलि नीरज, रुचि नीरज, देविका गुप्ता, रिया कुमारी, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, रोहित पासवान, पावन, श्रुति, कुंदन, गोविंद, प्रकाश, निशा, रितु सिन्हा, शनि, रवि, अनुभव, निखिल, श्रीकांत, विक्रम, श्रवण सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मानदेय वृद्धि को लेकर महिलाओं ने दिया धरना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** त्रिवेणी-सैनिक अंतर्गत सिकरी में संचालित गारमेंट में कार्यरत महिलाओं ने अपनी मानदेय वृद्धि को लेकर 27 जुलाई को संध्या 6:00 बजे कार्यस्थल के बाहर धरना दिया। वहीं तेरह माइल के पास 28 जुलाई को 10:00 बजे पूर्वाहन से लेकर 1:00 बजे अपराहन तक ट्रांसपोर्टिंग सड़क में भी धरने पर बैठ गए। जिससे 4 घंटे तक प्रभावित रहा। तत्पश्चात त्रिवेणी सैनिक के अधिकारियों द्वारा समझाने बुझाने के बाद धरना को स्थगित किया। वहीं कंपनी के अधिकारी ने कहा कि इनकी मांगों को लेकर आज शनिवार 29 जुलाई को कार्यरत कर्मियों के साथ वार्ता किया जायेगा और इस समस्या का समाधान कर लिया जायेगा। ज्ञात हो कि 1 माह पूर्व अपनी मानदेय वृद्धि को लेकर पिछले माह 26 जून को भी ट्रांसपोर्टिंग सड़क में धरना दिया गया था। जिससे कोयला ढुलाई प्रभावित हुआ था। जिसमें कंपनी को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा था।

# पेड़ पर उभरी भोलेनाथ की आकृति, देखने उमड़ रही भीड़

**गांधी मैदान के किनारे सेमल के पेड़ पर उभरी आकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सावन के पावन माह में हजारीबाग में एक चमत्कार देखने को मिला है। शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान के पूरब छोर पर लगे सिमर के वृक्ष पर भगवान भोलेनाथ की आकृति दिख रही। इस आकृति को देखने शहर के अलावे ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। गुरुवार शाम पांच बजे के आसपास कुछ लोगों ने इसे देखा, उसके यह बात पुरे शहर में आग की तरह फैली और आकृति के एक झलक पाने को हजारों लोग गांधी मैदान पहुंच गए। कई लोग अपने मोबाइल से फोटो खींचते दिखे, वहीं कई महिला व पुरुष उस सिमर के वृक्ष का पूजा भी करने लगे। उपस्थित लोग हर हर महादेव, जय श्री राम, जय गणेश, शंकर भगवान की जय आदि के जयकारा भी लगा रहे थे। शुक्रवार रात लगभग 12 बजे तक लोगों का हुजूम महादेव की आकृति की एक झलक पाने को जुटता रहा, फिर शुक्रवार सुबह 5 बजे से ही उस स्थान पर भिड़ लगनी शुरू हो गई जो अनवरत दिन भर चालू रहा। आने वाले लोग आते ही सर झुका कर महादेव की आकृति को प्रणाम करते और आर्शीवाद मांगते। कोई इसे आस्था बता रहा है तो कोई इसे भगवान का चमत्कार बता रहा है। यह आकृति सिमर के वृक्ष पर जमीन से लगभग 15 फिट ऊंचाई पर बना है। साथ ही कुछ महिला व पुरुष बता रहे की दूसरे पेड़ पर भगवान गणेश तो कुछ दूसरे पेड़ पर शेर की आकृति बनी हैं। उपस्थित लोग यहां मंदिर बनाने की भी मांग करने लगे है। पेड़ के नीचे एक दान पेटी भी रखा गया है, जिसमे आने वाले स्वेच्छा से दान भी डाल रहे हैं। कोई नारियल फोड़ कर पूजा अर्चना कर रहा तो कोई लड्डू चढ़ा रहा।

# जगन कांदू के परपोते सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर बालेश्वर साहू उठायेंगे ताजिया

**चौपारण के डुमरी में हिंदू परिवार द्वारा चार पीढ़ी से उठा रहे हैं तजिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के 26 पंचायत के 269 गांव के अधिकतर गांवों में हिंदू-मुस्लिम मिलजुल कर शांति व सौहार्द पूर्वक रह रहे हैं। साथ ही कुछ ऐसे गांव हैं जिसमें सिर्फ हिंदू समुदाय के लोग ही रहते है। उसमें भी कुछ ऐसे हिंदू हैं जो सनातन धर्म को मानते हुए मुस्लिम समुदाय के चर्चित त्योहार मुहर्रम को मानते हुए मुस्लिम विधि-विधान से ताजिया को उठाते आ रहे हैं। इसी कड़ी का एक जीता जागता उदाहरण बच्छई पंचायत के ग्राम डुमरी के जगन कांदू ने ग्रामीणों के सहयोग से आजादी काल से मुस्लिम रीति-रिवाज से मुहर्रम का ताजिया उठाकर त्योहार को मनाने की शुरूवात किया था। जगन कांदू के मृत्यु के बाद उनके पुत्र तिलक कांदू ने कई वर्षों तक इस परंपरा का निर्वहन करते रहे। तिलक कांदू के मृत्यु के बाद उनके पुत्र शुकर साव और खगन साव ने श्रद्धा पूर्वक मुहर्रम त्योहार को मनायें। उनके मृत्यु उपरांत चौथा पीढ़ी सेवानिवृत पुलिस इंस्पेक्टर बालेश्वर साहू के द्वारा त्योहार को मनाया जा रहा है। सेवानिवृत पुलिस इंस्पेक्टर बालेश्वर साहू ने बताये कि पूर्वजो के द्वारा शुरू किया गया त्योहार को श्रद्धा पूर्वक मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ करते हुए बुधवार को मिट्टी रखा गया और केला पत्ता का कटाई किया गया और गुरुवार को छोटकी चौकी रखा गया। शुक्रवार को बड़की चौकी और गवारा किया जायेगा। वही संध्या में ताजिया के साथ ग्रामीणों का जुलूस निकाल कर कर्बला में दफन किया जायेगा।

# टाटीझरिया पैक्स: बैंक में जमा किये पैसे नहीं मिल रहे

**बीएड में नामांकन के लिए है पैसों की जरूरत**

ज्योतिष पंडा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (पैक्स) द्वारा संचालित बैंक में प्रबंधक और अध्यक्ष के मिलीभगत से लगभग 65 लाख रुपए के गबन का मामला चला आ रहा है। पैक्स के इसी बैंक शाखा होलंग में एक सौ से ऊपर ग्राहकों के पैसे जमा हैं। उन्हीं में से एक बेरहो निवासी दिव्यांग युवक संतोष प्रसाद, पिता चंद्रदेव महतो भी एक है। यह युवक 27 जुलाई को जिला सहकारिता विभाग के कार्यालय पहुंच गया और वहां उपस्थित अधिकारी से अपनी जमा पूंजी की वापसी का गुहार लगाया। उक्त युवक को वहां से किसी प्रकार समझा-बुझाकर वापस भेज दिया गया। युवक संतोष ने अपनी व्यथा बताते हुए रोने लगा। उसने कहा कि पैक्स में उसने 56 हजार 505 रुपये जमा किया था। बैंक बंद हो गया, तो उसका जमा पैसा उसे मिलना चाहिए की नहीं? बताया कि वह प्रबंधक डूमर निवासी दशरथ सिंह के घर अनेकों बार गया। उसी कई बार रुपए भी मिले, कभी एक हजार, कभी दो हजार, इस प्रकार उसे 22 हजार रुपए दिए गए। अब उसे पैसा नहीं मिल रहा है। अब घर जाता है तो बताया जाता है कि वे मंदिर गये हैं, मंदिर जाते हैं तो पता चलता है कि वहां वे नहीं आये हैं। मजबूरन वह जिला सहकारिता कार्यालय पहुंचा।

युवक ने बताया कि उसने बी एड में नामांकन के लिए हुए परीक्षा में पास किया है, उसे दौलत महतो बी एड कॉलेज में दाखिला लेना है। जिसके लिए उसे डेढ़ लाख रुपए की जरूरत है। उसने बताया कि पैक्स में जमा 34 हजार 505 रुपए उसे मिल जाये तो उसका काम आसान हो जायेगा।

## 18 वर्षो से फरार आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने 18 वर्षो से फरार चल रहे दुष्कर्म के बाद हत्या के एक आरोपी को सूरत से गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिवपुर निवासी मुकेश सिंह (उम्र 40 वर्ष, पिता रक्षा सिंह) के रूप में की गयी है। जानकारी अनुसार 4 मार्च 2005 को आरोपी ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी। जिसको लेकर पीड़िता की भाभी के द्वारा थाने में मामला दर्ज कराया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को आरोपी के सूरत में होने की सूचना मिली थी, जहां आरोपी कुरियर ब्वाय का काम करता था। जिसके बाद सतगांवा पुलिस की एक टीम ने सूरत स्थित रिंग रोड न्यू आदर्श मार्केट के समीप से उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक को पुलिस ने शुक्रवार को कोडरमा जेल भेज दिया गया।

# प्रधान सचिव से शिकायत के बाद मुख्य अभियंता ने चौपारण में की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**चौपारण।** चौपारण में बीते कुछ दिन पूर्व कनीय अभियंता चौपारण द्वारा नियम को ताक पर रखकर कई बिजली उपभोक्ताओं पर मनमाने ढंग से बिजली कनेक्शन रहते हुए भी भारी भरकम जुर्माने के साथ प्राथमिकी दर्ज की शिकायत को लेकर गुरुवार को पीड़ित बिजली उपभोक्ताओं ने विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव से मुलाकात की थी। जिस पर प्रधान सचिव ने अधिकारियों को पुनः जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा था। जिसके अगले दिन ही मुख्य अभियंता आपूर्ति क्षेत्र सह महाप्रबंधक, हजारीबाग, अधीक्षण अभियंता, हजारीबाग, कार्यपालक अभियंता, हजारीबाग, सहायक अभियंता, बरही, जूनियर इंजीनियर सह जूनियर मैनेजर (चौपारण, बरही,बरकट्ठा) चौपारण पहुंचकर संबंधित स्थल पर जाकर पुनः जांच की और जांच रिपोर्ट को अपने साथ ले गये। जांच रिपोर्ट प्रधान सचिव व विधायक को भी सौंपने को कहा गया है। उसके बाद ही फिर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। 13 जुलाई को सहायक विद्युत अभियंता के नेतृत्व में चौपारण में छापामारी के दौरान विद्युत कनेक्शन और बिजली बिल भुगतान तथा मीटर रहने के बावजूद (1) सीपीडी09242 जुमार्ना राशि 82782/- रू० एवं बकाया राशि 18821 /- रू० उपभोक्ता नकीब खान (2) सीपीसी14387 जुर्माना राशि 39045/- रू० और बकाया राशि 661/- रू० उपभोक्ता मनोज कुमार यादव (3) सीपीसी14511 जुमार्ना राशि 225351/- रू० एवं बकाया राशि 47560/- रू० उपभोक्ता दीपक सिंह, चौपारण थाना प्राथमिकी संख्या-301/23 के तहत ओंकार जायसवाल कनीय अभियंता विद्युत विभाग चौपारण के द्वारा सहायक विद्युत अभियंता के आदेशानुसार प्राथमिकी दर्ज करवाया गया था। जिसके बाद तीनों उपभोक्ताओं ने विभाग के विरुद्ध केस किया है। जिसमे खा है की कनीय अभियंता ओमकार जयसवाल पर रिश्वत मांगने और नहीं देने पर नियम को ताक पर रखकर जबरन कर्रवाई करने और मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए काउंटर केस किया गया है।

## मेघा भारद्वाज ने कोडरमा उपायुक्त का पदभार किया ग्रहण

# आमजनों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता: डीसी

संजीव



**कोडरमा।** कोडरमा जिला के 24वें जिला उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के रूप में मेघा भारद्वाज ने शुक्रवार को निवर्तमान उपायुक्त आदित्य रंजन से पदभार ग्रहण किया। 2016 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी मेघा भारद्वाज कोडरमा जिले की तीसरी महिला उपायुक्त हैं। इसके पहले वे हजारीबाग में एसडीओ, पलामू में डीडीसी रह चुकी हैं। कोडरमा जिले में डीसी का पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि कोडरमा जिले के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है कि यहां आम जनों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, सरकारी सेवाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ-साथ अन्य सभी योजनाओं को मॉनिटर करेंगे और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। साथ ही जिला प्रशासन के द्वारा जिले की बेहतरी के लिए जो प्रयास किये गए थे उसे भी आगे बढ़ाया जायेगा। केंद्र सरकार की योजनाओं में भी प्रगति लाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समयबद्ध रूप मे धरातल पर उतारने का प्रयास रहेगा। ताकि सभी सुयोग्य व्यक्ति तथा समाज के अंतिम छोर तक विकास योजनाओं को पहुंचाया जा सके। मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक तथा तकनीकी विभागों के पदाधिकारी और अन्य उपस्थित थे।

## जगरनाथ महतो महाविद्यालय में वित्त रहित शिक्षा नीति का पुतला जलाया



**इचाक (आजाद सिपाही)।** जगरनाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरुका में संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आवाहन पर वित्त रहित शिक्षा नीति का पुतला जलाया गया। वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी भी कर रहे थे। वित्त रहित स्कूलों और इंटर कॉलेजों का अधिग्रहण या घाटा अनुदान दिया जाए। एसपीटी एक्ट और सीएनटी एक्ट में स्कूल और कॉलेजों में जमीन छूट का विभागीय प्रस्ताव मंत्री परिषद भेजी जायें। वित्तीय वर्ष 2021 का अनुदान संबंधी उच्च विद्यालयों का निर्णय किया जायें। 2021-22 का लंबित स्कूल कॉलेजों का अनुदान संबंधी मामला निष्पादित कर अनुदान अविलंब भुगतान किया जाय आदि। पुतला दहन में प्राचार्य बसंत कुमार, प्रोफेसर राम प्रकाश मेहता, प्रोफेसर राजेंद्र यादव, प्रोफेसर उमेश कुमार, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार मेहता, सुरेंद्र मिश्र, भुनेश्वर प्रसाद मेहता, जय प्रकाश कुमार, सुषमा कुमारी, सविता कुमारी, सोनम कुमारी, पूनम कुमारी, अजय कुमार, शंभू कुमार आदि उपस्थित थे।

## मोहर्रम के मौके पर कुरानखानी और जलसे का आयोजन



**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू प्रखंड के ग्राम हरहद में मोहर्रम के अवसर पर आठवीं के रात गुरूवार को इमामबाड़े के प्रांगण में आठवीं की चौकी बैठाने के बाद जलसा की आयोजित किया गया जिसमें दूरदराज से ऑलमाए केराम तशरीफ लाए थे। इसमें नाथ खां शायरी व तकरीर किया गया। नाथ खा ओलमा मोकीम राही साहब किबला व ओलमा रकीब साहब कीबला के सुरोली व मधुर आवाज से लोग रात भर झुमते रहे, यह कार्यक्रम मोहर्रम के इमाम आलीमकाम हसन हुसैन के याद में इसाअले सवाब के लिए कुरान खानी वा मिलाद खानी किया गया। यह कार्यक्रम हरहद मोहर्रम कमिटी की ओर से आयोजित किया गया था। कमिटी के ये लोग शामिल हुए जमाल अंसारी, मोहर्रम खलीफा मुमताज अंसारी, सदर अमजद अंसारी, सराज अंसारी, अहमद हुसैन, मुर्तजा अंसारी, मोहिउद्दीन अंसारी, नसीम अंसारी, समदानी अंसारी, महबूब अंसारी, निजाम अंसारी, कुर्बान अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मोजाबर जहूर अंसारी, सूलेमान अंसारी, सहित सैंकड़ों महिला पुरूष शामिल हुए।

## झरपो और खंभवा में किया धोती-साड़ी वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत अंतर्गत झरपो और खंभवा में सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण जन प्रणाली के दुकानदारों द्वारा किया जा रहा है। वही जविप्र झरपो के दुकान में डीलर विजय प्रकाश मेहता और खंभवा जनवितरण प्रणाली के दुकान में वितरण किया गया। जिसमें खमंभवा में जिला शिक्षा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, धरमपुर मुखिया कांति देवी, अशोक यादव और अरुण कुमार सिंह ने सरकार द्वारा निर्गत धोती साड़ी का वितरण हरा कार्ड धारी लाभुक को दिया। झरपो विजय प्रकाश मेहता के जनवितरण प्रणाली दुकान में झरपो मुखिया शिबुप्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि कु.वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय की मौजूदगी में साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया गया। कार्डधारी लाभुक में सोनी देवी, जाटों महतो, आरती देवी, यशोदा देवी, बुधनी देवी, बबलू कुमार, पार्वती देवी, मंजू देवी समेत अन्य लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, लुंगी का वितरण किया गया।

## फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत मटवारी स्थित स्टेट बैंक के एटीएम को चोरी करने के उद्देश्य से पिछले वर्ष सितंबर माह में तोड़ने का प्रयास कर रहे चोरों को कोर्रा थाना के गशती दल के द्वारा मौके पर एक को पकड़ लिया गया था। जिसके उपरांत कोर्रा थाना कांड संङ्ग-212/22 दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इसी कांड के एक और अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ राजा पे-स्व अक्षय सिंह थाना-म्यूरहुंड जिला-चतरा को गुप्त सूचना के आधार पर मयूरहंड से गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए सरकार का फरमान असंवेदनशील: विपिन कुमार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार का न सिर्फ अनैतिक बल्कि असंवेदनशील रवैया है कि उसने राज्य भर के समस्त गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों पर मान्यता प्राप्त करने संबंधी मनमाना फरमान जारी करने का रुख अख्तियार किया है। जबकि झारखंड उच्च न्यायालय ने भी उक्त मान्यता के संदर्भ में अपना आदेश निर्गत कर रखा है, कि निजी विद्यालयों पर सरकार ऐसा कोई भी फरमान आरोपित न करे, जिससे निजी विद्यालयों के सुसंचालन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न हो। उक्त बातें पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन कुमार ने कहा। साथ ही कहा की सरकार का रवैया बिल्कुल ही गैर जिम्मेदाराना है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य के लगभग 40 हजार गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों पर सरकार जबरन अपना फरमान थोपने के कुकृत्य को अंजाम देने की जिद पर अड़ी हुई है। पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए आगे कहा कि सरकार के इस क्रूर रवैये से परेशान होकर आरटीए 2019 के विरुद्ध झारखंड के सारे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालक शीघ्र ही सड़कों पर होंगे। ऐसे में अगर सरकार अपने इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती तो निजी विद्यालयों के छात्र-छात्रों के शैक्षिक भविष्य के अहित की जिम्मेवारी सरकार के सिर होगी।

## पंचायत समिति सदस्यों की बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मे पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रमुख पार्वती देवी ने किया। बैठक में प्रमुख ने पार्वती देवी ने कहा की गांव में बहुत बेरोजगारी बढ़ी हुई है। लोग ब्लॉक से जुड़कर रोजगार करना चाहते हैं, इसकी व्यवस्था की जायें। साथ ही प्रमुख द्वारा बैठक के दौरान कई अन्य मुद्दों को गंभीरता पूर्वक उठाया गया, जिसपर संबंधित पदाधिकारियों ने जवाब दिया। बैठक में सीडीपीओ नीलू रानी द्वारा बताया गया की इचाक में 104 लाभुकों को सावित्रीबाई फुले योजना अंतर्गत गड़बड़ी से पैसा दोबारा गया है जो रिकवरी करना है। यह भी बताया गया है की कन्यादाना योजना अभी दिया जा रहा है, लाभ लेने की अपील किया गया है। सीओ मनोज कुमार महथा ने बताया की रजिस्टर टू कोर्ट मे मामला चल रहा है इसी बिच सदन ने कहा की मुख्यमंत्री को आवेदन देकर रजिस्टर 2 मुक्त करवाना है। लोटवा गांव मे भूमि को लेकर दिक्कत आ रही थी जिस वजह से लोगो का जाति आवासीय नहीं बन रहा है और आदिवासियों को काफी परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री आवास 320 पेंडिंग था जबकि 37 पूर्ण हो चुका है अभी 283 बचा है। बिजली विभाग द्वारा बताया गया कि पुराना बिल जिसका 2 मीटर है, उसमे एक जमा जमा कर दें और नया बिल जो एजेंसी द्वारा लगाया गया था उसका बिल विभाग द्वारा आदेश कर माफ करवा दिया जायेगा। कई अन्य मुद्दों को गंभीरता पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में बीडीओ रिंकू कुमारी, सीओ मनोज कुमार महथा, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, बीपीओ राजीव आनंद, सीआई लोकेश सिंह, बिएओ बिनोद कुमार रवि, पंसस विनय कुमार धवन, मुकेश उपाध्याय, महेंद्र पांडे, जेई सुनील कुमार, मो अफजल, विद्युत विभाग के जेई अमित कुमार समेत पंचायत समिति सदस्य और प्रखंड के सभी विभाग के कर्मी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में 9 लोग हुए घायल

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डुमरी कला पंचायत के गोड़वाली गांव में गुरुवार की रात्रि जमीन विवाद को लेकर मामू और भांजे के परिजनों के बीच लाठी-डंडे से जमकर मारपीट किया गया जिसमें दोनों पक्ष से 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल में प्रीति देवी, दिलीप साव, सोनी देवी, विनय साव राजेश कुमार, रामजतन साव, सकेंदर साव, रमेश कुमार, देवासिया देवी शामिल है। पुलिस द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। शुक्रवार को दोनों ओर से मारपीट से संबंधित आवेदन दिया गया है। पुलिस द्वारा छानबीन की जा रहे हैं भांजा दिलीप साव के द्वारा बताया गया कि हमारे जमीन में हमारे मामा राम जतन साव जबरदस्ती जमीन लेना चाहते हैं मना करने पर हम लोगों के साथ मारपीट किये, वहीं मामा जतन साव द्वारा बताया गया कि हमारा जमीन है और हमारा भांजा दिलीप साव देना नहीं चाहता है। जमीन मांगने पर हम लोगों के साथ मारपीट किया।

### प्रेस कांफ्रेंस : संगठित गिरोह के खिलाफ रामगढ़ पुलिस की कार्रवाई तेज

# पांडेय गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार

**हथियार और मोटरसाइकिल हुए बरामद**

**संगठित गिरोह की कमर तोड़ने के लिए विशेष टीम कर रही है कार्रवाईः एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** संगठित गिरोह को जड़ से उखाड़ फेक दिया जायेगा। इसके लिए हमारी विशेष टीम लगातार छापामारी कर रही है। जिला में किसी भी गिरोह के सदस्यों को सिर उठाने का मौका नहीं दिया जायेगा। इसी कड़ी में विशेष टीम ने हथियार के साथ पांडेय गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को छत्तरमांडू स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी पीयूष पांडेय ने दिया है।

**विशेष टीम को मिली सफलता, जारी रहेगा छापामारी अभियान**

एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि 27 जुलाई की रात गुप्त सूचना मिली पतरातू बस्ती स्थित बरगद पेड़ के नीचे कुछ अपराधी जुटे है और कोई घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। जिसके टीम को उक्त स्थान पर छापामारी करने का निर्देश दिया। जिसके बाद टीम ने छापामारी कर विकास कुमार उर्फ विक्की को एक देशी पिस्टल और उसमें लोड पांच जिंदा गोली के साथ पकड़ा। जबकि अन्य अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। जिसके बाद गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर अभियुक्त के विजय नगर स्थित घर पर रखे दो देशी पिस्टल, पांच जिंदा गोली, पांच मैगजिन बरामद किया गया।

**हरदेव कंस्ट्रक्शन और बितका बाउरी कांड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद**

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर रसदा स्थित कपिल कुमार के घर से पूर्व में घटित घटना हरदेव कंस्ट्रक्शन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल आर15 संख्या जेएच01डीपी 6721 को बरामद किया गया। साथ ही कपिल कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद सभी हथियार और बाइक को हरदेव कंस्ट्रक्शन और बितका बाउरी हत्या से संबंधित घटना में भी इस्तेमाल किया गया था। गिरफ्तार अपराधी पांडेय गिरोह से संबंध रखते है।

**कौन-कौन थे छापेमारी में**

छापामारी में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, दारोगा अफजल अंसारी, दारोगा चेतन कुमार सिंह सहित सदलबल शामिल थे।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओड़िशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753 006 (Odisha), India

विज्ञापन संख्या 20/एसआरएफ/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"कम नाइट्रोजन की स्थितियों में चावल की उपज बढ़ाने के लिए विविध जीनोमिक और आणविक उपायों का उपयोग करके एपिजेनेटिक नियामक एनजीआर5 और अन्य उपज-संबंधित जीन (जीआरएफ4) के लिए एलील खनन और उनका मॉड्यूलेशन" (ईएपी-374)** परियोजना के लिए एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो के चयन के लिए **प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक 18.08.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध है।

**Walk-in-Interview** will be held on **18.08.2023** for selection of **one (01) Senior Research Fellow** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Allele mining for the epigenetic regulator NGR5 and other yield-associated gene (GRF4) and their modulation using multiple genomic and molecular approaches to enhance rice yield under low nitrogen conditions" (EAP-374).** The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR

## विद्या मंदिर में कविता और कथा वाचन कार्यक्रम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा में कविता और कथा वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कविता वाचन कार्यक्रम में वर्ग नर्सरी से लेकर वर्ग पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक कविता पाठ करते हुए सबका मन मोह लिया। वही, छठा से दशम वर्ग के विद्यार्थियों के बीच कथा वाचन प्रतियोगिता संपन्न हुआ। बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रेरणादायक कहानियों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम को शिक्षक सुनीता कुमारी, रीता कुमारी, सविता कुमारी और पुष्पिता कुमारी के नेतृत्व में किया गया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने पुरस्कृत करते हुए बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में चहुमुखी विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजन मिश्रा, कामेश्वर प्रसाद, दुलालचंद कुशवाहा, कौलेश्वर महतो, कुलदीप कुमार महतो, बबिता कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## पेड़ से टकराया टेलर, बच्ची समेत तीन घायल

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बासल थाना क्षेत्र के लबगा में रांची भुरकुंडा मुख्य मार्ग पर एक अनियंत्रित टेलर शनिवार को दोपहर लगभग 12:00 बजे एक घर की चहारदीवारी तोड़ते हुए पेड़ से जा टकराया। इस घटना में एक मासूम बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। जिसमे टेलर का चालक भी शामिल है। जिन्हे ईलाज के लिए पतरातु भेजा गया है। इधर, ग्रामीणों ने बताया कि रांची की तरफ जा रही टेलर ओडी 02 बी एक्स 5529 असंतुलित हो गया और चालक टेलर को नियंत्रित नहीं कर पाया। इस वजह से ट्रेलर अनियंत्रित होकर घर के बाउंड्री को तोड़ते हुए एक पेड़ से जा टकराया । जिससे पास के मकान के सामने बैठे प्रभु साव और उनकी नतनी चपेट में आकर घायल हो गये। यहां एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में टेलर चालक गुफरान भी घायल हो गया। चालक कोडरमा का रहनेवाला बताया जाता है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक टेलर को हटाने की कवायद चल रही थी।

### शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मानिटरिंग कमिटी की बैठक

# विद्यालयों में चिकित्सा शिविर समेत कई बिंदुओं पर दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय स्टियरिंग सह मानिटरिंग कमिटी की बैठक की गयी। बैठक में मध्याह्न भोजन, किचन गार्डन, विद्यालयों में चिकित्सा शिविर समेत अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में प्रत्येक माह नियमित रूप से प्रखण्ड स्तरीय स्टियरिंग-सह- मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक आयोजित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त किया तथा प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग- सह - मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक नियमित रूप से कर बैठक की कार्यवाही जिला कार्यालय को प्रेषित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग - सह - मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक आयोजित नहीं करनेवाले प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करते हुए 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से बैठक आयोजित कर संपन्न करने का निर्देश दिया गया ।

माह जून 2023 का मध्याह्न भोजन योजना के आच्छादित बच्चों के अवलोकन के क्रम में चतरा, प्रतापपुर, कुंदा, ईटखोरी और टंडवा प्रखंड का कार्य संतोषजनक नही रहने पर जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति 75 से 100 प्रतिशत करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाये। साथ ही उन्होंने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से विद्यालयों में छात्रों का आच्छादन बढ़ाने हेतु प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग -सह- मॉनिटरिंग कमिटि की बैठक में प्रत्येक माह इस बिंदु पर समीक्षा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को जिला चिकित्सा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर बच्चों का स्वास्थ्य जांच प्रति माह करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिससे कि वर्ष में एक बच्चों का कम से कम दो बार स्वास्थ्य जांच हो सके। उन्होंने इसके लिए माह वार एक कैलेंडर तैयार कर जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित करने तथा स्वास्थ्य जॉच कैंप में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## मणिपुर घटना के विरोध में बुद्धिजीवी मंच निकालेगा कैंडल मार्च



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारियों ने घुटुवा थाना चौक में प्रेसवार्ता कर कहा कि मणिपुर की घटना ने इंसानियत को शर्मसार किया है। तमाम न्याय प्रिय इंसान इस घटना को लेकर स्तब्ध है। पदाधिकारियों ने कहा कि नफरत की राजनीति का परिणाम है मणिपुर की घटना। देश भर में तथाकथित संगठनों द्वारा दिन रात धर्म, जाती समाज आदि के नाम पर सीधे सादे लोगों के दिलों में जहर घोलने का काम किया जा रहा। इस घटना के विरोध में तीन अगस्त को कैंडल मार्च निकाला जायेगा। पदाधिकारियों ने जल्द से जल्द मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग की है। प्रेसवार्ता में बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली, सचिव प्रो शाहनवाज खान, मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, संरक्षक हाजी ताहीर हुसैन, संयोजक रविंद्र मुंडा, प्रवक्ता सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, उपकोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, उपाध्यक्ष सोनी महतो, फरीदा खातून, सह सचिव ब्रहदेव महतो, मदन दांगी, रियासत हुसैन, संगठन सचिव कवित्री देवी, दिनेश करमाली, शिव शंकर बेदिया, मोहित मुंडा, राजू बेदिया, नसीम अख्तर, नरेश प्रजापति, मदन प्रजापति, रामदयाल बेदिया, श्यामलाल करमाली, आजाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## हल्ला बोल कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा: नित्यानंद



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू शांति मोहल्ला में आजसू पार्टी कि बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में आजसू के वरिष्ठ नेता नितयानंद कुमार ने कहा कि 4 अगस्त को पार्टी के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम मे पतरातू क्षेत्र के आम आवाम शामिल होगे। इस मौके पर राकेश विश्वकर्मा, भिंडा कुमार, मनोज राम, घनश्याम राम, रवि सिंह, मनोज भुइयां, सुशील राम, विनोद राम, संदीप दास, राहुल दास, दीनानाथ दास, संजय दास, कार्तिक राम, सुरेश राम, राजेश कुमार, मीरा देवी, कांति देवी, रीता देवी, सुचिता देवी, अनीता देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी में गड़बड़ी की जांच करेंगे सदर एसडीओ



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान कई प्रस्ताव पारित किये गए। बैठक के दौरान गत बैठक की कारवाई की समीक्षा की गयी, तथा गत वित्तीय वर्ष के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने रेडक्रॉस भवन में आवश्यकतानुसार तीन एयर कंडीशन मशीन तथा एक इंवर्टर देने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिजली का वायरिंग कराने, भवन की मरम्मती तथा रंग रोगन कराने का निर्देश दिया। इस कार्य के लिए उन्होंने सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी को संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्टिमिट बनवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा रेड क्रॉस में एक कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति करने तथा जनरेटर की बैटरी खरीदने के अलावा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं रेड क्रॉस में कार्यरत लैब टेक्नीशियन सुमन कुमारी को सीएचसी से रेड क्रॉस में पूर्ण रूपेण प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन सिंह को दिया गया। साथ ही रेड क्रॉस में गड़बड़ी को लेकर सदस्यों द्वारा की गयी शिकायत की जांच के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी को कमिटी बनाकर जांच करने का निर्देश दिया । इस मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन सिंह, रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव राजकुमार अग्रवाल, संरक्षक सदस्य चंद्रदेव गोप, गीता देवी, कार्यकारिणी सदस्य साबिर हुसैन, पंकज दुबे, संतन पांडेय, ताराचंद सोनी, धर्मेंद्र पाठक, एजाज अहमद, कुमार विवेक सहित अन्य उपस्थित थे।

# मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित है एटकः नरेश मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** रिभर साईड स्थित यूनियन कार्यालय में शुक्रवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा कोलियरी शाखा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सह केंद्रीय सचिव और जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल ने की। बैठक में मुख्य रूप से शाखा सचिव लखेंद्र राय, सहायक सचिव सह सीसीएल सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार, केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य अनुज कुमार उपस्थित थें। बैठक में वर्ष 2023 की सदस्यता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही इस बार 600 से अधिक सदस्यता बढ़ाने का सामुहिक निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय ट्रेड यूनियन के लिए गए निर्णय अनुसार के केंद्र सरकार और मोदी सरकार के श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ 17 सूत्री मांगों को ले 31 जुलाई को रामगढ़ में होने वाले सयुंक्त कन्वेंशन में भाग लेने और आगामी 10 अगस्त को रांची में राज्यपाल के समक्ष महापड़ाव में भाग लेने का भी निर्णय हुआ। साथ ही भुरकुंडा से पूरी ताकत के साथ उक्त आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में साथियों को भाग लेने पर सहमति जतायी गयी। मौके पर नरेश मंडल ने कहा कि एटक मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सदैव समर्पित है। बैठक में भुरकुंडा कोलियरी शाखा का सम्मेलन सावन माह के बाद करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही सफल 11वां जेबीसीसी समझौते कराने के लिए उपस्थित लोगों ने एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉ. रमेन्द्र कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद कहा। मौके पर अशोक राम, प्रेम सिह, मनोज झा, पंकज सिन्हा, चन्द्रदेव कुमार, रंजीत कुमार, आलोक पुरखत, संतोष कुमार, सुनील सिह, विजय यादव, जोगेंद ठाकुर, मंजूर, परदेशी, भुनेश्वर मुंडा, नारायण साव, नकुल साव, राजकिशोर यादव, अजय कुमार, पवन मौर्या, दिवाकर पटेल, महेंद्र कुर्मी, सुनील मिश्रा, अशोक राम, कन्हैया लाल राय, अफजल हुसैन, सुरेन्द्र महतो, मो. अतीक, मंगल नायक, सुनील बैठा, मनीष कुमार, बुलेटन सिह, अशोक कुमार, विजय कुमार, नागेन कुमार, रमेश सिह, रंजन पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## काकनातू जंगल से युवक का शव बरामद

**चतरा (आजाद सिपाही)।** कुंदा-चतरा मुख्य पथ पर कुंदा थाना क्षेत्र के काकनातू जंगल में एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव के समीप एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। पुलिस मृतक शिव कुमार तुरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया हालांकि 100 और मोटरसाइकिल में किसी प्रकार के खर्च नहीं होने के कारण मोटरसाइकिल दुर्घटना। यह मामला सर्वप्रथम मोटरसाइकिल दुघर्टना का बताया गया पर मृतक के भाई का कहना है कि मेरा भाई मृतक शिव कुमार तुरी धर्मेंद्र साव के साथ छड़ सीमेंट का दुकान खोला था। कुछ दिनों के बाद पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों में कुछ झगड़ा हुआ था। जिसके बाद धर्मेंद्र साव ने कई बार उसे जान मारने की धमकी दी थी। हालांकि शव और मोटरसाइकिल में किसी प्रकार की खरोच नहीं होने के कारण शक की सुई हत्या की ओर जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

## जीएम कार्यालय को लेकर खतियानी रैयत परिवार ने की बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सिदो-कान्हु चौक समीप आदिवासी छात्र संघ कार्यालय में शुक्रवार को महाप्रबंधक कार्यालय स्थानांतरण को लेकर खतियानी रैयत परिवार ने की बैठक। जिसकी अध्यक्षता खतियानी रैयत परिवार के अध्यक्ष शनिचर मांझी ने किया। संचालन सुखू मांझी ने किया। बैठक में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय को बीटीटीआई बुधबाजार भुरकुंडा में स्थानांतरण की योजना बनायें जाने का विस्थापितों ने पुरजोर विरोध किया। विस्थापितों ने एक स्वर में महाप्रबंधक कार्यालय को उरीमारी में बनाने का सीसीएल प्रबंधन से मांग किया। साथ ही मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्ण अत्याचार पर कड़ी निंदा करते हुए आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस सादगी पूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कार्तिक मांझी, खेपन मांझी, सुरेश मुर्मू, नकुल प्रजापति, तालो हांसदा, मनोज सिंह, शिकारी टुडू, संतोष प्रजापति, जुगल करमाली, सुवितराम किस्कू, रामलाल बेदिया, फुलचंद बेदिया, विनोद सोरेन, सतनारायण बेदिया, भवानी शंकर प्रसाद, जितेंद्र यादव, सुरेश प्रजापति, सुरेंद्र, करमाली देवा उरांव, राजेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## मासिक लोक अदालत में कुल 35 वादों का निष्पादन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा बाजपेयी द्वारा मासिक लोक अदालत का आयोजन जिला व्यवहार न्यायालय में किया गया। इस मासिक लोक अदालत में कुल 35 वादों का निष्पादन किया गया और 9,24,745(नौ लाख चौबीस हजार साथ सौ पैंतालीस)रुपए का सरकारी राजस्व प्राप्त हुआ। इस लोक अदालत में 3 बेंचों का गठन किया गया था। बेंच संख्या 01 में राकेश चंद्रा जिला और अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय, सदस्य अधिवक्ता अक्षय कुमार सिंह और दिनेश कुमार सिन्हा, बेंच संख्या 02.में कमल रंजन अवर न्यायाधीश तृतीय सह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सदस्य पैनल अधिवक्ता आशुतोष कुमार और शिशिर कुमार तथा बेंच संख्या 03. में अदनान अकीब अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह मुंसिफ और सदस्य पैनल अधिवक्ता राजीव कुमार श्रीवास्तव और प्रवीण रंजन उपस्थित थे। बेंच नंबर 1 से 5,50,000 (पांच लाख पचास हजार) का चेक मोटर दुर्घटना वाद के पीड़िता को दिया गया।

### श्री गुरु नानक स्कूल में निवर्तमान डीसी को दी गयी विदाई

# लक्ष्य हासिल करना है, तो जीवन से नकारात्मक सोच को हटायेंः माधवी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में जिले के निवर्तमान डीसी माधवी मिश्रा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देसी माधवी मिश्रा, सोनी परिषद की नामित सदस्य कीर्ति गौरव, गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, स्कूल के अध्यक्ष हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह लांबा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व डीसी माधवी मिश्रा के आगमन पर स्कूल के स्काउट टीम ने स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल ले जाया गया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमजीत सिंह कालरा, स्कूल के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा और उपाध्याय मनमोहन सिंह लांबा ने डीसी को बुके देकर स्वागत किया। वही, स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत पेश किया।

डीसी ने कहा लक्ष्य हासिल करना है तो जीवन से नकारात्मक सोच को हटायें उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक स्कूल ने जो सम्मान दिया है उसे मैं नहीं भुला सकता है।

**विभिन्न सामाजिक संगठन के लोगों ने डीसी को दी विदाईः** कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए। मौके पर जिले की चौमुखी विकास करने में डीसी माधवी मिश्रा द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए सराहना की गयी।

**स्कूल प्रबंधक कमेटी ने मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर दी विदाईः** कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, स्कूल के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा और उपाध्याय मनमोहन सिंह लांबा आदि ने डीसी माधवी मिश्रा को मोमेंटो देकर और शॉल ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम में मुख्य रुप से छावनी परिषद की नामित सदस्य कीर्ति गौरव, प्रधान प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अध्यक्ष हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह लांबा, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष मेघा बगड़िया, नीरू साहनी, जसमीत कौर सोनी, जैन समाज के अध्यक्ष मानिकचंद जैन, लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय हरलालका, अशोक जैन, कमल बगड़िया, अमित साहू, विजय मेवाड़, जितेंद्र प्रसाद, प्रो संजय सिंह, रवि अग्रवाल, दीपक सिन्हा, सरदार परमजीत सिंह, हरदीप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, कुलजीत सिंह छाबड़ा, इंद्रपाल सिंह सैनी, विक्रमजीत सिंह कोहली आदि उपस्थित थे।

## नवनिर्मित इवीएम वेयरहाउस का डीसी ने किया निरीक्षण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** छत्तरमांडू स्थित नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस का शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने डीसी को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान डीसी ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एफएलसी के कार्य को पारदर्शिता से पूर्ण करने के संबंध में भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

# गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक

गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाने का भारत सरकार का फैसला पूरी दुनिया के लिए चिंता का कारण बन गया है। हालांकि यह इस मायने में कोई नया या अनोखा फैसला नहीं कहा जा सकता, क्योंकि घरेलू मोर्चे पर हालात या जरूरत के मुताबिक ऐसा फैसला न केवल भारत सरकार, बल्कि अन्य देशों की सरकारें भी करती रही हैं। इस बार भी फैसले के पीछे मौसम की प्रतिकूलता से उपजे घरेलू हालात ही हैं। देश में, खासकर उत्तर भारत के बड़े इलाके में मॉनसूनी बारिश की कमी के चलते धान की कम रोपाई ने यह आशंका पैदा कर दी है कि इस बार धान की फसल कम होगी। इस आशंका के कारण घरेलू बाजारों में कीमतें चढ़ने लगीं, जिस पर लगाम लगाने की मंशा से सरकार ने यह फैसला किया है। मगर फैसला ऐसे समय आया है, जब रूस ब्लैक सी अनाज समझौते से बाहर निकलने की घोषणा कर चुका है। इस समझौते की ही बदौलत युद्ध के बावजूद यूक्रेन से अनाज की आपूर्ति बाधित नहीं हो रही थी। यह समझौता तुर्किये ने रूस और यूक्रेन के बीच कराया था। हालांकि, इसके बाद भी ग्लोबल मार्केट में अनाज की कीमतें इस दौरान चढ़ती रही हैं। सितंबर 2022 से अब तक चावल की कीमतों में 15-20 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। खैर, रूस के समझौता तोड़ने की घोषणा के बाद भारत की ओर से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाने के एलान को अगर इतनी गंभीरता से लिया जा रहा है, तो वह भी अकारण नहीं है। भारत के कुल चावल निर्यात का 25 फीसदी हिस्सा इसी गैर-बासमती श्रेणी का होता है, जिस पर रोक लग चुकी है। ध्यान रहे, भारत दुनिया में चावल के प्रमुख निर्यातक देशों में आता है। दुनिया के करीब 42 देश ऐसे हैं, जिनके चावल आयात का 50 फीसदी से भी ज्यादा हिस्सा भारत से जाता है। निश्चित रूप से खाद्य आपूर्ति की चुनौतियों से जूझती दुनिया के लिए यह बुरी खबर है। अमेरिका और कनाडा जैसे कई देशों से आ रही खबरों के मुताबिक लोगों में घबराहट अभी से दिखने लगी है। ऐसी तस्वीरें और विडियो सोशल मीडिया पर डाले जा रहे हैं, जिनमें चावल खरीदने वालों की लंबी कतारें दिख रही हैं। आइएमएफ (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) ने आगाह किया है कि मौजूदा हालात में इस तरह की रोक से दुनिया में खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। उसने यहां तक कह दिया कि ऐसे फैसले जवाबी उपायों के लिए भी प्रेरित कर सकते हैं। मगर यह बात याद रखी जानी चाहिए कि इस फैसले के पीछे भारत की मजबूरी हो सकती है, गैर-जिम्मेदारी की भावना नहीं। भारत हमेशा से वैश्विक हितों का ख्याल रखता रहा है। कोविड-19 के दौरान जरूरतमंद देशों को टीके उपलब्ध कराना इसका हालिया उदाहरण है। और, चावल निर्यात पर आंशिक रोक लगाते हुए भी खाद्य सुरक्षा से जुड़े अनुरोधों पर विचार करने की गुंजाइश बनाए रखी गयी है।

**भारत दुनिया में चावल के प्रमुख निर्यातक देशों में आता है। दुनिया के करीब 42 देश ऐसे हैं, जिनके चावल आयात का 50 फीसदी से भी ज्यादा हिस्सा भारत से जाता है। निश्चित रूप से खाद्य आपूर्ति की चुनौतियों से जूझती दुनिया के लिए यह बुरी खबर है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का दृष्टिकोण सामने रखा। 260 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों और 40 मिलियन से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के साथ, भारत की शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। आम जनता सहित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के पश्चात, 34 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 का शुभारंभ किया गया।**

# एनइपी 2020: विकसित भारत की ओर अग्रसर मार्ग



**धर्मेंद्र प्रधान**



**ज्ञान** शक्ति है। भारत की समृद्ध ज्ञान क्षमता वेदों और उपनिषदों में स्पष्ट है, जो सदियों से ज्ञान के विशाल स्रोत के रूप में कार्य कर रहे हैं। नालंदा और तक्षशिला जैसे हमारे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ, भारत अतीत में एक अंतरराष्ट्रीय ज्ञान का केंद्र रहा है। समय के साथ, भारत की ज्ञान शक्ति और संपदा ने मुगल, मंगोल, ब्रिटिश, डच और पुर्तगालियों सहित बहुत लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिन्होंने इतिहास की विभिन्न अवधियों में भारत पर आक्रमण किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत के ज्ञान संपदा की भी अत्यधिक हानि हुई, लेकिन यह सर्वविदित और स्वीकृत तथ्य है कि आक्रमणकारी हमारी भूमि को लूट सकते थे और हमारे विश्वविद्यालयों को नष्ट कर सकते थे, लेकिन वे हमारी भूमि के गुरुओं और योगियों से सदैव पराजित हुए।

दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान ब्रिटेन ने दुनिया का नेतृत्व किया, जबकि तीसरी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व अमेरिका ने किया। आज जब भारत, ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, तो अब समय आ गया है कि यह एक बार फिर ज्ञान का केंद्र बन जाये और नयी और उभरती प्रौद्योगिकियों में तेजी से हो रही वृद्धि के साथ अब चौथी औद्योगिक क्रांति में दुनिया का नेतृत्व करे।

**विदेशी अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से 30 भारत अंतरराष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं।**

इन अपेक्षित परिवर्तनों के बीच, 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का दृष्टिकोण सामने रखा। 260 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों और 40 मिलियन से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के साथ, भारत की शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। आम जनता सहित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के पश्चात, 34 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 का शुभारंभ किया गया। जैसे-जैसे हम 29 जुलाई, 2023 के करीब पहुंच रहे हैं, हम शिक्षा पर एक 'महाकुंभ' 2-दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पिछले तीन वर्ष महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साक्षी बने हैं। भारत के इतिहास में पहली बार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (इसीसीइ) को औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया गया है, इस साक्ष्य को मान्यता देते हुए कि बच्चे के संपूर्ण मस्तिष्क का 80 प्रतिशत से अधिक विकास 8 वर्ष की आयु से पहले होता है। इसके अतिरिक्त, 3-8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बुनियादी स्तर के पहले राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एफएस) के विकास में खेल-आधारित शिक्षाशास्त्र पर बल दिया गया है। इस रूपरेखा में बातचीत, कहानियां, संगीत, कला, शिल्प, खेल, क्षेत्रीय प्राकृतिक यात्राएं और सामग्री एवं खिलौनों के साथ इंटरैक्टिव खेल जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दृष्टिकोण के एक उदाहरण के रूप में जादूई पिटारे (जादुई बक्सा) को स्कूलों को अपनाने के लिए तैयार किया गया है।

एनसीएफ-एफएस पर आधारित कक्षा 1 और 2 के लिए पाठ्यपुस्तकें जारी की गई हैं, जो 2026 तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय निपुण भारत मिशन की पूरक हैं। स्कूली शिक्षा के लिए आगामी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन (एनसीएफ-एसइ) के अनुरूप लगभग 150 नयी पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करायी जायेंगी। ये अमृत काल की पुस्तकें होंगी और एनइपी-2020 के तहत बहुभाषी शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए इन्हें कम से कम 22 भारतीय भाषाओं में विकसित किया जायेगा।

प्रधानमंत्री इ-विद्या के माध्यम से पाठ्य-पुस्तकों के डिजिटल संस्करणों को सुलभ बनाया जा रहा है, जिससे न्यायसंगत और ऑन-डिमांड पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। एनइपी की सही भावना का प्रतिनिधित्व करने वाले उभरते भारत के लिए पीएम श्री स्कूल भी पूरे देश में स्थापित किए जा रहे हैं।

एनइपी 2020 ने सामान्य शिक्षा के साथ अपने एकीकरण और मुख्यधारा के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया है। हम स्कूल स्तर पर कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए समग्र शिक्षा और कौशल भारत मिशन के बीच सामंजस्य बना रहे हैं। छात्रों और स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों को व्यापक कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए स्कूलों में 5000 कौशल केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं।

इसके अलावा, एक एकीकृत राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) पेश किया गया है, जो स्कूल, उच्च और कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा को क्रेडिट रखता है। एनसीआरएफ विभिन्न स्तरों पर एकाधिक प्रवेश और निकास को सक्षम बनाता है, जिससे छात्रों को अपने जीवन में किसी भी समय उच्च शिक्षा प्रणाली में फिर से प्रवेश करने की अनुमति मिलती है। मान्यता के लिए क्रेडिट छात्र के अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में जमा हो जायेगा।

प्रौद्योगिकी छात्रों को ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम हासिल करने में सक्षम बना रही है, शिक्षार्थियों को अधिक सुग्राहयता प्रदान कर रही है और विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ा रही है। अब स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से भी क्रेडिट अर्जित किया जा सकता है और जल्द ही, भारत में अपनी तरह की एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित की जायेगी।

मांग-आधारित कौशल को सक्षम करने, एमएसएमइ सहित नियोक्ताओं के साथ जुड़ने और उद्यमिता योजनाओं तक पहुंच की सुविधा के लिए एकीकृत इकोसिस्टम को और भी मजबूत किया गया है। हम कौशलपूर्ण उम्मीदवारों की वैश्विक गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने पर भी कार्य कर रहे हैं।

युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और कुशल कार्यबल के लिए विदेशी अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से 30 भारत अंतरराष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। उद्योग 4.0 की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार 330 से अधिक वर्तमान समयानुरूप पाठ्यक्रम विकसित किये गये हैं।

शिक्षण में भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए कई उच्च शिक्षा संस्थान अब कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। एआइ अनुवाद उपकरण विभिन्न भारतीय भाषाओं में पाठ्य-पुस्तकों के अनुवाद की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। जेइइ, एनइइटी और सीयूइटी जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं अब 13 भाषाओं में उपलब्ध हैं।

शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण के क्षेत्र में, भारत के संस्थान विदेशों में परिसर स्थापित कर रहे हैं, जबकि आइआइटी मद्रास का जांजीबार-तंजानिया में अपने नियोजित परिसर के साथ वैश्विक रूप से विस्तार हो रहा है, इस महीने के प्रारंभ में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात में आइआइटी दिल्ली के परिसर को स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये गये। उल्लेखनीय विदेशी विश्वविद्यालय भी गुजरात की गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं, और निकट भविष्य में विदेशों में एक स्कूल बोर्ड सहित अन्य भारतीय संस्थानों की उपस्थिति का और विस्तार करने की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं।

अमृत काल के अंतर्गत विकसित भारत का स्वप्न, अमृत पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करके ही साकार किया जा सकता है। कामकाजी आयु वर्ग में हमारी लगभग 65 प्रतिशत आबादी के साथ, हमें एक ऐसी उम्र के लिए रूपरेखा तैयार करनी चाहिए, जिसमें आजीवन सीखने और कौशल की आवश्यकता हो।

वसुधैव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित होकर भारत 21वीं सदी का वास्तविक नेता बनने के मार्ग पर है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस परिवर्तन को वर्तमान वास्तविकता से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

वैश्विक नागरिक बनाने के दृष्टिकोण के साथ भारत की ज्ञान परंपराओं पर जोर देकर, इसमें विश्व स्तर पर कहीं भी ज्ञान-आधारित समाज बनाने के लिए एक मार्गदर्शक बनने की क्षमता है, खास कर गरीब और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए जो उपनिवेश की छाया से मुक्त होना चाहते हैं। अब जबकि एनइपी अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर रहा है, इसकी सफलता का मतलब 2047 तक एक विकसित भारत (विकसित भारत) तथा ज्ञान साझाकरण एवं शांति पर केंद्रित एक वैश्विक विश्व व्यवस्था होगी।

**(लेखक : केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### ग्रामीणों की मांग को लेकर सीएम से मिले विधायक मंगल कालिंदी, मिला आश्वासन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों की मांग को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। शुक्रवार को मुलाकात के दौरान ओलचिकी हूल बैसी, झारखंड व माझी परगना महाल, आसनबनी घाड़दिसोम के द्वारा समर्पित मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में पठन-पाठन के लिए संताली ओलचिकी लिपि भाषा का पाठ्य पुस्तकों का मुद्रित करने की मांग की। साथ ही शिक्षक की बहाली करने, संथाली भाषा व संथाली व्याकरण के सर्वांगीण विकास करने, संथाली एकेडमी का गठन करने, झारखंड के संथाली भाषा को प्रथम राजभाषा का दर्जा देने की मांग शामिल है। विधायक कालिंदी ने कहा बीते दिनों ग्रामीणों के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया था। ग्रामीणों की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### टाटा मोटर्स यूनियन की कमिटी मीटिंग में शामिल हुए अध्यक्ष और महामंत्री, सुरक्षा पर की चर्चा



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कार्यालय में अध्यक्ष गुरमीत सिंह व महामंत्री आरके सिंह के नेतृत्व में कमिटी मीटिंग का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मीटिंग में कम्पनी के अंदर सुरक्षा नियमों का पालन करने व असुरक्षित वातावरण में काम करने से परहेज करने पर चर्चा की गई। सभी के विचारों को सुनने के बाद महामंत्री आरके सिंह ने कमिटी मेंबर द्वारा सुरक्षा उपायों को वरीय पदाधिकारी से बात करके अमल करने की बात कही। साथ ही बैठक में महामंत्री के द्वारा प्रस्ताव लाया गया। उन्होंने बताया यूनियन में हाल के दिनों में दो कमिटी मेंबर के सेवानिवृत्त होने पर दो स्थान रिक्त हैं। इन रिक्त स्थान पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के निबंधित चुनाव नियमावली के तहत प्रक्रिया पूरा करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एच एस सैनी ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आर के सिंह, सलाहकार प्रवीण सिंह सहित सभी कमेटी मेम्बर व आफिस बेयरर शामिल रहे।

### डीसी ने पदभार संभालते ही वरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# अनुशासन के साथ तालमेल बना कर काम करें : रविशंकर शुक्ला

**जिले के 33 वें जिला दण्डाधिकारी सह डीसी रविशंकर शुक्ल ने पदभार संभाला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के 33 वें जिला दण्डाधिकारी सह डीसी रविशंकर शुक्ल ने पदभार संभाला। शुक्रवार को निवर्तमान डीसी अरवा राजकमल से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर डीसी अरवा राजकमल ने डीसी रविशंकर शुक्ल को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण कर डीसी ने कहा जिले में केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारने, सुयोग्य लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने व विकास कार्यों को सफल बनाने में पहली प्राथमिकता होगी। वही निवर्तमान डीसी अरवा राजकमल ने कहा सरायकेला खरसावां जिले मे लगभग ढाई वर्ष कार्य करने का मौका मिला। जिले के कई अच्छी यादें हमेशा साथ में रहेंगी। उन्होंने सम्पूर्ण कार्यकाल के दौरान सहयोग प्रदान करने के लिए जिले वासियों धन्यवाद दी। साथ ही नव पदस्थापित डीसी रविशंकर शुक्ला को सहयोग प्रदान करने की अपील की। मौके पर उपविकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अपर नगर आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, परियोजना निदेशक आई टी डी ए संदीप कुमार दुइबरू, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, अनुमंडल पदाधिकारी चंडील, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंद विकास पदाधिकारी, सभी अंचलधिकारी व अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### पार्किंग की समस्या को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सौंपा मांग पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बमार्माइंस थाना क्षेत्र में पार्किंग की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल के निर्देश पर बमार्माइंस मंडल अध्यक्ष रविजेंट सिंह के नेतृत्व में विरोध दर्ज कराया गया। शुक्रवार को भाजयुमो मंडल के प्रभारी सह जिला के प्रवक्ता अमित सिंह, भाजपा बमार्माइंस मंडल के महामंत्री सूरज कुमार सिंह ने भाजयुमो बमार्माइंस मंडल के कार्यकर्ताओ के संघ थाना में एक मांग पत्र सौपा। मौके पर मंडल अध्यक्ष ने बताया बमार्माइंस गेट के पास पार्किंग वाला एरिया मे असामाजिक तत्व का जमावड़ा बना रहता है। रात में गाड़ी पार्किंग के दौरान लाइट व सीसी टीवी कैमरा नही रहने पर असामाजिक तत्वों के द्वारा दोपहिया वाहनों का सीट फाड़ दिया जाता। इतना ही नही गाड़ी से पेट्रोल भी चोरी कड़ ली जाती। जिससे मजदूरों भाइयों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बमार्माइंस पुलिस से पार्किंग एरिया में समस्या का समाधान के लिए मांग किया गया। महामंत्री सूरज कुमार सिंह ने कहा ज्ञापन देने के बाद सुधार नहीं होने पर जेएनएसी में ज्ञापन सौपा जायेगा। इस अवसर पर अमित सिंह, सूरज कुमार सिंह, शशांक शर्मा, अनिकेत सिंह, विकास कुमार, राजू शर्मा, सागर राय, किशन कुमार, उमेश साहू, रवि रजक करण कुमार, अनिकेत कुमार, पंकज कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

### विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर एक हजार पौधे लगाने का लिया संकल्प



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के नेतृत जनहित को समर्पित हरित अभियान गो ग्रीन - ब्रीद क्लीन अभियान का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को अभियान के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, विशिस्ट अथिति स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सुनीता राव व समानित अथिति संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा उपस्थित रहे। अथितियों के द्वारा संयुक्त रूप से बिरसानगर जोन नंबर 6 स्थित साई स्मार्ट जूनियर स्कूल में पौधारोपण किया गया। वही विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर स्कूल प्रांगण में नन्हे नौनिहालों से 11 पौधे लगा कर हरित अभियान को प्रारंभ किया गया। गर्मी में प्याऊ की सेवा व विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर पर्यावरण को समर्पित अपने नए अभियान गो ग्रीन - ब्रीद क्लीन की शुरूआत की गयी। मौके पर शौर्य संस्था के द्वारा 1000 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। अमरजीत सिंह राजा ने बताया पृथ्वी पर बढ़ते वायु प्रदूषण व पर्यावरण पर दुष्प्रभाव में अंकुश लगाने के उधेश्य से शौर्य संस्था गो ग्रीन - ब्रीद क्लीन अभियान का प्रारंभ किया। पेड़ लगने से ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी। स्वच्छ वायु में सांस ले पाएंगे। इसके लिए लोगों को जागरूक करना संस्था का लक्ष्य हैं। कार्यक्रम का नेतृत्व तेजिंदर सिंह जोनी ने किया। मौके पर विकास शर्मा, ओंकार सिंह, गोबु घोष, रोशन सिंह, शुभम मिश्रा, स्कूल की शिक्षिकायें व नन्हे बच्चे उपस्थित रहे।

### प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां ने निवर्तमान डीसी को दी विदाई, नये का किया स्वागत



**सरायकेला।** द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत के नेतृत्व में निवर्तमान डीसी अरवा राजकमल से मिलकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। मौके पर निवर्तमान डीसी अरवा राजकमल ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष व सभी सदस्यों की सराहना की। उन्होंने वर्तमान डीसी से प्रेस भवन का निर्माण कार्य जल्द करने के लिए अपील की। मौके पर निवर्तमान डीसी अरवा राजकमल ने प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ बीते 2 सालों के कार्यकाल की खट्टी मीठी यादों को साझा किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के प्रमोद सिंह, संतोष कुमार, रासबिहारी मंडल,सुमित सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# चिकित्सक और उसके पुत्र की लापरवाही से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता





**रमना।** निरोग्यम नामक निजी क्लिनिक में चिकित्सक और उसके पुत्र के द्वारा गलत ईलाज और लापरवाही से एक युवक के मौत से आक्रोशित लोगों ने अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। जिसके सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ प्रमोद केशरी और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने लोगों को समझा कर शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन लोग काफी आक्रोशित थे। जिसके कारण प्रशासन को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। वहीं स्थल पर पहुंची अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुचित्रा कुमारी के निर्देश पर निजी क्लिनिक को सील कर दिया गया। साथ ही रमना थाना पुलिस द्वारा निजी चिकित्सक डॉ श्याम सुंदर प्रसाद और उसके पुत्र अविनाश कुमार को गिरफ्तार कर थाना ले गयी। जिसके बाद मामला शांत हुआ। इधर मृतक के माता सुनीता देवी पति संतोष मेहता ने निरोग्यम अस्पताल के संचालक डॉ श्यामसुंदर प्रसाद और उनके पुत्र अविनाश कुमार उर्फ हैप्पी पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुये कार्रवाई की मांग की है। दिये गये आवेदन में सुनीता देवी ने कहा कि बीती रात 11 बजे अपने पुत्र राजू कुमार के पेट में दर्द के शिकायत के बाद बाजार स्थित निरोगयम अस्पताल में गया था। जिसके बाद डॉ श्यामसुंदर प्रसाद और उनके पुत्र अविनाश कुमार के द्वारा इंजेक्शन के साथ टैबलेट खाने को दिया। जिसके काफी देर बाद स्थिति सुधार के बजाय बगड़ने लगी। इस दरम्यान डाक्टर के द्वारा हमेशा संतावना देते रहे की आपका मरीज ठीक हो जायेगा। लेकिन लगातार स्थिति बिगड़ती गयी और मेरे बेटे की आवाज बंद होने लगी और उसकी मौत हो गयी। उन्होंने दोषी लोगो पर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर स्थानीय थाना ने दोनो आरोपियों को अपने हिरासत में लेते हुये जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने के लिए पुलिस तैयार: नीतीश कुमार

## मोहर्रम को लेकर मेराल पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** मोहर्रम को लेकर मेराल थाना पुलिस ने शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने का संदेश दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अगुवाई में थाना से फ्लैग मार्च शुरू किया गया जिसमें बीडीओ प्रवेश कुमार साव, सीओ निकिता बाला के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकलकर नेशनल हाईवे 75 से चरका पत्थर मस्जिद होते हुए बस स्टैंड हाई स्कूल चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय के समीप पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरानबीडीओ प्रवेश कुमार साव ने कहा कि मोहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन चौकस है तथा कहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे इसके लिए प्रशासन चुस्त-दुरुस्त है। सीओ निकिता बाला ने मुहर्रम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि असामाजिक तत्वों को कल संदेश देने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। त्यौहार में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से निपटेगी।

फ्लैग मार्च में पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, सुरजीत चौधरी, संजय कुशवाहा, एएसआई संतोष कुमार, सत्येंद्र चौबे, सुधांशु यादव, सहित पुलिस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।

## रमकंडा प्रखंड की सात पंचायतों में झामुमो युवा मोर्चा कमेटी का किया गया पुनर्गठन



**रंका(आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड अंतर्गत सभी सात पंचायतों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा मोर्चा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इनमें रमकंडा, रक्सी, बेटे , हरहे , बलीगढ़, बिराजपुर और उदयपुर पंचायत का नाम शामिल है। रमकंडा पंचायत के युवा मोर्चा कमेटी के सर्वसम्मति से अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, चेटे पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, रक्सी पंचायत के अध्यक्ष बबन यादव, उदयपुर पंचायत के अध्यक्ष मंसूर अंसारी, बिराजपुर पंचायत के अध्यक्ष अमरेश कुमार पासवान, बलीगढ़ पंचायत के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, हरहे पंचायत के अध्यक्ष अजय सिंह समेत अन्य सदस्यों का चयन किया गया है। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह रमकंडा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राज किशोर यादव, पर्यवेक्षक के रुप में गढ़वा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ छोटू संजय, रमकंडा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष श्री श्रवण प्रसाद कमलापुरी सहित झामुमो के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोहर्रम पर जुलूस निकाला गया



**बंशीधर नगर(आजाद सिपाही)।** मोहर्रम का जुलूस आपसी भाईचारे और अकीदत के साथ निकाला गया। प्रखंड क्षेत्र के बम्बा उतर टोला सुल्तान अंसारी के आवास के निकट मुहर्रम नौजनवान इंतजामिया कमिटी( हुसैनी कमेटी) द्वारा शरबत पानी का इंतजाम किया गया। शरबत पानी के स्टॉल का शुभारंभ पिपरडीह मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम, सदर मुश्ताक अहमद शेख, बीडीसी प्रतिनिधि कृष्णा राम, ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से जुलूस में शामिल लोगो को शरबत पिलाकर किया गया। मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम ने कहा कि मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा शरबत पानी का आयोजन किया गया है यह बहुत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पानी पिलाया गया इसके लिए कमेटी के लोगों को धन्यवाद देता हूँ। मौके पर उपमुखिया असगर अली, सदर मुश्ताक अहमद शेख, ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी, मुस्तकीमउ अंसारी, उस्मान अंसारी, डॉ सुलेमान अंसारी, डॉ फिरोज आलम, डॉ शाहिद अंसारी, सहित बड़ी संख्या लोग शामिल थे।

## हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य का आगमन श्री मां गढ़देवी मंदिर धार्मिक न्यास के परिसर में हुआ



**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव कुमार तिवारी का आगमन श्री मां गढ़देवी मंदिर धार्मिक न्यास के परिसर में हुआ। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके अलावा उन्होंने श्री मां गढ़ देवी मंदिर धार्मिक न्यास के कोषाध्यक्ष से आय-व्यय का ब्यौरा एवं मंदिर के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जयसवाल से भी निर्माण कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। मौके परमादिर समिति के उपस्थित सदस्यों ने संजीव कुमार तिवारी से श्री मां गढ़देवी महोत्सव कराने हेतु एवं मंदिर के विकास के संबंध में विचार विमर्श किया । जिसमें श्री मां गढ़देवी मंदिर धार्मिक न्यास के उपस्थित सदस्य कोषाध्यक्ष हेमेंद्र कुमार सिंह, सदस्य विनोद जयसवाल, विनोद पाठक, बैजनाथ राम, कृष्णा केसरी , रवि केसरी, जय पटवा, अरविंद केसरी, मृत्युंजय, उमेश केसरी, राजन पांडेय, मनु दुबे, जवाहर चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्रमुख ने पीसीसी पथ की रखी आधारशिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के ताली में शुक्रवार को 15वें वित्त पंचायत समिति मद से पीसीसी सड़क का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी और मुकुंदपुर पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया।उक्त सड़क काफी जर्जर और बदहाल स्थिति में होने के कारण पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून के अथक प्रयास से नंदू साह के घर से अशोक साह के घर होते हुए मोड़ तक पीसीसी निर्माण कार्य एक लाख 52 हजार 300 सौ रु की लागत से कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, इंतेयाज आलम, उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य फुल, प्रभा, मनोज साह, गांव के वरिष्ठ बुजुर्ग सुग्रीम साह, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने आधा दर्जन मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने शुक्रवार को आधा दर्जन मतदान केंद्रों व मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले घरों का निरीक्षण, बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ के साथ किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी बीएलओ को एक अक्टूबर 2024 तक 18 वर्ष पूरा करने वाले योग्य व्यक्तियों से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए प्रपत्र 6 भरने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदाता सत्यापन कार्य के दौरान यदि मतदाता का नाम, पता मतदाता सूची में गलत हो तो सुधार के लिये प्रपत्र 8 भरने का निर्देश दिया। मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओ का भी निरीक्षण किया गया, जिसके तहत मतदान केंद्रों पर रैंप, बिजली, पानी, शौचालय आदि की उपलब्धता की जांच किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने नरही पंचायत अंतर्गत पंचायत सचिवालय स्थित दो मतदान केंद्र, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मर्चवार, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलसलादी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। मौके पर बीएलओ पर्यवेक्षक बिरेंद्र कुमार सिंह, बीएलओ बबिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पतिला चौक पर महीनों से जलजमाव, परेशान ग्रामीण



**कांडी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडी-खरौंधा सड़क में पतिला चौक पर महीनों दिन से घुटना भर पानी का जलजमाव है। यह जलजमाव वर्षा की पानी के साथ आसपास के कई घरों के नाली का पानी उसी स्थान पर आकर जमा हो रहा है। जहां पर पानी जमा है अगल बगल घर बन गये हैं जिसकारण पानी का निकास बंद है। जिस कारण महीनों से जलजमाव बना हुआ है। इस पर किसी भी जनप्रतिनिधियों को कोई ध्यान नहीं है। अभी बारिश का समय है। एकत्रित पानी में मच्छरों की उत्पति होती है। जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां हो सकती हैं। जबकि चौक पर जलजमाव होने से आसपास के लगभग 30 घरों के लोगों को मच्छरों के सामना तेजी से करना पड़ रहा है। जिससे डेंगू नामक बीमारी से भी लोग पीड़ित हो सकते हैं। केवल इतनाही नहीं लोगों को पैदल आवागमन में घुटने भर पानी में करना पड़ता है। केवल इतना ही नहीं विभिन्न पंचायत के लोगों को इसी रास्ते से प्रखंड मुख्यालय तक आनाजाना पड़ता है। जल जमाव होने के कारण उससे दुर्गंध भी तेजी से फैल रहा है। लोगों को नाकों को बंद करके उससे गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने मीडिया के माध्यम से जल जमाव की समस्या का समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस जल जमाव की समस्या से निजात कैसे होगा समझ नही आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस जन समस्या पर किसी भी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। कहा कि पंचायती राज होने के बाद भी लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं का भी निराकरण नहीं हो पा रहा है। इस विषय मे पंचायत मुखिया अमित दुबे ने बताया कि दो चार दिनों के अंदर पतिला चौक पर हुए जलजमाव से लोगों को निजात मिल जायेगी।

## वित्तरहित शिक्षा नीति का पुतला दहन किया

**विशुनपुरा(आजाद सिपाही)।** वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर आरआरपीडी उच्च विद्यालय विशुनपुरा के शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मी अनुदान देने और वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त करने की मांग करते हुए वित्तरहित शिक्षा नीति का पुतला दहन किया। मौके पर प्रधानाध्यापक नागेंद्र पांडेय ने कहा कि सरकार एक तरफ समान काम के बदले समान वेतन की बात करती हैं। वही दूसरी तरफ वित्तरहित शिक्षकों के समक्ष दोहरी नीति के कारण भुखमरी के कगार पर हैं। इससे संबंधित संचिका शिक्षा विभाग के कार्यालय में धूल फांक रही है। जो दुःखद है। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार के शिक्षा विरोधी नारे भी लगाये। मोर्चा के आगामी कार्यक्रम में 31 जुलाई एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल और 2 अगस्त को विधानसभा के समक्ष महाधरना और 3 अगस्त को काला बिल्ला लगाकर अपने संस्थान में उपवास पर रहेंगे। मौके पर चंद्रशेखर यादव, अश्विनी मिश्रा, पंकज सोनी, मनीषा कुमारी, भगवान यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह, कृष्णा राम, बीरेंद्र चंद्रवंशी के नाम शामिल थे।

## गढ़वा में लोक अदालत आयोजित 114 वादों का हुआ निष्पादन

### 743500 रुपये राजस्व के रूप में प्राप्त हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झलसा के निदेर्शानुसार विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश शरण सिंह के निर्देश पर मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया । लोक अदालत में विभिन्न वादों के निष्पादन हेतु 5 पीठ नगर अनुमंडल व्यवहार न्यायालय सहित गठन किया गया । जिसमें संजीव कुमार सिंह जिला और सत्र न्यायाधीश प्रथम अरविंद कश्यप और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नगर ऊंटारी संतोष आनंद प्रसाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वीणा कुमारी अनुमंडल न्यायिक डंडा अधिकारी विजय कुमार दास न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित रहे।

सभी पीठ के लिए न्यायिक दंडाधिकारी के साथ 11 अधिवक्ताओं को भी मनोनीत किया गया जिनमें अधिवक्ता रविंद्र कुमार साहू हंसेस्वर पांडे नगर उंटारी नित्यानंद दुबे अनीता रंजन उत्तम कुमार भारती आज के इस मासिक लोक अदालत में क्रिमिनल कमांडबल 40 वाद बिजली विभाग से संबंधित 13 वाद मोटर अधिनियम से संबंधित एक वाद नगर उंटारी अनुमंडल से 60 वाद सहित कुल 114 वादों का निष्पादन किया गया। जिसमें 743500 रुपया राजस्व की प्राप्ति हुई।

उक्त अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी अधिवक्ता गण न्यायालय कर्मी पीएलबी सूर्य देव चौधरी राजेश कुमार और पक्षकार उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरायी



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर खरौंधी मुख्य मार्ग पर मकरी ढेकुलिया टोला के समीप शुक्रवार के अहले सुबह एक तेज रफ्तार बाईक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाईक चालक मकरी निवासी अशोक विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ईलाज हेतु तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहाँ आयुष चिकित्सक इंद्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी रास्ते मरीज को घर छोड़कर जा रांची जा रही एक निजी ऐंबुलेंस के चालक ने मानवता की परिचय देते हुए उसे उठाकर स्थानीय सीएचसी लाया, यहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए उसी एम्बुलेंस से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(कल्याण शाखा)**

विज्ञापन संख्या .........................

झारखण्ड सरकार, कल्याण विभाग के संकल्प संख्या 2151 दिनांक 15.7.2015 के आलोक में राँची जिलान्तर्गत संचालित कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों में प्रति घंटी 200/– (दो सौ) रू0 की दर से प्रति कार्य दिवस अधिकतम चार घंटी एवं सप्ताह में 5 कार्य दिवस अध्यापन कार्य करने हेतु Service Procurement के आधार पर शिक्षकों का चयन किया जाना है। इसके लिए योग्यताधारी अभ्यर्थियों से शर्तो के साथ टंकित आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में दिनांक 31.08.2023 के अपराहन 5.00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, राँची समाहरणालय भवन ब्लॉक A, पिन– 834001 में सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किये जाते हैं । अभ्यर्थियों के चयन हेतु आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।

शर्तें एवं पात्रता, रिक्ति तथा आवेदन पत्र का प्रारूप सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग , झारखण्ड के वेबसाईट एवं जिला कल्याण कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण
राँची

PR 303541 Welfare (23-24)_D

# 62वीं जिला स्तरीय सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** खेलो झारखंड 2023-24 के अंतर्गत 62वीं जिला स्तरीय सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा अकाश कुमार के अध्यक्षता में रामासाहू उत्कृष्ट उच्च विद्यालय गढ़वा के मैदान में की गयी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जिले के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार, शंभूदत्त मिश्रा एवं राकेश कुमार पांडे ने बॉल पर किक करके कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की! जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी प्रतियोगिता का प्रारंभ मैच गढ़वा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बरगढ़ प्रखंड के अंडर-17 बालिकाओं के बीच खेला गया जिसमें गढ़वा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने बरगढ़ के बालिकाओं को 1-0 से पराजित कर दिया। वही पर अंडर-17 बालक वर्ग में बरगढ़ प्रखंड के परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय तथा डंडई प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार के बीच खेला गया जिसमें बरगढ़ प्रखंड के परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय 7-0 से विजय हुई, व -14 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओबरा बरडीहा एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय चित विश्राम के बालकों के बीच खेला गया। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओबरा बरडीहा 7-0 से विजयी हुई कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे ने किया इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को सम्मानित करने के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिसके चलते छात्र-छात्राओं की समन्वय स्थापित करने में मदद मिलती है इसमें बच्चों का शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता की वृद्धि होती है ! सभी टीम को जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडे, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद ओम प्रकाश गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, एडमोन कच्छप जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के लिपिक ओम प्रकाश सिंह, उर्दू +2उच्च विद्यालय विद्यालय बांदू-चुतरू के संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, रविंद्र चौबे, नीरज कुमार ,सुनीता कुजुर, विभा रानी, लेखापाल धनंजय कुमार गुप्ता, मानिक चंद गुप्ता सहित सभी लोग उपस्थित थे।

**समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-7,हजारीबाग**

**नीलामी संबंधी निविदा आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–7, हजारीबाग वाहिनी मुख्यालय में उपलब्ध अयोग्य निम्नांकित समानों की नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 21.08.2023 तक निर्धारित की जाती है। अतः इच्छुक निविदादाता दिनांक 21.08.2023 अपराहन तक मुहरबंद लिफाफे में निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे। निविदा खोलने की अंतिम तिथि दिनांक 22.08.2023 के अपराहन समय 12:00 बजे होगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता की उपस्थिति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अनिवार्य है।

1. निविदा में संबंधित फर्म का निबंधन का अद्यतन प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य है।
2. निविदा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्णरूप से सुरक्षित रहेगा तथा अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

| क्र0सं0 | आयोग्य सामग्रियों की सूची | अदद |
|---|---|---|
| 01 | अल्युमिनियम सामग्री | प्रति कि0ग्रा0 |
| 02 | लोहा सामग्री | प्रति कि0ग्रा0 |
| 03 | कपड़ा टेन्ट/त्रिपाल/अन्य | प्रति कि0ग्रा0 |
| 04 | प्लास्टिक सामग्री | प्रति कि0ग्रा0 |
| 05 | काठ का चौकी/फोल्डिंग चारपाई की लकड़ी | प्रति कि0ग्रा0 |
| 06 | हिन्दी टाईप मशीन (गोदरेज) | प्रति पीस |
| 07 | टेबल लैम्प | प्रति पीस |
| 08 | एक्वागार्ड फिल्टर | प्रति पीस |
| 09 | पेडिस्टल पंखा | प्रति पीस |
| 10 | स्टॉप वाच | प्रति पीस |
| 11 | गोदरेज चेयर सी0एच0–04 | प्रति पीस |
| 12 | गोदरेज चेयर पी0सी0एच0–7002 | प्रति पीस |
| 13 | गोदरेज विजिटर चेयर पी0सी0एच0–7003 डी0 | प्रति पीस |
| 14 | गोदरेज स्टील फुल आर्म्स चेयर सी0एच0–1007 | प्रति पीस |
| 15 | गोदरेज मेटल प्रिपेड चेयर एन0पी0सी0–102 | प्रति पीस |
| 16 | सील लोढ़ा | प्रति पीस |
| 17 | फोटो कॉपी मशीन | प्रति पीस |
| 18 | प्रिन्टर | प्रति पीस |

समादेष्टा
झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–7,हजारीबाग

PR 303575 Police(23-24).D

## विधायकों को निलंबन मुक्त किये जाने पर कांग्रेसियों में हर्ष

**गुमला।** कांग्रेस के निलंबित तीन विधायकों को निलंबन मुक्त कर दिए जाने को लेकर गुमला के कांग्रेसियों में खुशी है। इस संबंध में प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह घोषणा स्वागत योग्य है। श्री कुमार ने आशा व्यक्त करते हुए कहा है कि अब ये तीनों विधायक नई उर्जा के साथ काम करेंगे। जिससे संगठन और अधिक सशक्त व मजबूत बन सके। उन्होंने कहा कि निश्चित इन विधायकों की वापसी से लोस चुनाव जीत का रास्ता साफ होगा। खुशी प्रकट करने वालों में महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा, रामनिवास प्रसाद, मुरली मनोहर प्रसाद, अमर प्रदीप कुजूर, बैजनाथ उरांव, कलावती देवी व हिमेश कुमार थे।

## मुहर्रम पर्व को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**भरनो।** मुहर्रम पर्व को लेकर भरनो पुलिस द्वारा शुक्रवार को भरनो मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाली गई। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर श्यामनंद मंडल थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी ने किया। फ्लैग मार्च भरनो ब्लॉक चौक से शुरू होकर, अमनपुर परसा, भरनो बस्ती, मिशन चौक, बाजार टॉड, डोम्बा, लोंगा, पबेया, बरंदा, स्कूल चौक होते हुए पुनः ब्लॉक चौक पहुंच कर समाप्त हुई। मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि मुहर्रम पर्व सभी मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ मनाएं।

## बोलेरो पलटने से एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र भेड़ियापाट के समीप बोलेरो वाहन पलट जाने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर पुलिस के द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में लाकर भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों की देखरेख में घायल का इलाज किया जा रहा है। वहीं एक अन्य को डॉक्टर जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को चैनपुर में लगने वाले सप्ताहिक बाजार से कुछ लोगों को लेकर बोलेरो वाहन राजा डेरा गांव जा रहा था।

## मुहर्रम पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला

**घाघरा।** मुहर्रम पर्व को लेकर घाघरा पुलिस के द्वारा शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान थाना परिसर से फ्लैग मार्च शुरू हुआ सो ब्लॉक चौक, चांदनी चौक, नेतरहाट रोड सहित कई जगहों पर गया। इस दौरान एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार मुहर्रम पर्व को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया है बाकी पर्व की तरह इस पर्व को भी मनाना है। किसी भी तरह का विवाद ना हो इसे ध्यान में रखते हुए पर्व को मनाना है। इस दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा व मोबाइल के जरिए निगरानी की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से आग्रह किया है।

## मुखिया ने पंचायत कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की

**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत सचिवालय में मुखिया बिनीता कुमारी ने पंचायत कर्मियों के साथ शुक्रवार को दिन के एक बजे समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक में पंचायत के कई कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में कई विभाग की समस्या में लिखित आवेदन प्राप्त हुए। राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल हापामुनी, ईचा में शिक्षक की कमी (इंग्लिश, गणित, विज्ञान) स्कूल के शिक्षक के द्वारा बताया गया। राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल हापामुनी में पेयजल की समस्या, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेती में शौचालय की आवश्यकता है।

### राष्ट्रीय तेली महासंगठन करेगा भाजपा का पुतला दहन

# नहीं थम रहा है तेली समाज और भाजपा का विवाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** राष्ट्रीय तेली महासंगठन और भारतीय जनता पार्टी का विवाद दिन-ब-दिन गहराता ही जा रहा है। जहां एक ओर भाजपा के नेताओं ने राष्ट्रीय तेली महासंघ के शीर्ष नेताओं को छुट भैया और सौदेबाज जैसी उपमाओं से संबोधित किया, वहीं राष्ट्रीय तेली महासंगठन भी खुल कर भाजपा के विरोध में उतर चुका है। अखबारी बयानबाजी के बाद अब महासंगठन ने भाजपा का पुतला दहन करने का निर्णय लिया है। कल तक भाजपा का कैडर वोट माने जाने वाला तेली समुदाय फिलहाल बड़े आक्रामक मूड में दिखायी दे रहा है। इस संबंध में राष्ट्रीय तेली महा संगठन ने अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित सूचना देते हुए काली मंदिर के समक्ष भामाशाह चौक पर भारतीय जनता पार्टी का पुतला दहन करने की घोषणा की है। इस पुतला दहन का कारण बताया गया है कि प्रदेश भाजपा के कई नेताओं प्रदेश के नेताओं के इशारे पर गुमला जिला के भाजपा नेताओं ने तेली समाज के शीर्ष नेताओं को अपमानित किया है, जिससे पूरा समाज आहत और अपमानित महसूस कर रहा है। भाजपा के विरोध में उतरने के बाद तेली महा संगठन का रुख किधर होगा, यह तो समय ही तय करेगा, लेकिन अभी तक राष्ट्रीय तेली महा संगठन के इस तीखे तेवर का कोई भी असर भाजपा में पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। राष्ट्रीय संगठन के जिलाध्यक्ष दिलीप नीलेश का कहना है कि जब तक तेली भाजपा का कैडर वोटर था, हम सभी लोग अच्छे थे आज जब हम लोग तेलियों के हक और अधिकार की बात कर रहे हैं हम सब आज सौदेबाज और मौकापरस्त हो गये। अगर भाजपा का नजरिया ऐसा है, तो हम तेली समाज के लोग भाजपा के साथ नहीं हैं।

# तीन परिवार के 20 लोगों ने सरना धर्म में की वापसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बसिया।** प्रखंड के कुम्हारी झापाटोली गांव में तीन परिवार के 20 लोगों ने ईसाई धर्म से सरना धर्म स्वीकार कर लिया। धर्म वापसी का यह मामला काफी चर्चा में है। प्राप्त जानकारी अनुसार झापा टोली निवासी 55 वर्षीय लच्छू उरांव पिता दाले उरांव, बिरसा उरांव एवं मुनी उरांव और तीनों के परिवार के कुल 20 सदस्यों ने स्थानीय पहान पुजार को आवेदन देकर ईसाई धर्म से सरना धर्म में शामिल करने का आवेदन दिया जिसके बाद गांव में पहान पुजार के द्वारा विधिपूर्वक अनुष्ठान कर सभी लोगों का ईसाई धर्म से सरना धर्म में वापसी कराया गया। पहान को दिये आवेदन में लच्छू उरांव बिरसा उरांव एवं मुनी उरांव एवं उनके परिवारिक सदस्यों ने कहा कि तीनो परिवार के सदस्य भूल चूक, अंधविश्वास के कारण अपना मूल धर्म सरना से भटक कर ईसाई धर्म अपना लिये थे। लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ और धर्म के बारे जानकारी प्राप्त होने के बाद ईसाई धर्म से तीनों परिवार के सभी सदस्य स्वेच्छा से पुनः सरना धर्म मे ग्रामीणों के बीच घर वापसी किये। इस मौके पर झारंखंड प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, भाजपा नेता सह जनजाति हित रक्षा आयाम जिला सदस्य गुमला के दिनेश लकड़ा, जनजाति हित रक्षा आयाम जिला संयोजक गुमला के सोनामणि उरांव, समाजसेवी सोमेश्वर उरांव, ननकू उरांव, बंदी उरांव, सीताराम उरांव, कृष्णा साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, शिवकुमार, विश्व हिंदू

## मनायी जायेगी नागपुरी साहित्यकार स्व. नहन की पुण्यतिथि

**गुमला।** सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच गुमला इकाई के तत्वधान में 29 जुलाई को जिला मुख्यालय गुमला में नागपुरी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार रहे स्वर्गीय सहनी उपेंद्र पाल नहन की दूसरी पुण्यतिथि मनाई जायेगी। पुण्यतिथि कार्यक्रम 29 जुलाई, दिन शनिवार को सुबह के 8 बजे से प्रारंभ होकर 9 बजे तक गुमला के कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास आयोजित की गयी है। पुष्पांजलि कार्यक्रम में स्थानीय कवि, कलाकार, साहित्यकार व इस क्षेत्र से जुड़े प्रबुद्ध जनों से भी कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के अलावे कई कवि, कलाकार, साहित्यकार भाग लेंगे।

## झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ गुमला जिला की बैठक एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय गुमला के सभागार में अयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता सचिव रामानुज शर्मा ने की। बैठक में नवनियुक्त माध्यमिक शिक्षकों के स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित करने पर विचार किया गया। बैठक में शिक्षक संघ से डॉ कृष्ण कुमार, प्रमोद कुजूर, संजय लकड़ा, सुनील टोप्पो, अशोक कुमार साहु, रामचन्द्र साहु, जयन्त कुमार पांडेय, सोनाली त्रिपाठी, फैजयाब आलम, बिनीत नन्द,अनुराग गुंजन सहित जिले के वरिष्ठ शिक्षक सम्मिलित रहे। बैठक में नवनियुक्त माध्यमिक शिक्षकों का अभिनन्दन समारोह दिनांक 19 अगस्त को एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय गुमला में दस बजे से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सम्मान समारोह आयोजित करने हेतु आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें डॉ कृष्ण कुमार, प्रमोद कुजूर, संजय लकड़ा, सुनील टोप्पो, अशोक कुमार साहु, रामचन्द्र साहु, जयन्त कुमार पाण्डेय, सोनाली त्रिपाठी, फैजयाब आलम, बिनीत नन्द, अनुराग गुंजन को सफलता पूर्वक कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेवारी दी गयी।

## बसिया में करंट लगने से युवक की मौत

**बसिया। थानांतर्गत केदली निवासी 30 वर्षीय तेलेस्फोर केरकेट्टा की बिजली करंट लगने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को तेलेस्फोर खेती करने हेतु बिजली का तार को अपने खेत में ले गया था और वही उसे कार्य करने के दौरान बिजली तार से करेंट लग गया और उसकी मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना के बाद मुखिया मंगलेश्वर उराँव समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि मृतक के घर जाकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। जनप्रतिनिधियों ने घटनास्थल का भी मुआयना किया।**

# चैनपुर में विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर जिप सदस्य मेरी लकड़ा की अध्यक्षता में शानिवार को एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त के बजाय 12 अगस्त को मनाने का फैसला लिया गया। जीप सदस्य मेरी लकड़ा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस बार 12 अगस्त को भव्य रूप से आदिवासी दिवस मनाया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री रामेश्वर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत विधायक भूषण तिर्की, नेहा शिल्पी तिर्की, चमरा लिंडा सहित कई आदीवासी नेता शामिल होंगे वहीं कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर आदीवासी एकता मंच के द्वारा कमिटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मेरी लकड़ा, ओलिभा कांता कुजूर, एवं प्लादियुस टोप्पो को चुना गया वहीं अध्यक्ष अनुप संजय टोप्पो सचिव अल्बर्ट तिग्गा, सहसचिव बोनीफास कुजूर कोषाध्यक्ष लेवनार्ड खलखो एवं सह कोषाध्यक्ष प्रमोद खलखो को चुना गया। वहीं सलाहकार के रूप में सुशील दीपक मिंज, मधुरा मिंज, शोभा देवी को चुना गया वहीं अध्यक्ष अनुप संजय टोप्पो ने बताया कि इस बार आदीवासी एकता मंच के द्वारा चैनपुर के बारवे खेल मैदान में सामूहिक रूप से आदिवासी दिवस मनाया जायेगा। तथा उसमें स्थानीय जन प्रतिनिधि गणमान्य के साथ बाहर से आगंतुक अतिथि हमारे साथ शामिल होंगे।

तथा समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमारा मार्गदर्शन करेंगे इस बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख प्रमोद खलखो कांग्रेस जिला सचिव अल्बर्ट, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, जनावल मुखिया प्रियंका असुरके साथ समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

## सिसई के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक रांची गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिसई।** प्रदेश स्तरीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने प्रखंड के सभी स्वयंसेवक शुक्रवार को रांची रवाना हुए। इस बाबत सचिव इफ्तेखार अहमद ने बताया कि प्रदेश स्तरीय स्वयंसेवक संघ अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर 21 दिनों से धरना पर बैठे हैं। बीते 8 जुलाई से लगातार राजभवन के समीप पांच सूत्री मांग को लेकर स्वयंसेवकों का निश्चित वेतनमान लागू करने, स्वयंसेवकों का स्थाईकरण करने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने, 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल से मुख्यमंत्री की मुलाकात, स्वयंसेवकों का समायोजन करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में बैठे हुए हैं। धरना प्रदर्शन के 20 दिन बीत जाने के बावजूद झारखंड की सरकार स्वयंसेवकों की मांग पर कोई निर्णय नहीं लेने और मांग को लेकर प्रदेश स्तरीय स्वयंसेवक प्रतिनिधि मंडल से सरकार मुलाकात नही करने को लेकर 21 वें दिन झारखंड राज्य के सभी स्वयंसेवक शुक्रवार को विधानसभा घेराव का कार्यक्रम रखा गया है।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

**गुमला।** जसपुर रोड स्थित करौंदी मेला बगीचा के समीप सड़क किनारे खड़े होकर फोन में बात कर रहे बर्री टांड गांव निवासी 40 वर्षीय अख्तर खान पिता अली हसन खान को एक ट्रक पीछे से टक्कर मार दिया। घटना में व्यक्ति के कमर और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी। वहीं स्थानीय लोगों ने ट्रक को पकड़ कर कब्जे में रखा है। बताया जाता है कि घायल व्यक्ति बसिया से अपने घर बर्री टांड लौट रहा था तभी किसी का फोन आने पर सड़क किनारे खड़ा होकर वह बात कर रहा था तभी यह घटना घटी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को कॉल किया जिसके बाद सदर अस्पताल में घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है।

## कुएं में गिरी बेटी को बचाने के क्रम में पिता की मौत

**गुमला।** सिसई रोड स्थित संत इग्निसियुस स्कूल के समीप कुएं में पानी भरने के दौरान पैर फिसलने से 16 वर्षीय सीजल तिर्की गिर गई पिता रणधीर तिर्की उसे बचाने के लिए कुआं में छलांग लगा दिया इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सिजल को रस्सी के सहारे कुएं से बाहर निकाला गया जबकि उसके पिता को रस्सी से बाहर निकालने के क्रम में एक ईंट गिरने से व सिर में गंभीर चोट लगने से पिता की मौत हो गई तत्काल दोनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां सीजल का इलाज चल रहा है वही डॉक्टर ने जांच के बाद पिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं सदर अस्पताल में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## युवक ने केरोसिन डाल कर लगायी आग

**गुमला।** पत्नी से किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद लक्ष्मण नगर निवासी 28 वर्षीय राजकुमार सिंह पिता जागेश्वर सिंह ने अपने शरीर में मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली जिसके बाद गंभीर स्थिति में परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है घटना के बारे में युवक ने बताया किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया तभी घर में रखे किरोसीन तेल को अपने शरीर में डालकर माचिस मार कर आग लगा लिया। शरीर में तेज जलन होने के बाद शर्ट को फाड़ कर फेंक दिया और बाल में लगी आग को बाल्टी के पानी में डालकर बुझाया।

## कार्तिक उरांव महाविद्यालय में नामांकन के मामले को लेकर छात्र नेताओं ने रखा अपना पक्ष

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय में नामांकन शुरू करने की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने गुरुवार को महाविद्यालय के गेट को ताला जड़ दिया जिसके बाद सड़क पर उतरकर आंदोलन करने लगे मामले को लेकर सदर थाना इंस्पेक्टर मनोज कुमार कॉलेज पहुंचकर छात्रों को समझाने का प्रयास किए लेकिन छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे जिसके बाद थाना प्रभारी व एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने महाविद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों के साथ कार्यालय में बैठकर मसले पर वार्ता की वार्ता के बाद आंदोलन कर रहे छात्रों को समझाया गया जिसके बाद करीब 3:00 बजे सड़क से जाम हटाया गया वहीं छात्रों ने मामले को लेकर परिसदन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसके बाद छात्र एसडीओ रवि जैन से उनके कार्यालय कक्ष में वार्ता की और मामले की जानकारी देते हुए छात्र हित में महाविद्यालय में नामांकन शुरू करने की मांग की। वही महाविद्यालय के गेट पर अनिश्चितकालीन तालाबंदी व प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया।

## पति ने पत्नी को पीट-पीट कर मार डाला

**गुमला।** सदर थाना अंतर्गत फोरी पंचायत के बड़ा पसंगा गांव में पति लाखों उरांव ने अपनी 45 वर्षीय पत्नी लुली देवी को पीढ़ा से सिर पर अंधाधुंध वार कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही पत्नी की मौत हो गई घटना की जानकारी मिलने के बाद गुमला थाना की पुलिस गांव जाकर महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना गुरुवार की शाम 7:00 बजे की है। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि लाखों उरांव अक्सर शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता था और शराब पीने के लिए पैसे की मांग करता था। जिसका वह विरोध करती थी। गुरुवार की शाम भी वह शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर रहा था। जिसका विरोध करने पर सामने रखे पीढ़ा से अंधाधुन उसके सिर में वार कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## कर्ण सत्यार्थी ने नये उपायुक्त का प्रभार लिया




**गुमला।** गुमला जिले के 36वें उपायुक्त के रूप में कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। आईटीडीए भवन स्थित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के कार्यालय कक्ष में निवर्तमान उपायुक्त सुशांत गौरव एवं नवपदस्थापित उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हुए प्रभार सौंपने तथा ग्रहण करने की प्रक्रिया पूर्ण की। मौके पर नव पदस्थापित उपायुक्त ने कहा कि गुमला जिले में विकास के कार्यों को धरातल पर लाना मेरी पहली प्राथमिकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निवर्तमान उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा जिले में प्रारंभ किये गये विभिन्न विकास कार्यों को नियमित रूप से आगे बढ़ाया जायेगा। इसके साथ ही जिले में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को मूर्त रूप देने का भी प्रयास किया जायेगा। वहीं निवर्तमान उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने हर क्षेत्र में विकास करने का प्रयास किया है एवं जिले को राष्ट्र स्तर पर पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नव पदस्थापित उपायुक्त जिले की पहचान को बनाए रखेंगे एवं जिले के विकास को एक नया आयाम देंगे। इसके साथ ही उन्होंने जिले वासियों एवं पदाधिकारियों के सहयोग और प्यार के लिए सहृदय धन्यवाद दिया। इस दौरान उप विकास आयुक, परियोजना निदेशक आईटीडए एसडीओ सदर, अपर समाहर्ता सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी मौजूद रहें।

### कार्यक्रम : भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

# रंग-बिरंगे परिधानों में उत्साहित नजर आये बच्चे

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में भारतीय संस्कृति और अपनी सभ्यता को मूर्त रूप देने के लिए फैंसी ड्रेस समारोह का आयोजन किया गया। यहां क्लास प्री नर्सरी से सेवन तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिव शंकर, राधा कृष्ण, भारत माता, डॉक्टर, माता सरना माता, किसान, आर्मी, इंजीनियर, परी, चाचा नेहरू, शिक्षक बने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सब का मन मोह लिया। समारोह में सभी बच्चे ही बड़े ही आकर्षक के रूप में सजकर आए थे, जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

### प्रतियोगिता में इन बच्चों ने लिया भाग

प्री नर्सरी में ब्युटी बेक, शिवम कुमार, रुद्र चिक बड़ाइक, नर्सरी में आस्था दुबे, श्रुति दिया, सोनाक्षी कुमारी, इशिका भगत, अर्थ भगत, शौर्य कुमार, आर्यन मुंडा, एल के जी मे हर्षवर्धन सिंह, वंश कुमार, परी कुमारी, निमिष गुप्ता, अनुज गुप्ता, वेद गुप्ता, संकेत जैसवाल, अनुष गुप्ता, यूकेजी में तक्ष गुप्ता, अनंत किशोर केरकेट्टा, आराध्या कुमारी, क्लास प्रथम में कौस्तुभ भास्कर, आलिया रिद्धि, विराट कुमार, क्लास द्वितीय में कृत साहू, रूही कुमारी, परिधि कुमारी, तेजस सिन्हा अनामिका कुमारी, क्लास तृतीय में मौसमी कुमारी, आर्या बारा, प्राची कुमारी, सौरभ कुमार, क्लास फोर में सावन भगत, वंशिका गुप्ता, तरुणा कुमारी, अभय कुमार क्लास फाइव में माही मिंज, हर्षिका कुमारी, प्रिंस सिंह, क्लास सिक्स में सुहानी, आभा गुप्ता, संज्ञा गुप्ता क्लास सेवन में कोमल कुमारी, पुष्पा कुमारी, एनिक भगत क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान रहे।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनकी रही अहम भूमिका

**कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने शिवम मिश्रा, रुचिका, निशा कुमारी, रीता देवी,अर्जुन कुमार, सिद्धार्थ दीक्षित, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, संध्या, प्रियंका सहाय, सुभद्रा देवी, फुलेश्वरी सिंह, सपना कुमारी, आशा टोप्पो शिक्षकों और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।**

## भरदा में सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के भरदा गांव के समीप दो कार की सीधी भिड़ंत में कार चालक बरगी डांड निवासी 30 वर्षीय सबदर खान पिता खलील खान गंभीर रूप से घायल हो गया घटना में उसके एक पैर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी। गस्ती कर रहे पीसीआर की पेट्रोलिंग पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जिसके बाद एसआई कुंदन कुमार वर्मा घायल युवक को लेकर सदर अस्पताल आए। वहीं घटना के बाद कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में घायल युवक ने बताया रांची से वापसी के क्रम में भरदा के समीप विपरीत दिशा से आ रही कार से सीधी भिड़ंत हो गई जिसके बाद में घायल हो गया।

## झारखंड सरकार की गलत नीतियों का कॉलेज कर्मियों ने किया विरोध

**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज के गेट के पास शुक्रवार को वित्त रहित शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ झारखंड प्रदेश के आह्वान पर झारखंड सरकार की गलत नीतियों का जोरदार विरोध किया गया। जिसका नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य अजय प्रसाद साहू ने किया। हाथ में तख्ती लेकर कॉलेज के कर्मचारी सरकार से मांग कर रहे थे कि वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करो। इंटर कॉलेज का अधिग्रहण करो। घाटा अनुदान चालू करो। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रोफेसर उपेंद्र कुमार सिंह, मनु देव, प्रतिमा कुमारी, निकिता कुमारी , किरण कुमारी श्री विशाल सिंह, भोला मेहता, सुदामा प्रसाद, अभिमन्यु कुमार सिंह, मनु मेहता, मिथिलेश कुमार सिंह, पार्वती कुंवर, सविता देवी, मीना देवी, फुलवा देवी आदि सम्मिलित थे।

### आरोप : पति, सास, ससुर और ननद समेत कई लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**घर के छत पर फंदे से सहारे लटकता मिला शव, जांच शुरू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/पलामू।** सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह गांव के कथित रूप से दहेज के लिए 22 वर्षीय विवाहित महिला की हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान सिंधु देवी के रूप में हुई है। उसका शव छप्पर के कंडी में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटकता हुआ पाया गया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची सतबरवा पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे कब्जे में लेकर अंतर परीक्षण के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। घटना गुरुवार की दोपहर दो बजे की बताी जा रही है। मृतका का पांच महीने का एक बच्चा भी है। जबकि उसका पति पिछले तीन महीने से चेन्नई में मजदूरी करने गया हुआ है। मृतका का मायका हुसैनाबाद के चौखडा में है। इधर, जानकारी मिलते ही मृतका की मां सरिता देवी ने सतबरवा थाना में दहेज के लिए हत्या कर शव को खुदकुशी दिखाने के लिए छप्पर के कंडी में लटका देने का आरोप लगाते हुए उसके पति सतेंद्र साव, सास कौशल्या देवी, ससुर तीलक साव, ननद तेतरी देवी समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। मृतका के चाचा बिगन साव व फुफा जितेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 21 मई 2021 को एक लाख नगद व एक बाइक के अलावा अन्य सामान देकर पूरे धूमधाम से हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सत्येंद्र साव से सिंदु देवी का विवाह किया था। विवाह के बाद से ही सिंधु के ससुराल वाले और दो लाख रुपए की मांग कर रहे थे। चार महीना पहले ही सिंधु के पति सतेंद्र साव को 20 हजार रुपया दिया गया था। इसके बावजूद भी इन लोगों के व्यवहार में परिवर्तन नहीं आया। दहेज के बाकी रकम के लिए लगातार सिंदु को प्रताड़ित किया जा रहा था। इस बीच दो महीने पहले भी गर्म हसुंआ से ससुराल वालों ने सिंदु के ललाट पर दाग दिया था। जिसके बाद सतबरवा थाना में शिकायत की गई। तब वहां पर पुलिस ने दोनों पक्षों को बुला कर समझौता करवा दिया था। अंततः इन लोगों ने दहेज के लिए लड़की को मार दिया और आत्महत्या दिखाने के लिए कंडी में रस्सी के सहारे टांग दिया। हम लोगों को इस घटना की सूचना गुरुवार की शाम पांच बजे दमाद ने फोन करके दिया था। दूसरी ओर, सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि लड़की के मायका वालों से आवेदन मिला है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रहा है। पर पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

# अन्य सिंचाई योजनाओं का भी होगा जीर्णोद्धार: कमलेश सिंह

**जहाजी नदी से निकलने वाली पइन के जीर्णोद्धार का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के दर्जनों गांव के किसानों की भूमि सिंचित करने वलवली जहाजी नदी पाइन के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास हैदरनगर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विमलेश सिंह, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह व प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने संयुक्त रूप से किया। इसमें विधायक कमलेश कुमार सिंह भी ऑनलाइन शामिल हुए। इस पइन के जीर्णोद्धार हो जाने से नौडीहा, बिलासपुर, भीखा बिगहा, चौकड़ी, बहेरा, बिंदु बिगहा, हैदरनगर व भाई बिगहा गांव के किसानों के खेतों की सिंचाई होगी। इस अवसर पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किसानों व ग्रामीणों को ऑनलाइन संबोधित किया। कहा कि सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए किसानों के आग्रह पर उन्होंने जहाजी नदी से निकलने वाली पइन के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया। किसानों को लगातार सुखाड़ का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए किसानों के आग्रह पर जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का काम आगे भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता की एक-एक समस्या का वह समाधान कर रहे हैं। किसानों व ग्रामीणों द्वारा जिस कार्य को कराने का आदेश उन्हें मिलता है, उसे टीम भेज कर निरीक्षण कराने के बाद योजनाओं की स्वीकृति दिलाने का काम वह करते है। इस मौके पर नौडीहा गांव के ग्रामीण व किसानों के अलावा, हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हैदरनगर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, उदित सिंह, दिलीप पाल, विनीत सिंह, विनोद सिंह, अजय सिंह, भोला सिंह, प्रमोद प्रजापति, हंसराज सिंह और शिव प्रसाद रजवार आदि उपस्थित थे।

# अभिभावक और शिक्षक के सकारात्मक प्रयास से होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास : कृष्णकांत दूबे

**जपला सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के सदस्य सत्येंद्र चंदेल व प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में कक्षा अष्टम से दशम तक के विद्यार्थियों के पठन-पाठन एवं उज्जवल भविष्य से संबंधित विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी अभिभावक विद्यालय के व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए। अभिभावकों द्वारा विद्यालय के हित में अनेक सुझाव दिए गए। इस गोष्ठी में 73 अभिभावक उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के चरित्र उसके व्यक्तित्व को निखारती है। आज अपने बच्चों की सजगता ही उनके कल को सुनहरा बनाएंगी। दुनिया को बदलने की तमन्ना हो तो सबसे पहले खुद को बदलना होगा। वहीं, सदस्य सत्येन्द्र चंदेल ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चे के पहले शिक्षक होते हैं। उनका सहयोग बच्चे की पढ़ाई और विकास को प्रभावित करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश्वर सिंह यादव, रंजीत मिश्र, शशि कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय सिन्हा, हर्षदा चौबे, दीपक पांडेय, सुनील कुमार, मृत्युंजय प्रसाद, प्रचार-प्रसार प्रमुख अभिषेक पाठक आदि का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

# बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुस्लिम गांवों का किया दौरा, ताजिया कलाकारों को किया पुरस्कृत



इंतजामिया कमेटी के साथ बसपा नेता राजन मेहता व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने शुक्रवार को विश्रामपुर नगर परिषद के कई मुस्लिम गांवों का दौरा किया। उन्होंने सभी मुस्लिम गांवों के ताजिया सिप्पड़ का अवलोकन किया और ताजिया बनाने वाले कलाकारों को उन्होंने अपने हाथों से पुरस्कृत भी किया। इस क्रम में मुहर्रम इंतजामिया कमेटियों ने भी बसपा नेता को सम्मानित किया। राजन मेहता ने कहा कि मुहर्रम असत्य पर सत्य के जीत का संदेश देता है। इस संदेश को समझते हुए आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मानने की जरूरत है। वैसे भी मिलजुलकर मनाने से किसी भी पर्व का महत्व बढ़ जाता है। इस मौके पर बसपा के गढ़वा जिला अध्यक्ष सुनील गौतम, बसपा नेता राजेंद्र राम,नाइमुदिन अंसारी, डॉ साबिर अंसारी, हेसामुदीन अंसारी, आशिक अंसारी, अख्तर अंसारी, रसूल मिस्त्री, मुनीफ अंसारी, एसुफ अंसारी, इम्तियाज अंसारी, नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

## जमीन विवाद में दो पक्षो में मारपीट, 9 घायल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत मिरहियाडीह (अहमदनगर) गांव में जमीन विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों ओर से कुल नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के डॉ शिव प्रसाद मेहता, आलोक कुमार और संजू देवी, जबकि दूसरे पक्ष के अरुण मेहता, सुनील मेहता, शीला देवी, संतोष मेहता, रंजय कुमार और संजय मेहता शामिल है। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। जिसमें आलोक कुमार को प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया हैं। वहीं, डॉ शिव प्रसाद मेहता ने बताया कि उनकी खरीद की गई भूमि पर कुछ लोग जबरन कब्जा करना चाहता है। वहीं दूसरे पक्ष ने नये सर्वे के आधार पर उस भूमि पर काबिज होना चाहता हैं। नये सर्वे में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी हुई हैं। इससे क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। इस घटना की सूचना दोनों पक्षों ने हुसैनाबाद थाना में दे दी हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

## जिप सदस्य ने नवपदस्थापित डीसी का किया स्वागत




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू के नव पदस्थापित डीसी शशि रंजन से शुक्रवार को हुसैनाबाद उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें बुके देकर स्वागत किया। राजू मेहता ने कहा कि नए डीसी से क्षेत्र के अधूरे विकास कार्य को पूरा करने में अहम योगदान की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास में प्रशासनिक पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए डीसी की सकारात्मक प्रशासनिक व्यवस्था से हुसैनाबाद क्षेत्र का समूचित विकास होगा।

# पलामू के 104वें डीसी के रूप में शशि रंजन ने दिया योगदान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के 104 वें डीसी के रूप में शशि रंजन ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान डीसी आंजनेयुलु दोड्डे से पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीसी ने नए डीसी को शुभकामनाएं दी। वहीं, नये डीसी शशि रंजन ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का बेहतर प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित विकासात्मक योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित रखना और उसे समय पर पूर्ण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह सहित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक आनंद सहित आदि थे।

# नये डीसी ने समाहरणालय में विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**पदाधिकारियों और कर्मियों को दिया आवश्यक निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नये डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय भवन में अवस्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भ्रमण किया। उन्होंने ब्लॉक **ए** व **सी** के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। डीसी ने कार्यरत सभी कार्यालयों के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक मो शकील सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान डीसी ने बारी-बारी से सभी कार्यालयों में पहुंचकर कार्यों के बारे में जानकारी ली। संबंधित कार्यालय में कार्यरत प्रधान लिपिक एवं अन्य कर्मियों से निष्पादित किए जाने वाले कार्य के बारे में विस्तार से जाना। प्रत्येक कार्यालय प्रधान से बात करते हुए मैन पावर की उपलब्धता, कार्य का बंटवारा और कार्य निष्पादन में किसी तरह की समस्या तो नहीं आ रही इसके बारे में भी जाना। डीसी ने विभिन्न कार्यालयों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में कार्यालय प्रधान और कर्मियों से संक्षिप्त चर्चा करते हुए कहा कि जो भी कार्य हैं उनका समय पर निष्पादन करें। उन्होंने संचिकाओ को बेहतर व व्यवस्थित ढंग से रखने पर बल दिया। पुराने अभिलेखों को सुरक्षित रखने की बात कही। ब्लॉक सी में गंदगी देख नाराजगी प्रकट करते हुए विशेष साफ-सफाई कराए जाने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिया।

## दरुआ मध्य विद्यालय में पाठ्य पुस्तक का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के दरुआ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार को स्कूली बच्चों के बीच निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार व शिक्षकों की उपस्थिति में पुस्तकों का वितरण कर उसकी उपयोगिता एवं महत्व पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही पुस्तक वितरण के दौरान बच्चों को प्रोत्साहित कर उनका हौसला भी बढ़ाया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि सरकार की योजना के अनुसार कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों को निःशुल्क किताबों का वितरण किया जाना है। उसी कड़ी में दरुआ उत्तर-मध्य विद्यालय की ओर से छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक मुहैया कराई गयी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क पुस्तक उपलब्ध कराना सराहनीय प्रयास है। इधर, पाठ्य पुस्तक मिलने से बच्चों में उत्साह दिखा।

## स्पोर्ट्स

**तेजस तिवारी**

उत्तराखंड के पांच साल के तेजस तिवारी शतरंज वैश्विक संचालन संस्था फिडे की रेटिंग हासिल करने वाले विश्व के सबसे युवा खिलाड़ी बन गया है। उसकी फिडे स्टैंडर्ड रेटिंग 1149 है।

### रचा इतिहास : 4 साल तीन महीने में खेला पहला टूर्नामेंट

# उत्तराखंड का पांच साल का तेजस फिडे रेटिंग हासिल कर बना विश्व का सबसे युवा खिलाड़ी

एजेंसी



**चेन्नई।** उत्तराखंड के पांच वर्षीय तेजस तिवारी शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे की रेटिंग हासिल करने वाले विश्व के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनकी फिडे स्टैंडर्ड रेटिंग 1149 है। फिडे के अनुसार, तेजस ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में पहली दिवंगत धीरज सिंह रघुवंशी ओपन फिडे रेटिग शतरंज टूर्नामेंट के दौरान अपनी पहली रेटिंग (1149) हासिल की। मात्र साढ़े तीन साल की उम्र में अपने परिवार के सदस्यों को खेलते हुए देखकर तेजस की शतरंज में रुचि जगी। उन्होंने चार साल की उम्र में जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलना शुरू किया था और जल्द ही वह राज्य के बाहर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शिरकत करने लग गए। बतातें चलें कि तेजस ने चार साल और तीन महीने की उम्र में अपना पहला फिडे रेपिड टूर्नामेंट खेला था। उन्होंने 2022 में उत्तराखंड राज्य ओपन टूर्नामेंट के अंडर आठ वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। तेजस को कोचिंग देने वाले उनके पिता शरद तिवारी ने कहा कि वह हल्द्वानी के दीक्षांत इंटरनेशल स्कूल में यूकेजी में पढ़ता है और दिन में दो से तीन घंटे अभ्यास करता है। उसका लक्ष्य एक दिन ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन बनना है। वहीं, फिडे ने ट्विटर पर लिखा, तेजस तिवारी सबसे कम उम्र के फिडे रेटिंग हासिल करने वाले खिलाड़ी हैं। वह पांच साल के हैं और उनकी रेटिंग 1149 है।

# फामूर्ला-1 इलेक्ट्रिक कार ने बनाया गिनिस वर्ल्ड रिकॉड

एजेंसी



**लंदन।** मैकलारेन फॉर्मूला ई टीम के रेसर जैक ह्यूज ने गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। ह्यूज ने लंदन की एक बिल्डिंग के अंदर महिंद्रा रेसिंग के रेसर लुकास डी ग्रासी को हराया और 218 कीमी की स्पीड दर्ज की। इंडोर सबसे ज्यादा स्पीड का रिकॉर्ड 168 प्रति घंटा था, जो फरवरी 2021 में दर्ज किया गया था।

### ह्यूज और लुकास के बीच था मुकाबला

ह्यूज और लुकास के बीच एबीबी एफआईए फॉर्मूला ई वर्ल्ड चैंपियनशिप में मुकाबला हुआ। फॉर्मूला ई रेस के लिए क्वालीफाइंग में 'ड्यूल्स' प्रारूप में यह जोड़ी आमने-सामने थी। इसका आयोजन यह देखने के लिए किया गया था कि कौन जेनबेटा कार का उपयोग करके, केवल 346 मीटर सीधे रेस ट्रैक पर सबसे फास्ट स्पीड सेट कर सकता है। डि ग्रासी ने 218.18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़कर ह्यूज को कड़ी टक्कर दी।

# कोशियार हुसैनी यंग कमेटी ने मिलादुन्नबी का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** मुहर्रम की संध्या पर कोशीयर हुसैनी यंग कमेटी की ओर से मस्जिद में मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। जिसमें शहाद-ए-हुसैन जिक्रो आसार किया गया। जिसका संचालन हाफिज जमालुद्दीन ने किया। वहीं आस मोहम्मद, सैय्यद मोहम्मद रजा व सैय्यद सजायत हुसैन ने शहिदे कर्बला पर एक से बढकर एक नात पढी। जबकि मुफ्ती जाकिर हुसैन मिस्बाही ने कर्बला की वाक्यात पर रोशनी डाली। फातहा ख्वानी के बाद लंगर का भी इन्तजाम हुसैनी यंग कमेटी की ओर से किया गया। कार्यक्रम के सफल बनाने में हुसैनी यंग कमेटी के सदर गुलाम सरवर, सचिव मंजर अंसारी, खजांची गुलाम मुस्तफा, अकरम अंसारी, मोबारक अंसारी, एकबाल अंसारी, आफताब अंसारी, सहारे हुसैन, महबूब आलम, वसीम अकरम आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाकपा माले के संस्थापक कॉमरेड चारू मजुमदार का शहादत दिवस मनाया गया



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले के संस्थापक कॉमरेड चारू मजुमदार का 51वां शहादत दिवस एग्यारकुंड प्रखंड के जुनकुदर एवं बसंतीमाता में शुक्रवार को मनाया गया। इस दौरान पार्टी के झंडोत्तोलन किया गया और कॉमरेड चारू मजुमदार के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद राज्य कमिटि सदस्य नागेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलायी। मौके पर प्रखंड सचिव मनोरंजन मलिक,नागेन्द्र कुमार,लक्ष्मीनारायण दास, सत्येंद्र चौहान, मुन्ना चौहान, राजू चौहान, लालबाबू रजक, जमाल अंसारी, नगेन महतो, मानिक मंडल, निरंजन लायक, प्रदीप पासवान, कुंदन भुईया, देशनारायण मांझी, ललिता, पारो, सुमन, सोनवा उपस्थित थे।

### भारत की जनवादी नौजवान सभा और बीसीसीएल प्रबंधन के बीच हुई वार्ता



**झरिया (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा और बीसीसीएल के लोदना कोलियरी परियोजना पदाधिकारी के साथ पूर्व में दिये गये 20 सूत्री मांगों को लेकर वार्ता हुई। प्रबंधन ने सकारात्मक पहल कर निदान करने का आश्वासन दिया। लोदना में परियोजना विस्तारीकरण से प्रभावित इलाकों में हैवी ब्लास्टिंग से घरों में पड़े दरारों को अविलंब ठीक कराना, हैवी ब्लास्टिंग पर रोक जैसे समस्याओं पर प्रबंधन द्वारा निदान करने का आश्वासन दिया गया। वार्ता में परियोजना पदाधिकारी, कार्मिक प्रबंधक, कार्मिक अभियंता, नौशाद अंसारी, प्रजा पासवान, नीरज पासवान, कुंदन पासवान, विनोद धारी, सूरज पासवान, शिव पासवान, बिट्टू कुमार, अर्जुन, संजय पासवान, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद तामिर और कई साथी उपस्थित थे।

### बीजीएच में अब थेरेपी मॉड्यूल और इजीजी के साथ कंप्यूटरीकृत स्पीच एनालाइजर की सुविधा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मरीजों की बेहतर देखभाल और उपचार में सतत उन्नयन के क्रम में बोकारो स्टील प्लांट द्वारा संचालित बोकारो जनरल हॉस्पिटल (बीजीएच) के इएनटी (नाक, कान, गला) विभाग में स्पीच एंड हियरिंग थेरेपी मॉड्यूल और इलेक्ट्रोग्लोटोग्राफी (इजीजी) के साथ एक कंप्यूटरीकृत स्पीच एनालाइजर मशीन स्थापित किया गया है। इसका उद्घाटन बीजीएच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीबी करुणामय ने अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति में किया।

### विधायक ढुल्लू के प्रयास से मवेशी मालिक को बीसीसीएल प्रबंधन ने दिये एक लाख



**महुदा (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों हाईटेंशन तार की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत के बाद बाघमार विधयक ढुल्लू महतो के प्रयास से मवेशी के मालिक को बीसीसीएल प्रबंधक ने मुआवजे के तौर पर एक लाख देने पर सहमति जताई, जिसके बाद शुक्रवार को विधायक ढुल्लू महतो ने महुदा के एरिया ऑफिस स्थित गेस्ट हाउस में मवेशी के मालिक रामजी यादव को स्वयं अपने हाथों से मुआवजे के तौर पर राशि सौंपी गयी। इस बीच विधायक सहित पंचायत के प्रतिनिधियों में अजय दास, पूर्व मुखिया संपद घोसाल, भाजपा महुदा मंडल महा मंत्री विकाश अग्रवाल, रोमी वर्णवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### अंतर सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जल सदन बना विजेता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चिन्मय विद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में आज सातवी से दशवीं तक कि कक्षा के लिए अंतर सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जल सदन एवं वायु सदन के बीच हुये संघर्ष मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। जल सदन ने वायु सदन को 19 के मुकाबले 11 से अंको से हराया और फाइनल जीता। जल सदन के यशस्वी को उसके शानदार प्रदर्शन के लिए उसे मैन ऑफ द टूर्नामेंट एवम बालिका वर्ग में कृतिका को बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया। इस मैच में संजीव सिंह, प्रांजल सैकिया, प्रत्यूष सिंह, ललिता, अमर कुमार ने निर्णायक की सफल रही।

### पतंजलि परिवार ने मनाया सावन महोत्सव



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार गिरिडीह की बहनों द्वारा सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन रेड क्रॉस भवन गिरिडीह में संध्या 4 बजे से किया गया। मुख्य अतिथि आरके महिला कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ पुष्पा सिन्हा, विशिष्ट अतिथि डॉ आरती बर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रमिला मेहरा, अधिवक्ता सुनीता शर्मा अधिवक्ता प्रीति सिन्हा वनांचल कॉलेज की प्रोफेसर उमा वर्मा, वार्ड पार्षद आरती गुप्ता सशक्त महिला संस्थान के अध्यक्ष नीतू शोला थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोशल मीडिया जिला प्रभारी पुष्पा शक्ति, भारत स्वभिमान की महामंत्री प्रेमलता अग्रवाल, योग शिक्षिका सपना रॉय, रेखा सिन्हा, आशा चौरसिया, लक्ष्मी छाया, सीमा देवी, प्रमिला सिन्हा थीं। मौके पर निर्मला देवी, सावित्री सरण, जोशी कुमारी, मधु गुप्ता, ललिता बरनवाल, पुष्पलता त्रिवेदी, रेखा तर्वे, सीमा लाल, सीमा देवी, ममता प्रेमलता, सुनीता बरनवाल, सुनीता घोष, मृदुला देवी, सुपर्णा मुखर्जी, नीतू साहू, रंजना देवी, रिंकू अग्रवाल, संजना देवी आशा सहाय, मीना सिंह, उषा बरनवाल, स्वाति गुप्ता मौजूद थीं।

# विश्वकर्मा परियोजना में नये आउटसोर्सिंग का भूमि पूजन

**लगभग 300 लोगों को मिलेगा रोजगार, असंगठित मजदूरों में भी हर्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** कुसुंडा एरिया छह अंतर्गत विश्वकर्मा परियोजना में शुक्रवार को नये आउटसोर्सिंग का भूमि पूजन कांग्रेस नेता हर्ष सिंह की मां पुष्पा सिंह ने किया। भूमि पूजन के बाद एक डोजर, एक पोकलेन और एक वोल्वो से कार्य शुरू कर दिया गया। मौके पर एकलव्य सिंह, आदर्श सिंह, राजकुमार राजभर, रिंकू सिंह, राजा यादव, राजेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, सुभाष शर्मा सहित धनसार कोलियरी पीओ जीके मेहता एवं प्रबंधक संजय कुमार थे।

बता दें कि यह आउटसोर्सिंग 22.6 हेक्टेयर मे काम करेगी। इस परियोजना से बीसीसीएल को 233 करोड़ रुपये का मुनाफा होगा, जबकि इस प्रोजेक्ट की प्राक्कलन राशि 193 करोड़ तय की गयी है। यहां कोयला उन्नत वाशरी फोर ग्रेड का कोयला निकलेगा। इस परियोजना की अवधि 39 माह का है, जिसमें 23 लाख 81 हजार मैट्रिक टन कोयला और 115.5 लाख क्यूबिक मीटर ओबी का खनन किया जायेगा।

इस परियोजोना के चालू होने से लगभग तीन सौ से अधिक लोगों को रोजगार भी मिलेगा। वहीं उत्पादन कोयला मिलने से ट्रक लोडिंग करने वाले असंगठित मजदूरों मे भी हर्ष है।

# बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे डॉ लंबोदर महतो

**कहा : अनुमंडल बेरमो जिला बनने की रखता है पूरी अर्हता**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेरमो।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन परिसर में बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने की मांग को लेकर धरना दिया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि इस विषय को वह कई मौके पर सदन में व सदन के बाहर उठा चुके हैं। यह मांग लोग लंबे समय से कर रहें हैं। इस विषय को लेकर कई लोग बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले गत 26 जुलाई से बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट से पदयात्रा प्रारंभ कर चुके हैं, पदयात्रा कर रहे लोग मुख्यमंत्री आवास आकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी मांग को रखेंगे। डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि बेरमो अनुमंडल (मुख्यालय तेनुघाट) राज्य का सबसे पुराना अनुमंडल है। बेरमो अनुमंडल हर दृष्टिकोण से जिला बनने की की सभी अहर्ता रखता है। इससे कम जनसंख्या तथा प्रखंड वाले अनुमंडल भी जिला बन चुका है, किंतु बेरमो अनुमंडल के जिला नहीं बनने से लाखों व्यक्तियों को प्रशासनिक, राजस्व व विकास संबंधी कार्यों में काफी कठिनाइयों का सामना कर रहा है।

# संदिग्ध परिस्थिति में मिला अधेड़ का शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** आदर्श नगर शिमलाबहाल में एक दो मंजिला बीसीसीएल क्वार्टर के पास कतरास मोड़ के 53 वर्षीय गोपाल प्रसाद शर्मा का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला है। सूचना पाकर बोरागढ़ पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। मृतक का शव एक विधवा महिला के घर के सामने पाया गया, जबकि उस महिला के घर में ताला लगा हुआ था। बताया जाता है कि गोपाल की इस महिला के साथ काफी घनिष्ठता थी। इधर सूचना पाकर मृतक का पुत्र शन्नी शर्मा सहित उसके अन्य स्वजन शिमलाबहाल पहुंच शव की शिनाख्त की।

बोरागढ़ ओपी प्रभारीमनीष कुमार का कहना है कि शव के शरीर पर चोट का निशान नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद ही पूरा मामला सपष्ट हो पायेगा। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

# आजीविका के अवसरों का निर्माण करेंगे : अशोक गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** डालमिया भारत फाउंडेशन के सीइओ अशोक के गुप्ता ने कहा कि डालमिया भारत फाउंडेशन में हम समावेशी विकास को बढ़ावा देने तथा हमारी सेवा पाने वाले समुदाय में सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए समर्पित हैं। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के साथ हमारा सहयोग हमारे नजरिये के बिलकुल अनुरूप है, जैसा कि हम कौशल विकास के माध्यम ग्रामीण इलाकों की युवा प्रतिभा को सशक्त बनाने का प्रयास करते हैं। क्यूएसआर उद्योग में वृद्धि और रोजगार के भारी अवसर उपलब्ध हैं और हमारे अखिल-भारतीय दीक्षा केंद्र उनकी क्षमता को सामने लाने के साथ ही सीखने के केंद्र के तौर पर काम करेंगे। हम मिलकर न केवल स्थायी आजीविकाओं के अवसरों का निर्माण करेंगे, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में राष्ट्र के आर्थिक विकास में भी योगदान करेंगे।

इस अवसर पर जुबिलेंट भरतिया ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट और हेड-सीएसआर विवेक प्रकाश ने कहा कि, जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन में हम युवा लोगों (पुरुष और महिला) को कार्यबल में उनकी सफलता के लिए जरूरी कौशल विकसित करने के समान अवसर प्रदान करने के प्रति वचनबद्ध हैं। हमारा नया प्रशिक्षण पाठ्यक्रम इस वृद्धिशील उद्योग में नौकरी पाने के लिए युवाओं को आवश्यक कौशल प्रदान करेगा। क्यूएसआर में अग्रणी, जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड और प्रशिक्षण साझीदार डालमिया भारत फाउंडेशन के सहयोग से आरंम्भ किया गया। क्यूएसआर उद्योग एक वृद्धिशील उद्योग है। इसमें कुशल कर्मचारियों की भारी मांग है। इस अनुभव से युवाओं को अपनी सॉफ्ट स्किल्स, जैसे कि टीम वर्क, संवाद, और समस्या-समाधान विकसित करने में मदद मिलेगी। इन कुशलताओं से उन्हें अपनी आजीविकाओं के लिए एक मजबूत बुनियाद तैयार करने में भी मदद मिलेगी।

# मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**27 थाना और 2 ओपी में रहेगी विशेष निगरानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसके लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक तथा अपर जिला दंडाधिकारी ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। जिला नियंत्रण कक्ष 29 जुलाई 2023 के सुबह 6 बजे से 30 जुलाई के सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा। इसके अलावा सभी थाना में मोबाइल टीम मौजूद रहेगी। वहीं जिले के 27 थाना क्षेत्र एवं 2 ओपी क्षेत्र में विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरती जाएगी। जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर 0326-2311217, 0326-2311807, 100 है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी जिला नियंत्रण कक्ष प्रभारी रहेंगे।

**चिरकुंडा, कुमारधुबी व गलफरबाड़ी में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च :** मुहर्रम को लेकर चिरकुंडा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह, कुमारधुबी ओपी प्रभारी संदीप यादव, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी अशफाक आलम के नेतृत्व में पूर्व संध्या पर चिरकुंडा थाना से लेकर तालडागा, कुमारधुबी टेंपो स्टैंड, मैथन मोड़, शिवली बाड़ी क्षेत्र होते हुए गलफरबाड़ी ओपी तक फ्लैग मार्च निकाल तीनों थानों के पुलिस ने शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की। इस मौके पर श्रीनिवास सिंह, कमलेश यादव, घासीराम माडी, दीपक सोरेन, वीरश तिग्गा, संजय मुंडा, शंकर दयाल मेहता, बिरसा उरांव इत्यादि उपस्थित थे।


## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### कार्यालय: जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला

**आम सूचना**

गुमला जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या– 02 रा0(विभाग), दिनांक– 04.05.2023 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्ड के पंचायतों में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। माह– अगस्त 2023 में आयोजित होने वाले विशेश पशु चिकित्सा शिविर हेतु पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं की चिकित्सा, बध्यिाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ्य जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। शिविर का समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे निर्धारित है। शिविर स्थल पर कोरोना से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं मास्क अवश्य लगावें।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम/दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्ड– कामडारा | | | | |
| 1 | कोनसा | मुरूमकेला | 01.08.2023 | डॉ0 अवनीन्द्र कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, कामडारा (9431104983) |
| 2 | सालेगुटू | सालेगुटु(चंदा टोली) | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 3 | सुरहु | सुरहु | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 4 | टुरूण्डु | बेंगदा बड़का टोली | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 5 | रामपुर | रामपुर | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 6 | रेड़वा | रेड़वा | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 7 | सरीता | पीमपी | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 8 | कुलबुरू | कुलबुरू | 24.08.2023– 25.08.2023 | |
| प्रखण्ड– बसिया | | | | |
| 9 | कोनबीर | गुड़ाम | 01.08.2023 | डॉ0 सूर्यवंष ठाकुर, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बसिया (9431396407) |
| 10 | तेतरा | सोलंगबीरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 11 | कलिगा | कलिगा | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 12 | आरया | आरया | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 13 | ईटाम | ईटाम | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 14 | तुरबुंगा | तुरबुंगा | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 15 | मोरेंग | पतुरा | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 16 | ओकबा | ओकबा | 23.08.2023– 24.08.2023 | |
| 17 | ममरला | ममरला | 25.08.2023– 26.08.2023 | |
| 18 | पोकटा | पोकटा | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| 19 | लुंगटू | लुंगटू | 31.08.2023– | |
| प्रखण्ड– पालकोट | | | | |
| 20 | बाघिमा | बाघिमा | 01.08.2023 | डॉ0 कविता बाला टुटी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, पालकोट (9709041400) |
| 21 | बागेसेरा | बागेसेरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 22 | दक्षिणी पालकोट | हरिजन मोहल्ला | 05.08.2023– 06.08.2023 | |
| 23 | उत्तरी पालकोट | गांधीनगर | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 24 | उमड़ा | उमड़ा | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 25 | बिलिंगबिरा | बिलिंगबिरा | 13.08.2023– 14.08.2023 | |
| 26 | कुल्लुकेरा | कुल्लुकेरा | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 27 | बंगरू | बंगरू | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 28 | नाथपुर | सतखारी | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 29 | तपकारा | तपकारा | 23.08.2023– 24.08.2023 | |
| 30 | झिकिरमा | झिकिरमा | 25.08.2023– 26.08.2023 | |
| 31 | टेंगरिया | टेंगरिया | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| प्रखण्ड– डुमरी | | | | |
| 32 | खेतली | पंचायत भवन | 01.08.2023 | डॉ0 रूपामनी मिंज, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डुमरी (8084136098) |
| 33 | करनी | पंचायत भवन | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 34 | मझगाँव | पंचायत भवन | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 35 | जैरागी | पंचायत भवन | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 36 | अकासी | पंचायत भवन | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 37 | जुरमू | पंचायत भवन | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 38 | उदनी | पंचायत भवन | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| प्रखण्ड– जारी | | | | |
| 39 | शिशिकरमटोली | कांड़ी | 25.08.2023– 26.08.2023 | डॉ0 रूपामनी मिंज, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डुमरी (8084136098) |
| 40 | जरडा | हरिहरपुर | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| 41 | मेराल | मेराल | 25.08.2023– 26.08.2023 | डॉ0 धर्मरक्षित विद्यार्थी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चैनपुर (8709949039) |
| 42 | सोकरी | सोकरी | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| 43 | गोबिन्दपुर | गोबिन्दपुर | 31.08.2023 | |
| प्रखण्ड– बिशुनपुर | | | | |
| 44 | निरासी | बनालात | 01.08.2023 | डॉ0 मीनू खलखो, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बिशुनपूर (7739348172) |
| 45 | घाघरा | लापु | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 46 | नरमा | चटकपुर | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 47 | बिशुनपुर | रेहेटोली | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 48 | सेरका | सेरका | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 49 | चिंगरी | चिंगरी | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 50 | चिरोडीह | ओरेया | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 51 | हेलता | जेहनगुटवा | 24.08.2023– 25.08.2023 | |
| प्रखण्ड– घाघरा | | | | |
| 52 | रूकी | अजियातु | 01.08.2023 | डॉ0 अरूण उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, घाघरा (9934566365) |
| 53 | आदर | इटकिरी | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 54 | सेहल | सेहल बरटोली | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 55 | शिवराजपुर | शिवराजपुर | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 56 | बेलागड़ा | हालमाटी | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 57 | कोहीपाठ | कोहीपाठ | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 58 | डुको | पुटो | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 59 | नवडीहा | गम्हारीया | 01.08.2023 | डॉ0 सीमा एक्का, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, घाघरा (9006087716) |
| 60 | देवाकी | कोयमाटी | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 61 | सरांगो | सरांगो नवाटोली | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 62 | चपका | बनसरी | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 63 | कुगाँव | कुगाँव | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 64 | घाघरा | घाघरा | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 65 | अरंगी | अरंगी | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| प्रखण्ड– सिसई | | | | |
| 66 | घाघरा | गम्हरिया | 01.08.2023 | डॉ0 अभिनव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सिसई (9934566365) |
| 67 | पुसो | निजमा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 68 | शिवनाथपुर | पंडरानी | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 69 | सिसई | सिसई | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 70 | बोण्डों | मादा | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 71 | पंडरिया | जमगाई | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 72 | लरंगो | लरंगो | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 73 | भुरसो | पहामू | 01.08.2023 | डॉ0 स्मृति तिर्की, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सिसई (7294166795) |
| 74 | कुदरा | कुदरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 75 | नगर | नगर | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 76 | लकेया | लकेया | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 77 | रेड़वा | बिरकेरा | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 78 | मुर्गू | कागता | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 79 | ओलमुण्डा | कोडेकेरा | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| प्रखण्ड– भरनों | | | | |
| 80 | डोम्बा | अल्गोरी | 01.08.2023 | डॉ0 विजय भारती, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भरनों (9431393487) |
| 81 | दुम्बो | जूरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 82 | तुरीअम्बा | तुरीअम्बा | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 83 | भरनो(उ0) | पंडरनी | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 84 | करौंदाजोर | लोन्डरा | 01.08.2023 | डॉ0 अमरेष नारायन सिन्हा, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भरनों (9430767353) |
| 85 | सूपा | रिपीनलोंगा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 86 | अमलिया | खरका | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 87 | मारासिल्ली | मड़गाँव | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| प्रखण्ड– गुमला | | | | |
| 88 | तेलगाँव | तेलगाँव | 01.08.2023 | डॉ0 अजय कुमार सिन्हा, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, गुमला (9430361122) |
| 89 | सिलाफारी | भारदा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 90 | फसिया | फसिया | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 91 | अरमई | उर्मी | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 92 | कुम्हरिया | कुम्हरिया | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 93 | असनी | असनी | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 94 | घटगाँव | लट्ठाटोली | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 95 | डुमरडीह | डुमरडीह | 23.08.2023– 24.08.2023 | |
| 96 | खोरा | भकुआटोली | 25.08.2023– 26.08.2023 | |
| 97 | मुरकुण्डा | मुरकुण्डा | 28.08.2023– 29.08.2023 | |
| 98 | अम्बोआ | सुरसुरिया | 31.08.2023 | |
| 99 | फोरी | फोरी | 01.08.2023 | डॉ0 मयूर कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टोटो (7070118645) |
| 100 | नवाडीह | डुम्बरटोली नवाडीह | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 101 | बसुआ | बसुआ डीपा टोली | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 102 | आंजन | आंजन | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 103 | कोटाम | कोटाम | 23.08.2023– 24.08.2023 | डॉ0 अरूण उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, घाघरा (9934566365) |
| 104 | खरका | खरका | 25.08.2023– 26.08.2023 | |
| 105 | कतरी | कतरी | 28.08.2023 | |
| प्रखण्ड– रायडीह | | | | |
| 106 | सिकोई | सिकोई | 01.08.2023 | डॉ0 तेज नारायण गुरू, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, रायडीह (8002471594) |
| 107 | परसा | परसा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 108 | नवागढ़ | नवागढ़ | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 109 | केमटे | केमटे | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 110 | कांसिर | कांसिर | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 111 | सुरसांग | बिरकेरा | 01.08.2023 | डॉ0 रेखा टेरेसा कुजूर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चेकपोस्ट, रायडीह (9431751860) |
| 112 | कोंडरा | कोंडरा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 113 | कोब्जा | कोब्जा | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 114 | जरजट्टा | जरजट्टा | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| प्रखण्ड– चैनपुर | | | | |
| 115 | कातिंग | टोंगो | 01.08.2023 | डॉ0 धर्मरक्षित विद्यार्थी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, चैनपुर (9431326476) |
| 116 | बेन्दोरा | हर्रा | 03.08.2023– 04.08.2023 | |
| 117 | बारडीह | सिविल | 07.08.2023– 08.08.2023 | |
| 118 | बामदा | सरगाँव | 10.08.2023– 11.08.2023 | |
| 119 | मालम | डहुड़गाँव | 16.08.2023– 17.08.2023 | |
| 120 | छिछवानी | छिछवानी | 18.08.2023– 19.08.2023 | |
| 121 | जनावल | लोरम्बा | 21.08.2023– 22.08.2023 | |
| 122 | बरवेनगर | भेलवाताला | 23.08.2023– 24.08.2023 | |

नोटः– अपरिहार्यवश निर्धारित तिथि में शिविर का आयोजन नहीं होने पर स्थानीय पशुचिकित्सक द्वारा प्रचार–प्रसार कर अगली तिथि की सूचना दी जायेगी।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
गुमला

PR 303514 Animal Husbandry (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### मणिपुर मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

नयी दिल्ली। मणिपुर मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को होने वाली सुनवाई टल गयी। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच को करनी थी, लेकिन वे तबीयत खराब होने के चलते शुक्रवार को कोर्ट नहीं आये। इस वजह से जस्टिस चंद्रचूड़ और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच के सामने लंबित मामलों की सुनवाई नहीं हो सकी।

### आइफोन के लिए आठ महीने की बच्ची को बेचा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के एक दंपति ने अपनी आठ महीने की बच्ची को दो लाख रुपये में बेच दिया। दोनों ने इन पैसों से एक आइफोन खरीदा। बचे हुए पैसों से उन्होंने समुद्र बीच पर हनीमून मनाया। आसपास के लोगों के मुताबिक दंपति जब हनीमून से वापस आये, तो उनके साथ बच्ची नहीं थी। करीब एक-डेढ़ महीने तक बच्ची दिखायी नहीं दी, तो लोगों को शक हुआ कि कपल ने बच्ची के साथ कुछ गलत तो नहीं किया। लोगों ने पुलिस को इस मामले की सूचना दी। पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया है।

### शिवपाल के तेवर देख बैकफुट पर लखनऊ पुलिस

लखनऊ। लखनऊ में देर रात पुलिस ने सपा नेता शिवपाल यादव के निजी सचिव अंकुश शर्मा को चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। पुलिस को अंकुश की गाड़ी से एक संदिग्ध पैकेट मिला था। इसके बाद अंकुश को पुलिस गौतमपल्ली थाने लायी और पूछताछ करने लगी। इसकी जानकारी होने पर शिवपाल यादव समर्थकों के साथ थाने पहुंच गये और हंगामा कर दिया। शिवपाल ने कहा कि अंकुश को तुरंत छोड़ दो, नहीं तो यहां भीड़ बढ़ती जायेगी। इसके बाद शिवपाल अंकुश को लेकर चले गये। मामले पर अब भाजपा शिवपाल पर हमलावर है।

### मिशन-80 के लिए भाजपा का माइक्रो प्लान

लखनऊ। 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। एक तरफ भाजपा सभी 80 सीटों पर विस्तारक तैयार कर रही है, तो दूसरी तरफ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब इस चुनाव से पहले भाजपा पहली बार उन आठ लाख लोगों के लिए भी ट्रेनिंग सेशन शुरू करने जा रही है जो जिम्मेदार पदों पर बैठे हैं। उन्हें इस बात की ट्रेनिंग दी जायेगी कि आखिर उनकी जनता के प्रति जो जवाबदेही है, उसे कैसे पूरा करना है।

# भुवनेश्वर एम्स ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में देश भर में अलग ब्रांड बनाया है : पंत

- स्वास्थ्य मंत्रालय के ओएसडी सुधांश पंत ने एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया
- रोगियों और उनके रिश्तेदारों के साथ बातचीत करता है
- एम्स की दशकों की यात्रा की समीक्षा की, सभी आवश्यक समर्थन का आश्वासन दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** अपने पहले दशक की यात्रा में एम्स भुवनेश्वर ओड़िशा के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में काफी योगदान दे रहा है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के ओएसडी सुधांश पंत ने कहा कि इसने देश में एक नया ब्रांड बनाया है और अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को एक रास्ता दिखाया है। श्री पंत ने शुक्रवार को अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं और रोगी देखभाल सेवाओं का आकलन करने के लिए एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान श्री पंत ने मरीजों से बातचीत की। संकाय सदस्यों के साथ चर्चा की और अस्पताल के भीतर विभिन्न उन्नत उपचार सुविधाओं का दौरा किया।

एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने ओएसडी श्री पंत का राष्ट्रीय संस्थान में स्वागत करते हुए उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। मरीजों के साथ बातचीत के दौरान सुधांश पंत ने उनकी भलाई के लिए अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें प्राप्त स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में उनकी प्रतिक्रिया को ध्यान से सुना। उन्होंने मरीजों को दयालु और प्रभावी चिकित्सा देखभाल प्रदान करने में अस्पताल के कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। इसके अलावा श्री पंत ने संकायों के साथ सार्थक चर्चा की और यह सुनिश्चित करने के लिए उनके समर्पण और कड़ी मेहनत को स्वीकार किया कि एम्स भुवनेश्वर चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में सबसे आगे बना रहे। उन्होंने संकाय सदस्यों को रोगियों को लाभ पहुंचाने और देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में योगदान देने के लिए चिकित्सा ज्ञान और कौशल को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

ओएसडी ने एम्स भुवनेश्वर में विभिन्न उन्नत उपचार सुविधाओं का दौरा किया और जटिल चिकित्सा स्थितियों के निदान और उपचार में उपयोग किये जाने वाले अत्याधुनिक उपकरणों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों से प्रभावित हुए। उन्होंने मरीजों के परिणामों को बेहतर बनाने में इस तरह की प्रगति के महत्व को पहचाना और स्वास्थ्य देखभाल में नवाचार को अपनाने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता की सराहना की। एम्स भुवनेश्वर के दौरे के आलोक में सुधांश पंत ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में संस्थान के योगदान के लिए अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्र और पड़ोसी क्षेत्रों के लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के समर्पण के लिए एम्स भुवनेश्वर की सराहना की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ओएसडी का दौरा एम्स भुवनेश्वर जैसे संस्थानों को समर्थन और मान्यता देने की सरकार की प्रतिबद्धता की याद दिलाता है जो देश में स्वास्थ्य सेवा के मानक को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंत्रालय ऐसे संस्थानों की निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां बता दें कि श्री पंत इस महीने की 31 तारीख से केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव का पदभार संभालेंगे। दौरे के दौरान डीन डॉ पीआर महापात्र, डॉ सत्यजीत मिश्रा, डॉ सौभाग्य जेना, चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रभास रंजन त्रिपाठी, डीडीए रवि प्रकाश, एसएओ रस्मी रंजन सेठी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# गेहूं और चावल के अधिशेष स्टॉक को बेचा जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर के उप महाप्रबंधक (वाणिज्य) ने बताया कि गेहूं की बाजार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए खुले बाजार में इ-नीलामी द्वारा ओपन मार्केट सेल स्कीम (घरेलू) के तहत भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से गेहूं और चावल के अधिशेष स्टॉक को बेचने का निर्णय लिया गया है। एफसीआइ द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार एफसीआइ ओड़िशा क्षेत्र के 9 केंद्रों से 4000 मीट्रिक टन गेहूं ई-नीलामी के लिए पेश किया गया है। योजना के तहत गेहूं की बिक्री एफसीआइ द्वारा आटा मिलर्स/ गेहूं उत्पादों के निमार्ताओं/ प्रोसेसरों/ गेहूं के अंतिम उपयोगकर्ताओं के माध्यम से खाद्यान्न जारी करने के लिए हर हफ्ते शुक्रवार को की जायेगी।

प्रत्येक साप्ताहिक नीलामी में एक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में एक पैन नंबर के बदले एक बोली में अधिकतम 100 मीट्रिक टन गेहूं की अनुमति दी जायेगी। बोली के लिए इएमडी सोमवार शाम 6 बजे तक जमा की जानी है, जिसके लिए नीलामी उसी सप्ताह बुधवार को आयोजित की जायेगी।

# टाटा स्टील मेरामंडली और ढेंकनाल पुलिस के सहयोग से सड़क और स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर, नरेंद्रपुर।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) के सुरक्षा विभाग और ढेंकनाल जिला पुलिस के सहयोग से बरसात के मौसम के दौरान अपने कर्मचारियों और जनता की सड़क और स्वास्थ्य सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कंपनी के मुख्य द्वार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-55 पर एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य मानसून के मौसम में सड़कों के महत्व और स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस अभियान का शुभारंभ बिभूतिभूषण महापात्र उप-मंडल पुलिस अधिकारी ढेंकनाल; सबिता पात्र स्टेशन हाउस अधिकारी कंटाबनिया पुलिस स्टेशन; अभय चरण साहू विशेष पुलिस अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग पेट्रोलिंग ढेंकनाल; प्रकाश संजय सुरक्षा प्रमुख टाटा स्टील कलिंगनगर और टीएसएम अभिषेक शर्मा सुरक्षा प्रमुख टीएसएम, दिव्या हासराय सीएसआर प्रमुख टीएसएम और टीएसएम के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

इस अभियान में चालकों, यात्रियों, कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करना और सुरक्षा पर्चे और नुक्कड़ नाटकों के वितरण जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। बरसात के मौसम में सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने के महत्व पर दर्शकों को सचेतन करने के लिए शुक्रवार को एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक बारिश के मौसम में सुरक्षित ड्राइविंग, उचित वाहन फिटनेस बनाये रखने और अन्य वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह अभियान एक सप्ताह तक जारी रहेगा। इसके अलावा यह अभियान मानसून से संबंधित स्वास्थ्य मुद्दों जैसे सांप काटने, डेंगू, मलेरिया, जल जनित बीमारियों और इन समस्याओं से सुरक्षित रहने के बारे में भी जागरूकता पैदा करेगा। यह अभियान प्रबंधन क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए टीएसएम द्वारा किये गये प्रयासों का हिस्सा है।

# एमसीएल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को 10 इ-वाहन प्रदान किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कचरा संग्रहण के लिए संबलपुर नगर निगम को 10 इलेक्ट्रिक वाहन प्रदान किये हैं, जो सीएसआर के तहत पर्यावरण-अनुकूल स्वच्छता अभियान को प्रोत्साहित करने के अलावा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की अपनी तरह की एक अनूठी पहल है। गुरुवार शाम संबलपुर नगर निगम आयुक्त वेदभूषण, भाप्रसे और महाप्रबंधक (सिविल/सीएसआर) एमसीएल आरके पाणिग्रही ने इन इ-वाहनों को सर्वाजनिक सेवा के लिए हरी झंडी दिखायी। भारत में शहरी क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन लंबे समय से एक गंभीर चुनौती रही है। खासकर पश्चिमी ओड़िशा के सबसे पुराने शहर जैसे संकीर्ण गलियों और उप-गलियों वाले छोटे शहरों में हैं। नगर पालिका द्वारा सामना किये जा रहे इस गंभीर मुद्दे के समाधान और नगर निगम क्षेत्र में टिकाऊ और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन के इस विचार को वास्तविकता में बदलने के लिए एमसीएल संबलपुर जिला प्रशासन का समर्थन करने के लिए आगे आया।

एमसीएल ने सीएसआर पहल के तहत 45 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी, जो दस बैटरी चालित वाहनों (बीओवी) की खरीद को सक्षम करेगा, जिसका उपयोग घर-घर कचरा संग्रहण के लिए किया जायेगा, जो पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

इन इलेक्ट्रिक-वाहनों की शुरुआत एसएमसी क्षेत्र के लिए अपशिष्ट प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसका लक्ष्य पारंपरिक वाहनों से जुड़े कार्बन पदचिह्न को कम करने के अलावा, सबसे चुनौतीपूर्ण गलियों से कचरे का समय पर संग्रह सुनिश्चित कर-के कचरा मुक्त वातावरण प्राप्त करना है।

लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए तीन स्व सहायता समूहों की महिलाआएं एमसीएल द्वारा सीएसआर के तहत प्रदान किये गये इ-वाहनों का संचालन और प्रबंधन करेंगी, जिसका उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। नगर पालिका क्षेत्र के लगभग 85,000 घरों में निवासरत लगभग चार लाख निवासी इस स्वच्छता और हरित पहल से लाभान्वित होंगे।

# आइएएस में आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला का उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (सोआ) द्वारा संचालित कृषि विज्ञान संस्थान (आइएएस) में मंगलवार को एक आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद ने कहा कि प्रयोगशाला का उपयोग आधुनिक जीव विज्ञान में उपयोग की जाने वाली अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में अधिक जानने के लिए किया जायेगा। इस अवसर पर आइएएस डीन प्रो संतोष राउत, सलाहकार प्रो विजय साहू, आइटीइआर के निदेशक प्रो मानस मल्लिक, छात्रमंगल डीन प्रो ज्योति रंजन दास, अतिरिक्त डीन प्रो प्रियब्रत पटनायक, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख प्रोज्ञान रंजन राउत उपस्थित थे।

# एमसीएल जागृति महिला मंडल ने फुलझरण आश्रम की बालिकाओं को वस्त्र प्रदान किये




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** जागृति महिला मंडल ने सदैव की भांति आई जेक सांतरा बाल निकेतन (फुल झरण) में पहुंच कर वहां की बालिकाओं से मुलाकात की एवं उनसे कुशल क्षेम जाना। इसी दौरान मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह ने बालिकाओं से अति स्नेहपूर्वक बातचीत करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मंडल की उपाध्यक्ष सरिता पटेल, रश्मि बेहूरा तथा अंजली बापट ने आत्मीय भाव से अध्यक्ष एवं सदस्याओं के साथ मिल कर समर्पण परियोजना के तहत बालिकाओं को जरूरत के वस्त्र प्रदान किये।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**